छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
दिसम्बर, 2024 सत्र

गुरुवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>प्रदेश में संचालित शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पतालों में फायर सेफ्टी की व्यवस्था</u>

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

1. (*क्र. 645) श्री धर्मजीत सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने पंजीकृत शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पताल संचालित हैं, विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अस्पतालों में फायर सेफ्टी हेतु क्या-क्या प्रावधान हैं एवं फायर सेफ्टी नहीं होने की स्थिति में क्या कार्यवाही करने का प्रावधान हैं, विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के अस्पतालों में कब-कब फायर सेफ्टी आडिट कराया गया हैं एवं जिन अस्पतालों में फायर सेफ्टी की उचित व्यवस्था नहीं हैं, उनके विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई हैं, विवरण देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) प्रदेश में नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत गैर शासकीय अस्पतालो की संख्या 1129 है। इस एक्ट में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को पंजीकृत किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। **(ख)** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग की अधिसूचना दिनांक 29 नवम्बर 2022 के अनुसार ऐसे भवन जिसकी उचाई 9 मीटर से अधिक हो या जिनमें भूतल एवं दो उपरी मंजिले हो या 30 से अधिक बिस्तर वाले हो या जिनमें कोई क्रिटिकल केयर यूनिट हो, को फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र नहीं होने की स्थिति में संस्था के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 की धारा 9 के अंतर्गत अनुज्ञा पत्र का निरस्तीकरण अथवा निलंबन एवं अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत दण्ड और जुर्माने का प्रावधान है। शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। **(ग)** वर्तमान में फायर सेफ्टी ऑडिट प्रक्रियाधीन है। अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने के पूर्व प्रत्येक संस्थाओं में जिले स्तर पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत गठित समिति द्वारा निरीक्षण किया जाता है तत्पश्चात् अनुज्ञा पत्र जारी किया जाता है।

<u>''हमर क्लिनिक'' निर्माण हेतु राशि का आबंटन</u>

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

2. (*क्र. 113) श्री राजेश मूणत : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या अतारांकित प्रश्न संख्या- 25 (क्र. 480), दिनांक 24 जुलाई, 2024 के उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि 15 वें वित्त आयोग द्वारा राशि आबंटन प्राप्त न होने के कारण छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन द्वारा बनाये जा रहे ''हमर क्लिनिक'' अधूरे पड़े हैं और कार्य रूके हुए हैं? **(ख)** यदि हां, तो प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अधूरे पड़े ''हमर क्लिनिक'' को पूर्ण करने हेतु राज्य शासन की क्या योजना है? यदि नहीं तो क्यों?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी हां। **(ख)** मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य

मिशन छ.ग. का पत्र क्रमांक /15th FC/लेखा/ 2024-25/291/276, दिनांक 10.05.2024 द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से लंबित राशि के मांग हेतु भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया गया है। राशि आबंटन की स्थिति में पूर्ण करने की योजना है।

जिला-राजनांदगांव अंतर्गत सामग्री एवं उपकरण क्रय

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

3. (*क्र. 631) श्री भोलाराम साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023 -24 से दिनांक 25/11/2024 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा कौन-कौन सी सामग्री एवं उपकरण जेम पोर्टल से कितनी लागत से क्रय किये गये हैं ? क्रय किए गए सामग्री एवं उपकरण की निविदा दर क्या है? विवरण देवें? **(ख)** क्या क्रय से पूर्व अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थानों से मांग पत्र लिया गया है एवं सी.जी.एम.सी से एनओ सी प्राप्त की गयी है? सामग्री एवं उपकरण क्रय हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को क्या वित्तीय अधिकार दिए गए हैं, कृपया बताएं।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र** अनुसार'' है। **(ख)** जी हाँ। सामग्री एवं उपकरण क्रय हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शासन द्वारा रू. एक लाख तक प्रति इंडेन्ट का वित्तीय अधिकार दिये गये हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

प्रदेश में घटित नक्सली घटनाएं

[गृह]

4. (*क्र. 160) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जुलाई, 2024 से 24 नवम्बर, 2024 की अवधि में प्रदेश में कितनी नक्सली घटनाएं एवं नक्सली पुलिस मुठभेड़ की घटनाएं किस-किस जिले के, किस-किस थाना क्षेत्र में हुई? जानकारी घटनावार, तिथिवार देवें? **(ख)** नक्सली घटनाओं एवं मुठभेड़ों में सुरक्षाबल के कितने जवान शहीद हुए? कितने घायल हुए? कितने नागरिक क्रॉस फायरिंग में तथा नक्सलियों द्वारा मारे गए? कितने नक्सली मारे गए? कितने नक्सली गिरफ्तार किए गए? **(ग)** मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों पर राज्य पुलिस/केन्द्रीय सुरक्षा एजेन्सियों द्वारा घोषित इनाम की जानकारी देवें? **(घ)** उक्त घटनाओं में क्या-क्या अस्त्र-शस्त्र, बारूद बरामद हुए? विवरण देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कुल 142 नक्सली घटनाएं हुई हैं जिसमें पुलिस नक्सली मुठभेड़ की 35 घटनाएं शामिल है। घटित नक्सली घटनाओं (मुठभेड़ सहित) की घटनावार-तिथिवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** 01 जुलाई 2024 से 24 नवम्बर 2024 की अवधि में प्रदेश में घटित नक्सली घटनाओं एवं मुठभेड़ों में पुलिस एवं सुरक्षाबल के 05 जवान शहीद एवं 34 जवान घायल हुए हैं। उक्त अवधि में माओवादियों द्वारा 24 आम नागरिकों की हत्या की गई है। क्रास फायरिंग में कोई भी आम नागरिक नहीं मारा गया है। नक्सली घटनाओं एवं मुठभेडों में 76 नक्सली मारे गये एवं 338 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। **(ग)** मुठभेड़ मे मारे गये नक्सलियों के विरूद्ध राज्य पुलिस/केन्द्रीय सुरक्षा एजेन्सियों एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित ईनाम राशि की जानकारी **पुस्तकालय** में **रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** उक्त घटनाओं में नक्सलियों से बरामद हथियार एवं विस्फोटक सामग्रियों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

जिला निर्माण समिति दंतेवाड़ा अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत सड़क

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

5. (*क्र. 129) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला निर्माण समिति,दंतेवाड़ा अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत कोरकोट्टी सड़क निर्माण कार्य एवं ग्राम हिरोली से हेल्प सेंटर तक पहुंच मार्ग भाग-1 व 2 की टेंडर/रिटेंडर

कब-कब हुआ और इसकी लागत राशि कितनी है? कार्यादेश कब हुआ एवं उसकी एजेंसी व प्रोपाईटर का नाम, पता सहित बतायें? **(ख)** उक्त योजनांतर्गत मिट्टी कार्य अनुबंध के तहत् कितने घनमीटर की दर से किया जाना था और कितने दर से किया किया गया और कितनी लागत आयी? **(ग)** क्या उक्त सड़क निर्माण अंतर्गत अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त हुयी है ? यदि हां, तो क्या-क्या अनियमितता पायी गयी और उसके जिम्मेदार कौन हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही, किनके द्वारा की गयी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डी.एम.एफ. मद में स्वीकृत नहीं है अपितु यह कार्य जिला निर्माण समिति को विशेष केन्द्रीय सहायता मद में स्वीकृत है। ''बी.टी. सड़क निर्माण कार्य मुख्यमार्ग से कोरकोटी तक (भाग- 01 से 13 तक), तथा बी.टी. सड़क निर्माण कार्य मड़कामीरास से हिरोली हेल्थ सेन्टर तक 3.50 कि.मी. (भाग 01), एवं बी.टी. सड़क निर्माण कार्य हिरोली हेल्थ सेन्टर से हिरोली कैम्प डोकापारा तक 3.50 कि.मी. (भाग 02) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** जी हॉ, शिकायत प्राप्त हुई है। जिसकी प्रथम स्तरीय जाँच कलेक्टर दन्तेवाड़ा के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय टीम गठित कर करायी गई है, जिसकी भौतिक सत्यापन में अर्थवर्क, जी.एस.बी., डामरीकरण कार्य, डब्ल्यू.बी.एम. एवं सोल्डर कार्य, पुलिया सह रिटेनिंगवाल में अनियमितता का उल्लेख है। जिसकी विस्तृत जाँच हेतु संबंधित अधीक्षण अभियंता, परियोजना मण्डल क्र. 01, जगदलपुर जिला बस्तर को कार्यालयीन पत्र क्र. 6890/18869/आर.सी.-6/छ.ग.ग्रा.स.वि.अ./2024 रायपुर दिनांक 28.10.2024 के द्वारा लेख किया गया है। जिसकी जाँच प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

जनपद पंचायतों हेतु निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (*क्र. 164) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में कितनी जनपद पंचायतें हैं? वर्ष 2024-25 में कितने जनपद पंचायत सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन वर्ष 2019-20 की भांति यथावत रखा गया है? विवरण देवें? **(ख)** कितने जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन किया गया है? विवरण देवें। **(ग)** जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कितने निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन में प्रभावित हुए हैं? जनपद पंचायतवार विवरण देवें? **(घ)** जनपद पंचायत सारंगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं में परिसीमन करने का क्या कारण है? बतावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) राज्य में 146 जनपद पंचायतें है। वर्ष 2024-25 में 2773 जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन वर्ष 2019-20 की भांति यथावत रखा गया है। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** 163 जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र की सीमा परिवर्तन किया गया है। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** जिला सांरगढ़-बिलाईगढ़ के 31 निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन से प्रभावित हुए हैं। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-स''** अनुसार है। **(घ)** जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत दो ग्राम पंचायत के नगर पंचायत में विस्थापित हो जाने के फलस्वरूप भौगोलिक क्षेत्र और जनसंख्या के दृष्टिगत सीमाओं में परिवर्तन हुआ है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

समाज कल्याण विभाग में समाज शिक्षा संगठन के स्वीकृत एवं रिक्त पद

[समाज कल्याण]

7. (*क्र. 514) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- समाज कल्याण विभाग में समाज शिक्षा संगठक के कितने पद स्वीकृत हैं, जिसमें से कितने पद भरे गए हैं व कितने पद रिक्त हैं? रिक्त पद कब तक भर लिये जायेगे ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : समाज कल्याण विभाग में समाज शिक्षा संगठक

के 146 पद स्वीकृत हैं जिसमें से 13 पद भरे गए हैं व 133 पद रिक्त हैं। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

108 इमरजेंसी वाहन सेवा,102 महतारी एक्सप्रेस एवं शव वाहन सेवा अंतर्गत वाहनों का संचालन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

8. (*क्र. 586) श्री अनुज शर्मा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी 2023 से प्रश्न दिनांक 26 नवम्बर, 2024 अंतर्गत कितने 108 इमरजेंसी वाहन सेवा,102 महतारी एक्सप्रेस एवं शव वाहन सेवा के अंतर्गत कितने-कितने वाहनों का संचालन किस-किस ऐजेंसी/ठेकेदारों के माध्यम से किया जा रहा है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार वाहन संचालन ऐजेंसी/ठेकेदारों को कितनी-कितनी दर पर, किन शर्तो के अधीन संचालन/परिचालन का ठेका प्राप्त हुआ है? क्या वाहन चालक/पैरामेडिकल स्टाफ/अन्य स्टाफ हेतु पारिश्रमिक का निर्धारण किया गया है? यदि हां तो कितना और यदि नहीं तो किस आधार पर कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाता है? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या संचालित, वाहन सेवाओं में पेरामेडिल स्टाफ/कुशल स्टाफ नहीं होने संबंधी शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई है? यदि हां तो इन पर क्या कार्यवाही की गई?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जनवरी 2023 से प्रश्न दिनांक 26 नवम्बर, 2024 तक कुल 326 इमरजेंसी 108 एम्बुलेंस वाहन संचालित है जिसका संचालन कंर्सोटियम ऑफ जय अम्बे इमरजेंसी आई. प्रा.लिमि., सम्मान फाउन्डेशन एण्ड अदर्स ऐजेंसी रायपुर के माध्यम से किया जा रहा है। 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा अंतर्गत 380 एम्बुलेंस वाहनों का संचालन कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटीवेशन प्रोग्राम ''कैम्प'' कन्योटियम सांई राम टेक्नो मैनेजमेट साल्यूसन प्रा.लि. द्वारा किया जा रहा है एवं 1099 शव वाहन (मुक्तांजली) सेवा अंतर्गत 163 एम्बुलेंस वाहनों का संचालन कम्युनिटी एक्शन थ्रूमोटीवेशन प्रोग्राम ''कैम्प'' द्वारा किया जा रहा है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र'' अनुसार है**। वाहन चालक/ पैरामेडिकल स्टॉफ/अन्य स्टॉफ हेतु पारिश्रमिक का निर्धारण सेवा प्रदाता संस्था द्वारा राज्य में श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर के अनुसार अकुशल/अर्धकुशल/कुशल कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाता है। **(ग)** जी नहीं। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

आरंग विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्र व स्वास्थ्य सुविधायें

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

9. (*क्र. 624) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आरंग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल कितने स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, इन स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल कितने चिकित्सकों के पद स्वीकृत भरे एवं रिक्त हैं, स्वास्थ्य केन्द्रवार जानकारी बतावें। **(ख)** संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों/ आरंग स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परिक्षण/जॉच हेतु आवश्यक उपकरण (एक्सरे- सोनोग्राफी-ईसीजी-एव अन्य) उपलब्ध हैं यदि नहीं तो कौन-कौन से उपकरण उपलब्ध कराने के लिए मांग की गयी है? मांग अनुरूप क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो कब तक पूर्ण की जावेगी, समयावधि बतावें।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) कुल 51 स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं। इन स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की स्वास्थ्य केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। सोनाग्राफी, ई.सी.जी. मशीन, क्रैसकार्ट ट्राली, सेडोलस लेम्प की मांग की गई है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

प्रदेश के अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा हेतु संचालित योजनायें

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

10. (*क्र. 690) श्री रामकुमार यादव : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों के निःशुल्क ईलाज हेतु क्या क्या योजनाएँ संचालित हैं ? किन-किन बीमारियों का ईलाज किया जाता है? **(ख)** जिला जांजगीर-चांपा में स्मार्ट कार्ड योजना/ आयुष्मान कार्ड योजना/ मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की सुविधा देने वाले अस्पतालों का विवरण देवें? **(ग)** क्या स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त योजनाओं में संचालित अस्पतालों के साथ फीडबैक लिया जाता है कि वे अस्पताल, मरीज का सही ईलाज कर रहे हैं या नहीं? बतावें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) प्रदेश के समस्त शासकीय अस्पतालों के मापदंड में उपलब्धता अनुसार मरीजों को समस्त योजनाओं का लाभ निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध मानव संसाधन लैब, उपकरण आदि के आधार पर आम जनता को अनेकों स्वास्थ्य सुविधायें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। प्रदेश के पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में मरीजों के निःशुल्क ईलाज हेतु आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित हैं। योजनाओं के अंतर्गत बीमारियों के ईलाज हेतु पृथक-पृथक पैकेज की सूची जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र-''अ एवं ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र-''स''** अनुसार है। **(ग)** जी हॉ।

प्रदेश में घुसपैठियों पर की गई कार्यवाही

[गृह]

11. (*क्र. 76) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- पिछले एक वर्ष में छ.ग. में कितने घुसपैठियों का पता चला है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

मुंगेली विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना को हितग्राहियों के आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

12. (*क्र. 508) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजनातंर्गत सर्वे सूची/आवास में कितने हितग्राहियों के नाम शामिल हैं? उपरोक्तानुसार कितनों को आवास स्वीकृत किया गया है एवं दिनांक 25/11/24 तक कितनी राशि उक्त योजना में स्वीकृत की गई है तथा कितनी शेष है तथा कब तक आवास प्रदान किया जावेगा, समयावधि बतावें? **(ख)** वर्ष 2011 की सर्वे सूची में ऐसे हितग्राही जिनका नाम छूट गया है, को क्या पुनः सर्वे कर शामिल किये जाने की कोई योजना शासन स्तर पर लंबित है, यदि हां तो कब तक लागू की जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। योजना का विस्तार वित्तीय वर्ष 2028-29 तक किया गया है। भारत सरकार से आगामी वर्षों में लक्ष्य प्राप्त होने पर शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किया जावेगा। निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जी हां, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रि-मण्डल द्वारा शेष पात्र हितग्राहियों की पहचान हेतु आवास प्लस की सूची अद्यतन किये जाने का निर्णय लिया गया है। यद्यपि समयावधि एवं प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश वर्तमान तक अप्राप्त है, अतः कोई स्पष्ट समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

13. (*क्र. 557) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 26 नवंबर, 2024 की स्थिति में कितनी सड़कों का निर्माण किया गया है? सड़क का नाम, स्थान सहित निर्मित सड़कों की लम्बाई एवं निर्माण तिथि बतावें? **(ख)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण का स्टेण्डर्ड तकनीकी मापदण्ड चौड़ाई, बेस एवं मोटाई क्या है? पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के संधारण के संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 26 नवंबर, 2024 की स्थिति में कोई भी सड़कों का निर्माण नहीं किया गया है। **(ख)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण में ट्रेफिक सर्वे के आधार पर इंडियन रोड कांग्रेस (आई.आर.सी.), स्पेशल पब्लिकेशन (एस.पी.) 72.2015 की गाईड लाईन के अनुसार सड़कों की चौड़ाई, बेस एवं मोटाई का निर्धारण किया जाता है। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में जर्जर सड़क निरंक है।

जिला रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण की जानकारी

[महिला एवं बाल विकास]

14. (*क्र. 502) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं? कितने के स्वयं के भवन हैं? कितने किराए के भवन में संचालित हैं? कितने भवन-विहीन हैं? कितने भवन जर्जर अवस्था में हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? (ख) 25.11.2024 की स्थिति में कितने नवीन भवन स्वीकृत किये गये हैं, कितने निर्माणधीन हैं, कितने पूर्ण अपूर्ण हैं, कब तक पूर्ण कर लिए जाएँगे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत 2706 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 1994 के स्वयं के भवन है। 413 आंगनबाड़ी केन्द्र किराए के भवन में संचालित है। 712 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन-विहीन है। 223 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन जर्जर अवस्था में है। विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** 25.11.2024 की स्थिति में 46 नवीन भवन स्वीकृत किये गये हैं, इनमें से 42 निर्माणाधीन/अपूर्ण हैं तथा 04 अप्रारंभ है, कोई भी भवन पूर्ण नहीं है। भवन पूर्ण किये जाने हेतु निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में सर्जन/विशेषज्ञों के रिक्त पदों की पूर्ति

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

15. (*क्र. 19) श्री दीपेश साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला चिकित्सालय, बेमेतरा में कितने विशेषज्ञ/सर्जन के पद स्वीकृत/रिक्त हैं? **(ख)** प्रश्नांश (क) के प्रकाश में रिक्त पदों को भरे जाने हेतु शासन की कोई कार्ययोजना है? यदि हां तो क्या एवं कब तक उक्त पदों की पूर्ति कर ली जाएगी ? **(ग)** प्रश्नांश (ख) के प्रकाश में विशेषज्ञों के पद रिक्त होने के कारण जिला बेमेतरा में विगत 03 (तीन) वर्षों में विशेषज्ञ सुविधा के अभाव में रेफर हुये मरीजों की वर्षवार संख्यात्मक जानकारी देवें? **(घ)** क्या जिला स्तर पर कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उक्त रिक्त पदों को जिला स्तर पर समन्वय से पदस्थापना किये जाने/विशेषज्ञीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में कोई कार्ययोजना है ? यदि हां तो उसकी जानकारी देवें? **(ड)** प्रश्नांश(घ) के प्रकाश में क्या डी.एम.एफ. मद से विशेषज्ञों को रखा जा सकता है? यदि हां तो इस हेतु शासन का क्या मापदंड है? विशेषज्ञों को नियुक्त किये जाने हेतु उनके वेतन का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जिला चिकित्सालय बेमेतरा में नियमित सेटअप

अंतर्गत विशेषज्ञ/सर्जन के कुल 18 पद स्वीकृत है जिसमें से 13 पद रिक्त है तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (संविदा) के 09 पद स्वीकृत है, जिसमें सभी पद रिक्त है। **(ख)** जी हां। चिकित्सकीय सुविधाएं के सुधार के लिए विभाग द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है। वित्त निर्देश 18/2023 एवं 04/2024 के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त करने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संविदा नियुक्ति के तहत विशेषज्ञों/चिकित्सकों की भर्ती की कार्यवाही विभागीय ऑनलाईन के माध्यम से निरंतर की जा रही है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के प्रकाश में विशेषज्ञों के पद रिक्त होने एवं अन्य कारणों से विगत 03 वर्ष (तीन) वर्षो में रेफर किये गये मरीजों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ड)** जी हां। छत्तीसगढ़ खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 के नियम 22 उपनियम (2)(ठ) अनुसार डी.एम.एफ. से स्वास्थ्य सेवा अंतर्गत मानव संसाधन (विशेषज्ञ, चिकित्सक) को रखा जा सकता है। डी.एम.एफ. मद अंतर्गत जिला स्तर पर प्रबंधकारिणी समिति द्वारा तैयार न्यास के शासी परिषद् द्वारा अनुमोदन से निधि का उपयोग किया जा सकता है। तद्नुसार विशेषज्ञों/चिकित्सकों के वेतन/मानदेय का निर्धारण, प्रबंधकारिणी समिति द्वारा तैयार और न्यास के शासी परिषद् के अनुमोदन द्वारा किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

प्रदेश में मान्यता प्राप्त नर्सिंग महाविद्यालय

[चिकित्सा शिक्षा]

16. (*क्र. 38) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल कितने नर्सिंग कालेज हैं ? क्या ये सभी इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं? कोर्स की सीट संख्या सहित सूची उपलब्ध कराएं? **(ख)** क्या राज्य शासन को यह अधिकार दिया गया है कि वो केंद्र शासन (इंडियन नर्सिंग कौंसिल) की अनुमति के बिना स्वयं अपने स्तर पर नर्सिंग कॉलेज की सीट वृद्धि की अनुमति दे सकता है? यदि हां तो किस नियम के आधार पर? **(ग)** क्या छत्तीसगढ़ राज्य में अनेक वर्षों से किराए के भवन में नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं? यदि हां तो किन-किन जिलों में कितने नर्सिंग कॉलेज हैं, जो किराए के भवन में संचालित हैं? उसकी सूची उपलब्ध कराएं? **(घ)** किराए के भवन में संचालित नर्सिंग कॉलेजों से क्या राज्य शासन कोई पेनाल्टी या फाईन लेता है? यदि हां तो कितनी और कितने वर्षों तक के लिए किराए के भवन में नर्सिंग कॉलेज संचालित करने की छूट प्राप्त है ? नियम की कॉपी उपलब्ध करावें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल 131 (08 शासकीय एवं 123 निजी) नर्सिंग कॉलेज संचालित है। इंडियन नर्सिंग कांउसिल उपयुक्तता जारी करती है। सभी संचालित नर्सिंग महाविद्यालय को छत्तीसगढ़ नर्सिग काउंसिल से मान्यता प्राप्त है, जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** राज्य शासन नर्सिंग कॉलेजों में सीट वृद्धि की अनुमति नहीं देती है। अपितु भारतीय उपचर्या परिषद की अधिसूचना दिनांक 05 जुलाई 2021 की कंडिकाV (3) अनुसार ''पात्र संगठन/संस्थान को संबंधित राज्य सरकार से अनिवार्यता प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा, जहां बी.एस.सी.नर्सिंग कॉलेज ऑफ नर्सिंग स्थापित करने की मांग की गई है'' एवं छ.ग.शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्र क्रमांक 17-23/2013/नौ/17 दिनांक 20.05.2013 की कंडिका 1.10 चरण-IV के अनुसार ''शासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना'' नियम की प्रति जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी हॉ, छत्तीसगढ़ राज्य में 111 स्वयं के भवन में तथा 20 किराये के भवन में संचालित है। जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''स''** अनुसार है । **(घ)** भारतीय उपचर्या परिषद की अधिसूचना दिनांक 05 जुलाई 2021 की कंडिका 10 (द) ''अपना भवन न होने पर जुर्माना:- जिन संस्थानों के पास स्थापना के दो वर्ष के भीतर अपना भवन नहीं है, उन्हें अपना भवन न होने के लिए जुर्माना देना पड़ता है। बी.एस.सी.नर्सिंग के लिए लगातार 6 वर्ष तक जुर्माने की राशि 1 लाख रूपए होगी।'' नियम की प्रति **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''द''** अनुसार है।

जिला महासमुंद में शासकीय चिकित्सालयों हेतु दवा खरीदी तथा स्मार्ट / आयुष्मान कार्ड

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

17. (*क्र. 591) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. प्रदेश में शासकीय चिकित्सालयों हेतु दवा खरीदी की प्रक्रिया क्या है ? क्या जिला-महासमुंद में दवा खरीदी के संबध में 01 दिसम्बर 2023 से 24 नवम्बर 2024 तक शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो उन पर क्या कार्यवाही की गई? क्या प्रदेश के शासकीय अस्पतालों के लिये दवा खरीदी में IMA इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कोई भूमिका है? यदि हां तो क्या? **(ख)** महासमुन्द जिले में उक्तावधि में क्रय की गई दवा की मात्रा/दर एवं प्रदाय ऐजेन्सी की जानकारी बतायें? उक्त दवाओं के उपयोग व नष्ट करने सम्बंधी प्राप्त शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी बतायें? **(ग)** प्रदेश के अनेक निजी अस्पतालों में स्मार्ट/आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं किया जाता (मान्य नहीं है), इसका क्या कारण है? किस मापदंड के अनुसार स्मार्ट/आयुष्मान कार्ड मान्य किया जाता है? प्रदेश के सभी निजि चिकित्सालयों में स्मार्ट/आयुष्मान कार्ड मान्य हों, इस हेतु शासन द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी हाँ। जिला महासमुंद में दवा खरीदी के संबंध में 01 दिसंबर 2023 से 24 नवम्बर 2024 तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता। दवा खरीदी में इंडियन मेडिकल एसोसिएसन की कोई भूमिका नहीं है। **(ख) संलग्न प्रपत्र अनुसार**। दवाओं के उपयोग व नष्ट करने सम्बंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** जी हाँ, प्रदेश के ऐसे निजी अस्पताल जो आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पंजीकृत नहीं है, में आयुष्मान कार्ड से इलाज नही किया जाता (मान्य नही) है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनान्तर्गत अस्पताल पंजीकृत होने पर आयुष्मान कार्ड मान्य किया जाता है। योजना में निजी अस्पतालों का पंजीकृत होना अनिवार्य नही है, यह पूर्णतः स्वैच्छिक है। योजनान्तर्गत आवेदन किए जाने उपरांत मापदंड पूर्ण होने पर संबधित अस्पताल का पंजीयन किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (*क्र. 58) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में नवंबर, 2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किन-किन ग्राम/ग्राम पंचायतों में कितने हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है? ग्राम पंचायत/विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत आवास के विरूद्ध कितने आवास पूर्ण एवं अपूर्ण हैं एवं कितने आवास अप्रारंभ हैं तथा कितने हितग्राहियों को कितने किस्त की राशि का भुगतान किया जा चुका है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

प्रदेश में अपराध की घटित घटनाएं

[गृह]

19. (*क्र. 520) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश में बढ़ते अपराध के कारण जनवरी, 2023 से नवम्बर, 2024 तक कितनी-कितनी हत्या, बलात्कार, चोरी डकैती एवं न्यायिक हिरासत में मौत की घटनाएं हुई हैं? जिलावार जानकारी देवें एवं प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जाए, इसके लिए क्या कार्ययोजना है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार एवं अपराध शीर्षवार जानकारी

संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है तथा कानून व्यवस्था के संबंध में कार्ययोजना की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

प्रदेश में महिलाओं पर हुए अपराधों पर कृत कार्यवाही

[गृह]

20. (*क्र. 598) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में दिसंबर, 2023 से लेकर दिनांक 25 नवंबर, 2024 तक महिलाओं के साथ बलात्कार, हत्या, मारपीट के कितने मामलों में किन-किन जिलों में दर्ज मामलों में कितने मामलों में आरोपियों को पकड़ा गया है और कितने मामलों में आरोपी अब तक फरार हैं? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित समयावधि के दौरान महिलाओं के ऊपर हुए अपराधों में कितने मामलों में चालान प्रस्तुत किए जा चुके हैं और कितने मामलों में अब तक चालान प्रस्तुत नहीं किए गए हैं? **(ग)** विभाग द्वारा महिला अपराधों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने और महिला अपराधों के रोकथाम के लिए क्या कोई विशेष पहल की गई है? यदि हां, तो जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

निःशक्त (दिव्यांग) जन हेतु संचालित योजनाएं

[समाज कल्याण]

21. (*क्र. 570) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने निःशक्त (दिव्यांग) जन हैं? जिलेवार, महिला-पुरूष की जानकारी पृथक-पृथक प्रदान करें? **(ख)** प्रदेश में निःशक्त (दिव्यांग) जनों के लिए कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? संचालित योजनाओं के लिए पात्रता सहित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के द्वारा क्रय की गई PET स्कैन मशीन

[चिकित्सा शिक्षा]

22. (*क्र. 673) श्रीमती भावना बोहरा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के द्वारा किस वर्ष में पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफ़ी (PET) स्कैन मशीन क्रय की गई थी? इसके खरीदी हेतू निर्धारित नियमानुसार प्रशासकीय स्वीकृति शासन से ली गई थी या नहीं? **(ख)** क्या शासन या विभाग ने प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफ़ी (PET) स्कैन मशीन की क्रय प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता की जाँच किसी गठित समिति द्वारा करायी गई है? यदि हाँ तो जांच में परिणाम स्वरूप अनियमितता पायी गई या नहीं? जाँच रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति वर्तमान में क्या है और इसके आधार पर अभी तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के द्वारा वर्ष 2018 में पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (PET) मशीन का क्रय किया गया था, क्रय आदेश सीजीएमएससी के द्वारा दिनांक 23.08.2018 को जारी किया गया था, इसकी खरीदी हेतु नियमानुसार प्रशासकीय स्वीकृत नहीं ली गयी थी।

(ख) प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (PET) मशीन की क्रय प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता की जांच शासन के द्वारा 06 सदस्यीय समिति निर्मित की गयी थी, जांच में परिणाम स्वरूप पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (PET) मशीन की क्रय के संबंध में अनियमितता पायी गयी। गठित जांच समिति के द्वारा जांच प्रतिवेदन दिनांक 20.07.2021 को प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र दिनांक 30.08.2021 के द्वारा PET CT के क्रय में किये गये भ्रष्टाचार के संबंध में संचालक चिकित्सा शिक्षा को प्रकरण में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ. विवेक चौधरी के द्वारा उपरोक्त आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक ड्ब्ल्यू पी.सी. नं. 4421/2021 दायर की गयी, जिसमें माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 01.11.2021 के अनुसार छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा के निर्देश 30.08.2021 को स्थगित किया गया। यह प्रकरण आज दिनांक तक माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

जिला-गौरेला-पेंड्रा व मरवाही अंतर्गत थानों में स्वीकृत कार्यरत वा रिक्त पद

[गृह]

23. (*क्र. 704) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में दिनांक 19 नवम्बर 2024 की स्थिति में कितने टी. आई, ए.एस.आई एवं आरक्षक के पद स्वीकृत कार्यरत एवं रिक्त हैं? थानेवार जानकारी देवें? रिक्त पदों पर पदस्थापना कब तक की जावेगी? थानावार जानकारी देवें? **(ख)** क्या सभी थानों में वाहन पर्याप्त संख्या में हैं? यदि नहीं हैं तो कब तक उपलब्ध कराये जायेंगे, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 19 नवम्बर 2024 की स्थिति में टी.आई.(निरीक्षक), ए.एस.आई.(सहायक उप निरीक्षक), एवं आरक्षक के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार हैः-

पदनाम	स्वी.	उप.	रिक्त
निरीक्षक	3	4	0
सहा.उप निरीक्षक	25	19	6
आरक्षक	265	150	115

थानेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। सहायक उप निरीक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति भविष्य में पदोन्नति से की जा सकेगी तथा आरक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु वर्तमान में आरक्षक संवर्ग के 5967 पदों की भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। पदस्थापना हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जी हॉ, सभी थानो में वाहन उपलब्ध हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

जिला गरियाबंद के संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित CRPF कैंपों को प्राप्त होने वाली निधि व व्यय राशि

[गृह]

24. (*क्र. 702) श्री जनक ध्रुव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला गरियाबंद के संवेदनशील क्षेत्रों में संचालित समस्त CRPF कैंपों में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 26/11/2024 तक केंद्र सरकार से किस-किस मद से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है? प्राप्त राशि से किन-किन कार्यों में कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? कार्यवार एवं मदवार जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नाधीन अवधि में सी.आर.पी.एफ. कैंपों हेतु केन्द्र सरकार से सीधे राशि प्राप्त नहीं होती है, एस.आर.ई. मद अन्तर्गत सी.आर.पी.एफ. कैंपों के लिए संबंधित पुलिस इकाई को राशि प्रदाय कर कार्य पूर्णता उपरांत केन्द्र सरकार से राशि प्रतिपूर्ति की जाती है। एस.आर.ई. मद अन्तर्गत जिला गरियाबंद के संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित सी.आर.पी.एफ. कैंपो को प्राप्त होने वाली निधि व व्यय राशि की कार्यवार एवं मदवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]**

जिला-महासमुंद में संचालित नर्सिंग होम का सेफ्टी ऑडिट

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

25. (*क्र. 145) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला-महासमुंद अंतर्गत किस-किस जिले में कितने-कितने और कौन-कौन से नर्सिंग होम में सेफ्टी ऑडिट कब-कब किया गया है, क्या-क्या गड़बड़ी पाई गई और उस पर क्या कार्यवाही की गई है? अगर नहीं तो क्यों?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

सरगुजा संभाग में पंजीबद्ध अपराध के विभिन्न प्रकरण

[गृह]

1. (क्र. 23) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से अक्टूबर, 2024 तक सरगुजा संभागान्तर्गत कुल कितने चोरी, डकैती, लूटमार, हत्या, हत्या के प्रयास, आत्महत्या, नशीले पदार्थों की बिक्री, बलात्कार, अवैध शराब बिक्री, नक्सली वारदात तथा साइबर क्राइम से संबंधित कितने मामले पंजीकृत किये गये? जिलावार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार सरकार द्वारा भिन्न-भिन्न अपराधों की रोकथाम हेतु क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं? विवरण देवें? **(ग)** साइबर क्राइम की रोकथाम एवं ठगी को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत एवं रिक्त पद

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

2. (क्र. 25) श्रीमती गोमती साय : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप केन्द्र संचालित हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल कितने पद स्वीकृत एवं कितने पद भरे गए हैं तथा कितने पद खाली हैं? पदवार एवं स्वास्थ्य केन्द्रवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की कमी है? यदि हॉं तो उनकी पूर्ति हेतु क्या प्रयास किये जा रहे हैं? रिक्त पदों पर भर्ती कब तक की जायेगी?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। वित्त निर्देश 04/2024 के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग से अनुमति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला चिकित्सालय दुर्ग द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र की शिकायत की जांच

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

3. (क्र. 32) श्री ललित चंद्राकर : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019 से प्रश्न दिनांक 25 नवम्बर, 2024 तक जिला चिकित्सालय दुर्ग से कितने विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं? विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने में क्या राज्य सरकार के नियमों एवं मापदण्ड का पालन किया गया है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के अनुसार जारी किये गये विकलांगता प्रमाण पत्र के संबंध में क्या कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉं तो विभाग द्वारा दोषी अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' के अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र के भौतिक सत्यापन हेतु राज्य स्तर पर छानबीन समिति का गठन किया गया है अथवा नहीं? यदि नहीं तो छानबीन समिति का कब तक गठन किया जायेगा?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) कुल 5161 विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किये

गये है। विकलांगता प्रमाण-पत्र बनाने भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड का पालन किया गया है। **(ख)** कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जी नहीं। निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

दुर्ग जिले में संचालित निजी चिकित्सा महाविद्यालय

[चिकित्सा शिक्षा]

4. (क्र. 34) श्री गजेन्द्र यादव : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-दुर्ग अंतर्गत कितने स्वास्थ्य चिकित्सा संबंधी (नर्सिंग/फॉर्मेसी/पैरामेडिकल/हेल्थ एंड एलाइड साइंस/आयुर्वेद) निजी महाविद्यालय संचालित हैं? नाम पता सहित विवरण देवें? वर्ष 2022-23 व 2023-24 में कितने नवीन निजी महाविद्यालय प्रारम्भ हुए हैं? **(ख)** क्या प्रश्नांश (क) अंतर्गत तग सभी निजी महाविद्यालयों की मान्यता आयुष विश्वविद्यालय या INC दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं? क्या उक्त महाविद्यालय में पदस्थ शिक्षक/शिक्षिकाएं विषय संबंधी योग्यता रखते हैं व उक्त महाविद्यालयों में वास्तविक रूप से कार्यरत हैं? क्या महाविद्यालयों का निरीक्षण किया गया है ? यदि हां जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत सभी निजी महाविद्यालयों की भवन मान्यता नियमावली के अनुसार 25 एकड़ भूमि एक साथ होनी चाहिए या 6-8 किलोमीटर की दूरी होने पर अलग-अलग दो टुकड़ों में उपलब्ध जमीन पर भी निजी महाविद्यालय की मान्यता प्रदान की जाती है? प्रश्नांश (क) के निजी महाविद्यालय संचालन हेतु भूमि की आवश्यकता संबंधी नियम की प्रति उपलब्ध करावें? **(घ)** क्या किसी निजी विश्वविद्यालय द्वारा एक ही कैम्पस में आयुष विश्वविद्यालय से संबद्ध नर्सिंग आयुर्वेद इत्यादि कोर्स संचालन के साथ-साथ स्वयं अपने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पैरामेडिकल, फॉर्मेसी और एलाईड साइंस आदि पाठयक्रम का संचालन किया जा सकता है? संबंधित नियम की कापी उपलब्ध करावें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जिला दुर्ग में 01 शासकीय एवं 19 निजी नर्सिंग महाविद्यालय संचालित है। पैरामेडिकल पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित न होकर स्वयं के हॉस्पिटल में संचालित होता है। दुर्ग जिले में श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित है। वर्ष 2022-23 में 01 व 2023-24 में निरंक इस प्रकार कुल 01 नवीन निजी महाविद्यालय प्रारम्भ की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। शेष विषय फार्मेसी/आयुर्वेद इस कार्यालय से संबंधित नहीं है। **(ख)** सभी निजी नर्सिंग महाविद्यालयों को प्रत्येक वर्ष निरीक्षण उपरांत छत्तीसगढ़ स्टेट नर्सिंग काउंसिल, रायपुर द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। आयुष विश्व विद्यालय, रायपुर संबंद्धता एवं भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली उपयुक्तता प्रदान करती है। सभी महाविद्यालयो में पदस्थ शिक्षक/शिक्षिकाएं भारतीय उपचर्या परिषद के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप विषय संबंधी योग्यता रखते है एवं उक्त महाविद्यलायों में कार्यरत है। हॉ, छत्तीसगढ़ स्टेट नर्सिग काउंसिल, रायपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष नर्सिग महाविद्यालयों को नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मान्यता देने से पूर्व प्रतिवर्ष निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ब** अनुसार है। **(ग)** भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली के मापदण्ड अनुसार निजी नर्सिंग महाविद्यालयों की भवन हेतु 25 एकड़ भूमि एवं 6-8 किलो मीटर की दूरी पर अलग-अलग दो टुकड़ों में उपलब्ध जमीन पर निजी नर्सिंग महाविद्यालय को मान्यता दी जा सकती है का कोई उल्लेख नहीं है, अपितु भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 05 जुलाई 2021 की कंडिका (अ) शिक्षण ब्लॉक 23200 वर्गफुट एवं छात्रावास ब्लॉक 21100 वर्गफुट कुल 44300 वर्गफुट का उल्लेख है। नियम की प्रति **संलग्न प्रपत्र- स** अनुसार है। **(घ)** आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर के अलावा अन्य निजी विश्व विद्यालय उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में पंजीकृत दिव्यांगों को प्रदत्त उपकरण

[समाज कल्याण]

5. (क्र. 40) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 25 नवम्बर, 2024 तक पंजीकृत दिव्यांग हितग्राहियों की संख्या बतावें? **(ख)** उनके स्वरोजगार के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विभाग द्वारा दिव्यांगजनों का पंजीयन नहीं किया जाता है। **(ख)** दिव्यांगजनों के स्वरोजगार हेतु छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम संचालित है।

बालोद जिला में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से स्वीकृत कार्यो

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (क्र. 59) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से बालोद जिला में कौन-कौन से कार्य एवं कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है? जनपदवार जानकारी देवें? **(ख)** मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से स्वीकृत कार्यो के विरूद्ध कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं एवं कितने कार्य अप्रारंभ हैं तथा कितनी राशि व्यय हो चुकी है? वर्तमान स्थिति बतावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' की जानकारी **निरंक** है।

राज्य हेल्थ रिसोर्स (एन.जी.ओ.) सेंटर का ऑडिट

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

7. (क्र. 114) श्री राजेश मूणत : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि राज्य हेल्थ रिसोर्स सेंटर विगत 18 वर्षों से लगातार स्वास्थ्य विभाग के साथ अनुबंधित है एवं इसका अनुबंध 31 मार्च,2024 तक की अवधि के लिए जीवित था? यदि हाँ तो क्या आज दिनांक की स्थिति में यह अनुबंध समाप्त कर दिया गया है अथवा पुनः समय वृद्धि कर दी गई है? यदि समय वृद्धि दी गई है तो उसका कारण एवं आधार क्या है? **(ख)** क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देश के तहत् मैन पावर की भर्ती तथा छ.ग.भण्डार क्रय नियम के तहत् उपकरणों की खरीद में स्वास्थ्य हेल्थ रिसोर्स सेंटर द्वारा भारी अनियमितता की गई है एवं इस विषय पर साक्ष्य सहित शिकायत प्राप्त होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा शिकायतें दबा दी गईं? पूर्ण विवरण देवें? **(ग)** जब इसका प्रथम अनुबंध 1 मार्च, 2005 को हुआ था तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कोनकारेंट ऑडिटर द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 से ऑडिट क्यों किया जा रहा है? वर्ष 2005-06 से क्यों नही? पूर्ण विवरण देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी हाँ। अनुबंध समाप्त नहीं किया गया है परन्तु केवल 31 दिसम्बर, 2024 तक के लिए ही समयवृद्धि की गई है। समय वृद्धि का आधार यह है कि आशा रिसोर्स सेंटर, मितानिन कल्याण निधि, मितानिन हेल्प लाईन इत्यादि के संदर्भ में भविष्य की कार्ययोजना निर्धारित करने हेतु कार्यकारिणी समिति के निर्णय अनुसार शासन स्तर से दिनांक 06.12.2024 को मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। समिति को भविष्य की व्यवस्था के संबंध में सुझाव एवं कार्ययोजना शासन के समक्ष प्रस्तुत करना है, तद्नुसार भविष्य की प्रबंधन प्रणाली निर्धारित की जायेगी। **(ख)** प्राप्त शिकायत पर संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ से जानकारी प्राप्त की गई है जिस पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से प्रथमतः वित्तीय वर्ष 2012-13 से कॉन्करेंट ऑडिटर नियुक्त कर ऑडिटर कराने के निर्देश प्राप्त हुए, जिसके आधार पर ऑडिटर नियुक्ति प्रक्रिया कर राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र का कॉन्करेंट ऑडिटर कराया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण की जांच

[चिकित्सा शिक्षा]

8. (क्र. 130) श्री अजय चंद्राकर : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में छत्तीसगढ़ शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में कितनी शिकायतें, कब-कब, किनके-किनके विरूद्ध प्राप्त हुयी? प्राप्त शिकायत के आधार पर विभाग द्वारा

क्या-क्या कार्यवाही अब तक की गयी? क्या उनके खिलाफ जांच समिति बनायी गयी थी? यदि हां तो किस समिति द्वारा, किनके-किनके खिलाफ, कब-कब छानबीन/जांच की गयी थी? छानबीन या जांच करने पर क्या रिपोर्ट प्राप्त हुई तथा इस संबंध में कितनी बार टाईम लिमिट की बैठक की गयी? उस बैठक में क्या-क्या निर्णय लिये गये? ? यदि विचाराधीन है तो कब तक जांच पूर्ण कर ली जायेगी? जांच समिति व टाईम लिमिट रिपोर्ट की प्रति सहित बतायें? **(ख)** 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में प्रश्नांश ''क'' नियुक्ति, पदोन्नति, शिक्षा एवं जांच के दौरान किनके-किनके द्वारा किस अधिकारी से सत्यापित/प्रमाणित, किस-किस जाति के प्रमाण पत्र विभाग के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी? जाति प्रमाण पत्र की प्रति के साथ जानकारी देवें? **(ग)** 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में प्रश्नांश ''क'' में प्राप्त शिकायत के परिप्रेक्ष्य में किस-किस अधिकारी/कर्मचारियों को कब-कब, किन-किन पदों पर पदोन्नति दी गयी? क्या जांच के दौरान पदोन्नति दी जा सकती है? यदि हां तो किस नियम-निर्देश पर की गयी? यदि नहीं तो इन्हें किस आधार पर, किस अधिकारी द्वारा पदोन्नति दी गयी?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में कुल 07 शिकायतें 05 अधिकारियों के संबंध में प्राप्त हुई। दिनांक 18.10.2019 को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति, छ0ग0 के समक्ष 04 शिकायतें (01. श्रीमती वर्षा गुर्देकर- सहायक प्राध्यापक,02. श्रीमती वीणा डेविड-प्रदर्शक, 03. श्रीमती नीलम पॉल-सह प्राध्यापक, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय रायपुर, 04. श्रीमती ममता नायक-सह प्राध्यापक, के विरूद्ध), दिनांक 23.04.2013 व दिनांक 30.04.2019 को 02 शिकायतें उक्त चारों अधिकारियों के विरूद्ध शासन के समक्ष एवं दिनांक 29.08.2024 को 01 शिकायत श्रीमती रेशमा एक्का, प्रदर्शक (संविदा), शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, अंबिकापुर के विरूद्ध शासन के समक्ष प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 04 अधिकारी (01. श्रीमती वर्षा गुर्देकर, 02. श्रीमती वीणा डेविड, 03. श्रीमती नीलम पॉल एवं 04. श्रीमती ममता नायक) के संबंध में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति एवं शासन स्तर से जांच की कार्यवाही की गई। जी हां, छ.ग. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियम) अधिनियम व नियम 2013 के अंतर्गत श्रीमती नीलम पॉल -सह प्राध्यापक एवं श्रीमती ममता नायक-सह प्राध्यापक की जांच उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा की गई। श्रीमती वर्षा गुर्देकर-सहायक प्राध्यापक, एवं श्रीमती वीणा डेविड-प्रदर्शक के संबंध में कार्यवाही उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के समक्ष प्रक्रियाधीन है। प्राप्त शिकायत पर सभी अधिकारियों के विरूद्ध जांच की गई एवं श्रीमती रेशमा एक्का, प्रदर्शक (संविदा) के संबंध में प्राचार्य, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, अंबिकापुर द्वारा गठित समिति द्वारा जांच की गई। उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा श्रीमती ममता नायक के संबंध में पारित निर्णय दिनांक 25.11.2022 द्वारा महार, अनुसूचित जाति के जाति प्रमाण पत्र की वैधानिकता प्रमाणिक पायी गई एवं श्रीमती नीलम पाल के संबंध में पारित निर्णय दिनांक 25.11.2022 द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र की वैधानिकता प्रमाणिक पायी गई। श्रीमती वर्षा गुर्देकर एवं श्रीमती वीणा डेविड के संबंध में जांच उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के समक्ष प्रक्रियाधीन है। दिनांक 07.02.2022 में श्रीमती नीलम पॉल अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हो कर अनुसूचित जनजाति वर्ग से पदोन्नति का लाभ लिये जाने के संबंध में रिव्यू डीपीसी की अनुशंसा की गई। रिव्यू डीपीसी हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरण में से श्रीमती वर्षा गुर्देकर के संबंध में शासन द्वारा 18 बार टीएल बैठक की गई, चुंकि श्रीमती वर्षा गुर्देकर के फर्जी जाति प्रकरण उच्च स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष प्रक्रियाधीन है, अतः जांच छानबीन समिति मे होने के प्रत्याशा में टीएल बैठक में कोई निर्णय नहीं लिया गया। श्रीमती रेशमा एक्का, प्रदर्शक (संविदा) के संबंध में गठित जांच समिति द्वारा समस्त दस्तावेज सही पाये गये हैं। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में प्रश्नांश ''क'' अंतर्गत श्रीमती ममता नायक के स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति के समय प्रस्तुत अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र असिस्टेंट सर्जन, मेडिकल कॉलेज रयपुर एवं श्रीमती नीलम पाल के स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति के समय प्रस्तुत अन्य पिछडा वर्ग जाति का प्रमाण पत्र डॉ एम.जी. कृष्णन, एमबीबीएस, एमडी, मेडिकल कॉलेज जबलपुर द्वारा सत्यापित किया गया था। श्रीमती वर्षा गुर्देकर के स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति के समय प्रस्तुत अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र न्यायालय नायब तहसीलदार, दल्लीराजहरा द्वारा प्रमाणित कर जारी किया गया है। श्रीमती वीणा डेविड के स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति के समय प्रस्तुत अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार दुर्ग द्वारा प्रमाणित कर जारी किया गया है। श्रीमती रेशमा एक्का, प्रदर्शक (संविदा) द्वारा अ.ज.जा. वर्ग का संयुक्त संचालक, जाति प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय छानबीन

समिति छ0ग0 द्वारा प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र नियुक्ति के समय एवं जांच के समय प्रस्तुत किया गया है। पदोन्नति एवं शिक्षा के समय जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होती। उक्त कार्यवाही नियुक्ति के समय दर्ज की गई जाति वर्ग के आधार पर की जाती है। **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में प्रश्नांश ''क'' में प्राप्त शिकायत के परिप्रेक्ष्य में श्रीमती वर्षा गुर्देकर व श्रीमती नीलम पॉल को वर्ष 2008 में स्टाफ नर्स से प्रदर्शक तथा श्रीमती वीणा डेविड व श्रीमती ममता नायक को वर्ष 2009 में स्टाफ नर्स से प्रदर्शक के पद पर पदोन्नति दी गई, वर्ष 2015 में श्रीमती वर्षा गुर्देकर, श्रीमती नीलम पॉल, श्रीमती वीणा डेविड व श्रीमती ममता नायक को प्रदर्शक से सहायक प्राध्यापक के पद पर पदोन्नति दी गयी, किन्तु श्रीमती वीणा डेविड द्वारा सहायक प्राध्यापक के पद पर पदोन्नति नहीं लिया गया तथा श्रीमती ममता नायक एवं श्रीमती नीलम पाल को वर्ष 2023 में सहायक प्राध्यापक से सह-प्राध्यापक के पद पर पदोन्नति दी गयी है। श्रीमती रेशमा एक्का, संविदा में प्रदर्शक के पद पर पदस्थ हैं संविदा भर्ती नियमानुसार संविदा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को पदोन्नति का वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है, अतः इन्हें पदोन्नति नहीं दी गयी है। जांच के दौरान पदोन्नति दिये जाने के संबंध मे लेख है कि जी हां, जांच के दौरान पदोन्नति दी जा सकती है। इस हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ सी 6-2/94/3/एक, दिनांक 30 जून 1994 के कंडिका 02(1) अनुसार पदोन्नति दी जा सकती है। (जिसके अनुसार 01-निलम्बित शासकीय सेवक 02-शासकीय सेवक जिन्हें आरोप पत्र जारी कर दिये गये हैं और जिनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित है, 03-शासकीय सेवक जिन्हें किसी अपराधिक आरोप के आधार पर अभियोजन के लिये चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी गई हो तथा कार्यवाही लंबित हो, पदोन्नति हेतु पात्र नहीं होते) उक्त अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध सामान्य प्रशासन की उपरोक्त कंडिका लागू नहीं होने के कारण पदोन्नति दी गई।

बसना विधानसभा क्षेत्र के सड़क विहीन ग्राम

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

9. (क्र. 146) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**महासमुंद जिला अंतर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र के कौन-कौन गाँव सड़कविहीन हैं? जानकारी देवें? **(ख)**प्रश्नांक "क'' की कौन-कौन सी सड़क स्वीकृत एवं प्रस्तावित हैं? सड़क की अद्यतन स्थिति बतावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) महासमुंद जिला अंतर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र के कौन-कौन गाँव सड़क विहीन हैं की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार हैं। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' की सड़क विहीन गाँवं हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत कोई भी सड़क वर्तमान में स्वीकृत/प्रस्तावित नहीं हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

महतारी वंदन योजना अन्तर्गत पात्रों को भुगतान नहीं होने के जिम्मेदारों पर कार्यवाही

[महिला एवं बाल विकास]

10. (क्र. 161) डॉ. चरण दास महंत : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** "महतारी वंदन योजना" अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों तथा पात्र महिलाओं की संख्या कितनी-कितनी थी? नवंबर, 2024 की स्थिति में कितने पात्र हितग्राही हैं? पात्र हितग्राहियों में से कितने पेंशनधारी हैं एवं कितने गैर पेंशनधारी हितग्राही हैं ? जिलेवार जानकारी बतावें? **(ख)** महतारी वंदन की राशि तथा पेंशन की राशि कितनी-कितनी रहती है? केन्द्रांश तथा राज्यांश की राशि कितनी-कितनी रहती है? पृथक-पृथक विवरण जिलेवार बतावें? **(ग)** नवंबर, 2024 की स्थिति में कितने पात्र हितग्राहियों को योजना की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है? उसमें से पेंशनधारी कितने हैं? योजना की राशि का भुगतान नहीं हो पाने के कारण क्या हैं ? विभाग द्वारा इन कारणों के निराकरण के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए? क्या कारण निराकरण होने पर विगत माहों की राशि का भी भुगतान किया जाता है? **(घ)** योजना के लाभ से वंचित रहने के लिए कौन-कौन उत्तरदायी हैं? उनके विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाहियां की गई हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) महतारी वंदन योजना अंतर्गत ऑनलाईन

पोर्टल पर समय-सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या 70,27,154 थी, जिसमें से माह मार्च 2024 की स्थिति में पात्र महिलाओं की संख्या 70,09,366 थी। दिनांक 30 नवम्बर 2024 की स्थिति में कुल 69,74,830 आवेदक पात्र हितग्राही है। पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशनधारी हितग्राहियों की संख्या 9,06,674 एवं गैर पेंशनधारी हितग्राही 60,68,156 है।**जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** महतारी वंदन योजना अंतर्गत सहायता राशि रू. 1000/- मासिक निर्धारित है तथा महिलाएं, जिन्हें सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से विभिन्न पेंशन योजनाओं में प्रतिमाह रू. 1000/- से कम राशि की पेंशन प्राप्त हो रही है, ऐसी पात्र महिलाओं को अतिरिक्त उतनी राशि की सहायता स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है, जिससे उन्हें कुल रू. 1000/- की मासिक राशि प्राप्त हो सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन की राशि क्रमशः रू. 500/- एवं रू. 650/- है। महतारी वंदन योजना 100ः राज्य शासन की राशि से संचालित योजना है। यह मापदंड सभी जिलों के लिए एक समान है। **(ग)** माह 30 नवंबर की स्थिति में सभी पात्र 69,74,830 हितग्राहियों को 03 दिसंबर 2024 को भुगतान किया गया है, जिनमें से कुल 38054 हितग्राहियों का भुगतान सफल नहीं हुआ है, इनमें से 5553 हितग्राही पेंशनधारी है। राशि भुगतान न होने का प्रमुख कारण संबंधित हितग्राही के बैंक खाता निष्क्रिय हो जाने, आधार से लिंक न होने, आधार निष्क्रिय होने, खाता बंद हो जाने आदि संबंधी तकनीकी कारण है। विभाग द्वारा संबंधित हितग्राही को विभागीय अमलो के माध्यम से आधार से लिंक कराए जाने, बैंक खाता सक्रिय कराए जाने व अन्य तकनीकी कठिनाईयों के निराकरण हेतु परामर्श दिया जाता है, एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाता है। जी, हॉ निराकरण होने के पश्चात् विगत माहों की राशि का पुनः भुगतान किया जाता है। **(घ)** योजना से सभी पात्र आवेदन करने वाले हितग्राही लाभांवित हो रहे है, अतः कार्यवाही किये जाने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

ग्राम कुम्हारी (बरमकेला) में सरपंच के पति पर प्राणघातक हमले के दोषियों पर कार्यवाही

[गृह]

11. (क्र. 165) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अन्तर्गत बरमकेला क्षेत्र के ग्राम कुम्हारी में दिनांक 10.11.2024 को रात्रि में कबड्डी खेल आयोजन के दौरान (रात्रि 7-8 बजे) अज्ञात हमलावरों ने ग्राम लेन्ध्रा के सरंपच के पति नित्यानंद पटेल के उपर जानलेवा हमला किया गया? यदि हां तो क्यों? **(ख)** उक्त घटना की रिपोर्ट लिखवाने के बाद अब तक अज्ञात हमलावरों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? बतावें? **(ग)** अज्ञात आरोपियों को कब तक हिरासत में लिया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ। प्रकरण में अब तक की विवेचना एवं गवाहों के कथन के आधार पर घटना के कारण एवं आरोपी के संबंध में कोई स्पष्ट तथ्य ज्ञात नहीं हो पाया है। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा है। प्रकरण विवेचनाधीन है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

कोरबा जिला में कार्यरत एन.जी.ओ.

[समाज कल्याण]

12. (क्र. 178) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोरबा जिला में कुल कितने एन.जी.ओ. पंजीकृत है? **(ख)** 2020-21 वित्तीय वर्ष से दिनांक 25.11.2024 तक विभाग की ओर से कितने एन.जी.ओ. को किन-किन कार्य क्षेत्र हेतु कौन-कौन सा कार्य दिया गया है ? जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** कार्यरत एन.जी.ओ. को कार्य आबंटन का मापदंड क्या है? कार्य प्राप्त एन.जी.ओ. का कार्य सत्यापन किसके द्वारा किया जाता है? कितनी राशि भुगतान की गई है? कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? राशि भुगतान करने का मापदंड क्या है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला-कोरबा अंतर्गत 2192 एन.जी.ओ.

फर्म एवं सोसायटी से पंजीकृत है । **(ख)** विभाग अंतर्गत एन.जी.ओ. को कार्य नहीं दिया गया है अपितु विभागीय मान्यता प्राप्त 02 एन.जी.ओ. को अनुदान नियमों अनुसार श्रवण एवं दृष्टिबाधित तथा बौद्धिक मंदता बच्चों के लिए विशेष विद्यालय संचालन हेतु अनुदान प्रदाय किया गया है। **(ग)** विभाग द्वारा एन.जी.ओ. को कार्य आबंटित नहीं किया जाता है अपितु विभागीय गतिविधियों का संचालन हेतु मान्यता प्राप्त एन.जी.ओ. को विभागीय नियमों के प्रावधानों अनुसार विभागीय जिला अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाता है। एन.जी.ओ. को अनुदान राशि रूपये 1,31,27,080/- (अक्षरी राशि रूपये-एक करोड़ इकतीस लाख सत्ताईस हजार अस्सी मात्र) का भुगतान किया गया है। भुगतान हेतु राशि शेष नहीं है। राशि का भुगतान विभागीय अनुदान नियमों अनुसार किया जाता है।

आकस्मिक (कंटीजेंसी) राशि एवं जनसंपर्क मद में प्राप्त राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

13. (क्र. 180) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत जनपद पंचायत पोंड़ी-उपरोड़ा एवं पाली में वर्ष 2021 से दिनांक 25.11.2024 तक कुल कितनी कंटीजेंसी राशि एवं जनसंपर्क मद में राशि प्राप्त हुई है? **(ख)** कंटीजेंसी राशि एवं जनसंपर्क मद में प्राप्त राशि का व्यय किस स्तर पर किन-किन मदों के लिए किन-किन अधिकारियों की अनुशंसा पर खर्च किया गया? क्या जनपद पंचायत में सामान्य सभा से विधि सम्मत प्रस्ताव पारित कर खर्च किया गया? यदि नहीं तो उक्त कंटीजेंसी एवं जनसंपर्क मद में प्राप्त राशि से हुए व्यय की कब-कब जांच की गई? जांचकर्ता अधिकारी का पदनाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

सीतापुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत पहुँच विहीन ग्राम

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

14. (क्र. 181) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के क्षेत्रान्तर्गत ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें या बसाहटें हैं, जहाँ तक जाने में सड़क नहीं हैं या पुलिया नहीं होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है ? जानकारी प्रदान करें ? क्या क्या ऐसे ग्रामों में सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण कर आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां तो किन-किन ग्राम पंचायतों व बसाहटों में, विवरण दें ।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के क्षेत्रान्तर्गत ऐसी 93 ग्राम पंचायतें एवं 230 बसाहटें हैं, जहॉ तक जाने में सड़क नहीं हैं या पुलिया नहीं होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। इसमें से 32 बसाहटों को पीएमजनमन योजना से जोड़ने की कार्ययोजना की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

जिला बालोद में गौण खनिज मद योजना के तहत प्राप्त राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (क्र. 318) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बालोद अंतर्गत जनपद पंचायत गुण्डरदेही में गौण खनिज मद से वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में कितनी राशि प्राप्त हुई ? प्राप्त राशि के विरुद्ध नियमानुसार किस सभा के अनुमोदन की आवश्यकता होती है तथा किस दिनांक को बैठक लेकर अनुमोदित किया गया ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार अनुमोदित

कार्यों को जिला पंचायत बालोद द्वारा कब स्वीकृति प्रदान की गई एवं उक्त कार्य कब किया गया तथा जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित कार्य का किस नियम के तहत चयन किया गया ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) गौण खनिज मद अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जनपद पंचायत गुण्डरदेही हेतु राशि रू. 87,13,454/- (अक्षरी - सतासी लाख तेरह हजार चार सौ चौवन रू. मात्र) प्राप्त हुआ था। वर्ष 2023-24 में गौण खनिज मद अंतर्गत राशि प्राप्त नहीं हुई है। जनपद पंचायत की सामान्य सभा में कार्यो का अनुमोदन किया जाता है। दिनांक 15.12.2023 की बैठक में कार्यो का अनुमोदन किया गया है। **(ख)** कार्यालय जिला पंचायत बालोद के आदेश क्रमांक 8349 दिनांक 15.03.2024 द्वारा अनुमोदित कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त अनुमोदित कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है। अनुमोदित कार्यो का चयन जिला पंचायत द्वारा नहीं किया जाता है।

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

16. (क्र. 431) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25.11.2024 तक किस-किस ग्राम पंचायतों में कितने-कितने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृत किए गए हैं? ग्राम-पंचायतवार, विवरण देवें? **(ख)** कंडिका 'क' के अनुसार स्वीकृत आवासों में किस-किस ग्राम पंचायत के कितने हितग्राहियों ने पंजीयन हेतु आवेदन किया है? आवेदन उपरांत कितने हितग्राहियों का पंजीयन हुआ है ? विवरण देवे। **(ग)** स्वीकृत आवासों में किस-किस ग्राम पंचायत के कितने हितग्राहियों की प्रथम,द्वितीयं,तृतीय किस्त जारी किया गया है।आवास निर्माण हेतु निर्धारित समय-सीमा क्या है? क्या यह सही है कि किस्त जारी होने के पश्चात हितग्राही के खाता को होल्ड कर दिया जाता है? ऐसे कितने हितग्राही हैं जिनका खाता होल्ड होने के कारण वे बैंक से राशि आहरण नहीं कर पाए हैं। पंचायतवार विवरण देवें? **(घ)** क्या यह सही है कि किसी लाभार्थी की मृत्यु हो जाने पश्चात उसके वयस्क उत्तराधिकारी के नाम पर पंजीयन किया जाता है? यदि हां, तो ऐसे कितने प्रकरण हैं ? किन-किन दस्तावेज के आधार पर उत्तराधिकारी को पात्र किया गया है? मूल लाभार्थी एवं उत्तराधिकारी का ग्राम-पंचायतवार विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास की स्वीकृति आवेदनों के आधार पर न होकर सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना (एसईसीसी) 2011 के स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं 2018 की आवास प्लस सूची के प्राथमिकता क्रम के आधार पर की जाती है। शेषांश प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की मार्गदर्शिका की कंडिका क्रमांक 5.6.2 अनुसार आवास निर्माण स्वीकृति की तारीख से 12 महीने में पूर्ण कर लिया जाना चाहिए। किस्त जारी होने के पश्चात हितग्राही के खाता को होल्ड नहीं किया जाता है। शेष प्रश्नांश उद्भुत नहीं होता। **(घ)** जी हां, कुल 80 लाभार्थी का नॉमिनी संशोधन किया गया है। नॉमिनी संशोधन हेतु ग्राम सभा प्रस्ताव, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा नामिनी का आधार कार्ड तथा बैंक खाते का विवरण व राशन कार्ड एवं शपथ पत्र की आवश्यकता होती है। जिसके आधार पर लाभार्थी का नामिनी संशोधन किया जाता है। ग्राम-पंचायतवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

मनरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

17. (क्र. 432) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25.11.2024 तक मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत कितने कार्य, कितनी लागत से स्वीकृत किए गए हैं? विवरण विकासखण्डवार देवें? **(ख)** कंडिका 'क' के अनुसार स्वीकृत कार्यों का चयन किस प्रक्रिया के तहत किया गया है? **(ग)** क्या क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा अनुसार कार्य स्वीकृत किया गया है? यदि हां कितने कार्य? **(घ)** क्या क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मनरेगा योजना

से विभिन्न निर्माण कार्य हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बिलासपुर को अनुशंसा पत्र प्रेषित किए हैं? यदि हां, तो अनुशंसा पत्र के आधार पर कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं? विवरण विकासखण्डवार देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25.11.2024 तक मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत कुल 115 कार्य, राशि रु. 434.37 लाख की लागत से स्वीकृत किये गए हैं। विकासखंड बिल्हा में 14 कार्य, स्वीकृति राशि रु. 41.82 लाख एवं विकासखंड मस्तूरी में 101 कार्य, स्वीकृति राशि रु. 392.55 लाख। **(ख)** कंडिका 'क' के अनुसार स्वीकृत कार्यों का चयन श्रमिकों की मांग के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जी.पी.डी.पी. में प्रस्तावित एवं ग्राम सभा में अनुमोदित कार्यों को महात्मा गांधी नरेगा के निर्धारित मापदंडों तथा शासन की प्राथमिकता के अनुक्रम में किया जाता है। **(ग)** कार्यों की स्वीकृति जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा के आधार पर नहीं अपितु ग्राम सभा/ग्राम पंचायत द्वारा तैयार किये गए जिला वार्षिक कार्य योजना तथा आवश्यकता अनुरूप कार्य की मांग के आधार पर एवं तकनीकी स्वीकृति उपरांत जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर द्वारा कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है, जिसमें जनप्रतिनिधियों के अनुशंसित कार्य भी शामिल हो सकते हैं। **(घ)** जी हाँ, कार्यों की स्वीकृति जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा के आधार पर नहीं अपितु ग्राम सभा/ग्राम पंचायत द्वारा तैयार किये गये जिला वार्षिक कार्य योजना तथा आवश्यकता अनुरूप कार्य की मांग के आधार पर एवं तकनीकी स्वीकृति उपरांत जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर द्वारा कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है, जिसमें जनप्रतिनिधियों के अनुशंसित कार्य भी शामिल हो सकते हैं।

<u>जिला चिकित्सालय, बेमेतरा में मरीजों को उपलब्ध आवश्यक चिकित्सकीय उपचार के</u>

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

18. (क्र. 450) श्री दीपेश साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला चिकित्सालय बेमेतरा में मरीजों को कौन-कौन सी चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध हैं? जो चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध नही हैं उनकी अनुपलब्धता के जानकारी कारण सहित देवें? **(ख)** क्या जिला चिकित्सालय में मरीजों को केवल प्राथमिक उपचार दिया जाता है या इसके अलावा अन्य उपचार दिया जाता है? यदि हां तो मरीजों को उच्च संस्था/निजी संस्था में रेफर किये जाने के क्या कारण है? तथा चिकित्सकीय सुविधाएं सुधार की क्या कार्य योजना है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जिला चिकित्सालय बेमेतरा में ओ.पी.डी. आई.पी.डी., प्रसव, पैथालॉजी, सोनोग्राफी, एक्स-रे, दंत चिकित्सा, मेडिकल बोर्ड, महिला एवं पुरुष नसबंदी, नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, पौषण पुनर्वास केन्द्र, एस.एन.सी.यू. बाल उपचार, एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत (बी.पी., शुगर, मानसिक स्वास्थ्य, कर्ण बधिरता, फिजियोथैरेपी) सिकलसेल, नियमित टीकाकरण, टी.बी., डायलिसिस, ब्लड बैंक एवं सामान्य चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ गंभीर मरीज भी उपचारित किये जाते हैं। वर्तमान में जिला चिकित्सालय बेमेतरा में हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, निःश्चेतना विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है, इसलिए इनसे संबंधित सेवायें नहीं दी जा रही है। **(ख)** जी नहीं। जिला चिकित्सालय में मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ-साथ अन्य आवश्यक उपचार भी दिया जाता है। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में अनुपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता अनुसार मरीजों को उच्च संस्थाओं में रिफर किया जाता है। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में चिकित्सकीय सुविधाओं में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

<u>पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत विकास कार्यों के संबंध में</u>

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

19. (क्र. 494) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2022 से दिनांक 25.11.2024 तक दुर्ग जिला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कितने निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है ? मदवार एवं वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्नांक 'क'

अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन सड़कों का 05 साल पूरा होने के बाद पुनः संवर्धन/मरम्मत का कार्य का ठेका हुआ है ? किन एजेंसियों को कार्य दिया गया ? दिनांक 25.11.2024 तक कितने सड़कों का मरम्मत/संवर्धन का कार्य लंबित है? वित्तीय वर्ष 2024-25 में कितने नये सड़कों की स्वीकृति दी गई है? स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण हैं, कितने अपूर्ण हैं? अपूर्ण सड़क कब तक पूर्ण कर ली जायेगी? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत किन-किन भवनो/निर्माण कार्यों का 05 साल पूरा होने के बाद पुनः संवर्धन/मरम्मत का कार्य का ठेका हुआ है ? किन एजेंसियों को कार्य दिया गया ? दिनांक 25.11.2024 तक कितने भवनों का मरम्मत/संवर्धन का कार्य लंबित है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी निरंक है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** जानकारी निरंक है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]**

जिला जशपुर अंतर्गत नाली निर्माण का प्रदत्त मुआवजा

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

20. (क्र. 500) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जशपुर अंतर्गत ग्राम तपकरा में नाली निर्माण हेतु वर्ष 2022-2023 से नवम्बर, 2024 तक कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गयी है? **(ख)**नाली निर्माण में कितने शासकीय अथवा कितने निजी क़ाबिज़ भूमि पर स्थित मकान तोड़े गये हैं,नाम सहित जानकारी देवें ? **(ग)** किस दर पर मुआवज़ा वितरण किया गया है? क्या मुआवज़ा वितरण हेतु प्रकरण लंबित है? यदि हां, तो कब तक निराकृत कर लिए जाएँगे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला जशपुर अंतर्गत ग्राम तपकरा में नाली निर्माण (विनोद के घर से अनिल चक्रेश के घर तक) हेतु वर्ष 2022-23 में 15वें वित्त आयोग (ग्राम पंचायत स्तर) योजना अन्तर्गत राशि रू. 7.00 लाख की स्वीकृति दी गई एवं राशि रू. 7.00 लाख व्यय की गई। **(ख)** इस नाली निर्माण के अंतर्गत कोई भी शासकीय अथवा निजी काबिज भूमि पर स्थित मकान नहीं तोड़े गये हैं। **(ग)** प्रश्न ही उद्भूत नहीं होता।

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों पर दर्ज प्रकरण

[गृह]

21. (क्र. 504) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत दिसंबर, 2023 से 26 नवंबर, 2024 तक कुल कितने ग्रामीणों को नक्सली आरोप में जेल में निरूद्ध किया गया है? **(ख)** UAPA (गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया क्या है? प्रश्नांश **(क)** अवधि में बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में उक्त अधिनियम के तहत कुल कितने ग्रामीणों पर प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत दिसम्बर, 2023 से 26 नवम्बर, 2024 तक किसी भी ग्रामीण को नक्सली होने के आरोप में जेल में निरूद्ध नहीं किया गया है। **(ख)** UAPA (गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम) अधिनियम 1967 के अध्याय 1-(ण) विधि विरूद्ध क्रियाकलापों से किसी व्यष्टि या संगम के संबंध में, ऐसे व्यष्टि या संगम द्वारा (चाहे कोई कार्य करके, या बोले गये अथवा लिखे गये शब्दो द्वारा, या संकेतो द्वारा, या दृश्यरूपेण द्वारा या अन्यथा) की गई कोई ऐसी कार्यवाही अभिप्रेत है-

1. जो किसी भी आधार पर, चाहे वह कुछ भी हो, भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग का अध्यर्पण या भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग का संघ से विलग हो जाना घटित करने के लिए, आशयित है, या उसके लिए किसी दावे का समर्थन करती है, या जो ऐसा अध्यर्पण या विलग हो जाना घटित करने के लिए किसी व्यष्टि या व्यष्टियों के समूह को उद्दीप्त करती है या

2. जिससे भारत की प्रभुता और प्रादेशिक अखण्डता का अन्-अंगीकरण होता है या उन पर आक्षेप होता है या जो उन्हे विच्छिन्न करती है या विच्छिन्न करने के लिए आशयित है, या

3. जो भारत के विरूद्ध द्रोह कारित करती है या द्रोह कारित करने के लिए आशयित है,

(त) विधि विरूद्ध संगम से कोई ऐसा संगम अभिप्रेत है-

1. जिसका उद्देश्य कोई विधि विरूद्ध क्रिया है या जो कोई विधि विरूद्ध क्रिया करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है या उसकी सहायता करता है अथवा जिसके सदस्य ऐसी क्रिया करते है अथवा

2. जिसका उद्देश्य भारतीय दण्ड संहिता की धारा 153 क या धारा 153 ख के अधिन दण्डनीय कोई कार्य है या जो कोई ऐसा कार्य करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है, या उनकी सहायता करता है अथवा जिसके सदस्य कोई ऐसा कार्य करते पाये जाने पर उनके विरूद्ध UAPA (गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम)अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाती है।

दिसम्बर 2023 से 26 नवम्बर 2024 किसी भी ग्रामीण के विरूद्ध UAPA (गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम) अधिनियम के तहत् प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में आवासों की स्वीकृति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

22. (क्र. 505) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची तथा आवास प्लस सूची के अनुसार हितग्राहियों की संख्या कितनी-कितनी है? ग्राम पंचायतवार बतावें? इनमें स्वीकृत कितने हैं? कितने आवास की प्रथम, द्वितीय, तृतीय किश्त की राशि जारी की गई है? कितने आवास पूर्ण हो चुके हैं? ग्राम पंचायतवार जानकारी देवें? **(ख)** बीजापुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आवास प्लस की सूची में कितने आवासधारियों की स्वीकृति प्रदान की गई? कितने प्रतीक्षा सूची में हैं? कितने प्रारंभ हो चुके हैं? कितने पूर्ण हो चुके हैं? कितने अपूर्ण हैं? विस्तृत जानकारी ग्रामवार देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मनरेगा कार्य का मजदूरी भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

23. (क्र. 509) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से दिनांक 26/11/24 तक मनरेगा योजना अंतर्गत कितनी राशि के कितने (मिट्टी तथा मटेरियल पक्का) कार्य स्वीकृत किये गये है? उक्त स्वीकृत कार्यों में कितने पूर्ण, कितने अपूर्ण एवं कितने अप्रारंभ हैं? क्या राज्य शासन द्वारा पक्के कार्य (मटेरियल) की स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही है तो क्यों? मनरेगा कार्य हेतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उक्तावधि में जिला मुंगेली हेतु कितनी राशि जारी की गई? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या जिला मुंगेली में मनरेगा के सभी कार्यों में 60ः40 के रेशियों का पालन किया गया है? यदि नहीं तो क्यों? क्या कराए गए कार्यों की मजदूरी का भुगतान हो चुका है? यदि नहीं तो कितनी राशि किन कारणों से लंबित है? मजदूरी का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं, सभी कार्यों में 60ः40 रेशियो का पालन करना अनिवार्य नहीं है। कराये गए कार्यों की मजदूरी का भुगतान हो चुका है। शेषांश प्रश्न उद्भुत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

रेडी टू ईट का कार्य महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपे जाने के संबंध में गठित अध्ययन दल

[महिला एवं बाल विकास]

24. (क्र. 513) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या रेडी टू ईट का कार्य महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपे जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्तमान स्थिति में परिवर्तन एवं अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का निरीक्षण/ परीक्षण किए जाने हेतु अध्ययन दल गठित किया गया था? अध्ययन दल के प्रतिवेदन पर क्या समुचित निर्णय राज्य सरकार/ विभाग द्वारा लिया गया? क्या-क्या कार्यवाही उक्त प्राप्त प्रतिवेदन पर अब तक की गई? यदि नहीं तो क्यों? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में अप्रैल, 2023 से दिनांक 26/11/24 तक महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र हेतु पोषण आहार प्रदान किया गया है? किन-किन केंद्रों में किन-किन समूह द्वारा यह कार्य किया जा रहा है? यदि नहीं तो किसके द्वारा पोषक आहार प्रदाय किया जा रहा है ? यदि जिला में पोषक आहार का विवरण बंद है तो कब से, किन कारणों से वितरण बंद है? जानकारी प्रदान करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हॉ। अध्ययन दल के अनुशंसा के प्रकाश में समुचित निर्णय लिये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ख)** जी हॉ। जिले में महिला स्व सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में नाश्ता एवं गर्म पका हुआ भोजन हेतु खाद्य सामग्री का प्रदाय एवं परियोजना गोदाम से रेडी टू ईट का परिवहन का कार्य किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रवार, समूहवार जानकारी**पुस्तकालय** में रखे संलग्न परिशिष्ठ अनुसारहै। नाश्ता एवं गर्म पका हुआ भोजन महिला समूहों द्वारा प्रदाय नहीं किये जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा केन्द्रों में सामग्री प्रदाय किया गया है। तथापि माह जून 2024 में रेडी टू ईट का वितरण में आंशिक अवरोध हुआ था। जिले में पूरक पोषण आहार का वितरण नियमित है।

राज्य में संचालित नर्सिंग कॉलेज

[चिकित्सा शिक्षा]

25. (क्र. 515) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में कुल कितने नर्सिंग कॉलेज है? क्या ये सभी इंडियन नर्सिंग कॉउंसिल नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं?यदि हां तो कोर्स की सीट संख्या सहित सूची देवें? **(ख)** क्या राज्य शासन को यह अधिकार दिया गया है कि वह बिना केंद्र शासन (इंडियन नर्सिंग कॉउंसिल) की अनुमति के स्वयं अपने स्तर पर नर्सिंग कॉलेज में सीटों की वृद्धि की अनुमति दे सकती है ? यदि हां तो किस नियम के आधार पर कृपया उक्त नियम की प्रति देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) छत्तीसगढ़ में कुल 131 (08 शासकीय, 123 निजी) नर्सिंग कॉलेज है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली किसी भी नर्सिंग कॉलेज को मान्यता न देकर उपयुक्तता प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ स्टेट नर्सिंग काउंसिल, रायपुर द्वारा राज्य के नर्सिंग कॉलेजो को मान्यता प्रदान की जाती है। वर्तमान मे इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली द्वारा 99 नर्सिंग कॉलेजांे को उपयुक्तता प्राप्त है व शेष 32 कॉलेजों को उपयुक्तता प्राप्त नहीं है। किन्तु छत्तीसगढ़ स्टेट नर्सिंग काउंसिल, रायपुर से सभी नर्सिंग कॉलेज को मान्यता प्राप्त है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।
(ख) राज्य शासन नर्सिंग कॉलेजों में सीट वृद्धि की अनुमति नहीं देती है, अपितु भारतीय उपचर्या परिषद की अधिसूचना दिनांक 05 जुलाई 2021 की कंडिका V (3) अनुसार ''पात्र संगठन/संस्थान को संबंधित राज्य सरकार से अनिवार्यता प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा, जहां बी.एस.सी. नर्सिंग कॉलेज ऑफ नर्सिंग स्थापित करने की मांग की गई है'' एवं छ.ग.शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्र क्रमांक 17-23/2013/नौ/17 दिनांक 20.05.2013 की कंडिका 1.10 चरण-IV के अनुसार '' शासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना'' नियम की प्रति जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

खैरागढ विधानसभा में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाएं

[महिला एवं बाल विकास]

26. (क्र. 517) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐसी कितनी विवाहित महिलाएं हैं जिन्हें महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है और कितनी विवाहित महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा क्यों? विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** के अनुसार महतारी वंदन योजना के लाभ हेतु क्या-क्या शर्तें निर्धारित की गयी है? कितनी विवाहित महिलाओं का दिनांक 26/11/24 तक पंजीयन होना बाकी है? पंजीयन में छूट गई महिलाओं को योजना में शामिल करने के क्या नियम/योजना बनाये गए हैं? और कब तक लाभार्थियों का पंजीयन पूर्ण कर लिया जाएगा? **(ग)** वर्ष 2023-24 में नवविवाहित महिलाएं का पंजीयन कब तक पूर्ण किया जाएगा? समयावधि बतायें? यदि लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिलता है, इस स्थिति में किसे जिम्मेदार माना जायेगा और उन पर क्या कार्यवाही की जाएगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मार्च 2024 की स्थिति में आवेदन करने वाले 88,495 आवेदिकाओं में से 88, 307 पात्र विवाहित महिलाओं को लाभ दिया गया है तथा 188 विवाहित महिलाओं को अपात्र होने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अद्यतन स्थिति में 87,958 विवाहित महिलाओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है। विकासखंडवारजानकारी **संलग्न 'प्रपत्र-अ' अनुसार है। (ख)** महतारी वंदन योजना के लाभ हेतु निर्धारित शर्तें **संलग्न 'प्रपत्र-ब'** अनुसारहै। कितनी विवाहित महिलाओं का दिनांक 26.11.2024 तक पंजीयन होना बाकी है यह जानकारी उपलब्ध नहीं है। पंजीयन में छूट गयी महिलाओं को पुनः योजना में शामिल किए जाने हेतु अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, अतः समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** वर्ष 2023-24 में नवविवाहित महिलाओं के पंजीयन किए जाने के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। पात्र आवेदन करने वाली सभीलाभार्थियोंको योजना का लाभ मिल रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

रायगढ़ जिला के शासकीय चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की कमी

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

27. (क्र. 521) श्री उमेश पटेल : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या रायगढ़ जिला के शासकीय चिकित्सालयों में डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ तथा दवा की कमी के कारण मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है? यदि हां, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? मरीजों को ईलाज के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े, इस हेतु शासन की क्या कार्ययोजना है? जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। विभाग द्वारा दिसम्बर 2023 से अभी तक रायगढ़ जिला के जिला चिकित्सालय एवं अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 27 चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। जिससे मरीजों को ईलाज के लिए कोई परेशानी नहीं हो रही है। चिकित्सकीय सुविधाओं के सुधार के लिए विभाग द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है। वित्त निर्देश 18/2023 एवं 04/2024 के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग से चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य पदों पर भर्ती हेतु अनुमति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा संविदा नियुक्ति के तहत चिकित्सा विशेषज्ञों/चिकित्सकों के भर्ती की कार्यवाही ऑनलाईन माध्यम से निरंतर की जा रही है।

रीपा केन्द्रों की जांच/कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

28. (क्र. 528) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- क्या विधान सभा तांराकित प्रश्न सं.06 क्रमांक (1155), दिनांक 15.02.2024 में रीपा योजनांतर्गत पूछे गए प्रश्न के संबंध में मुख्य सचिव/सचिव/अन्य स्तर से जांच की घोषणा की गई थी? यदि हॉ तो जांच प्रतिवेदन कब प्रस्तुत किया गया? अनियमितता एवं कमियों हेतु दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हॉ। जांच प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत किया जायेगा। प्रतिवेदन में प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर दोषियों के विरूद्ध गुणदोष के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

क्रय आदेशों की शिकायत पर कृत कार्यवाही

[महिला एवं बाल विकास]

29. (क्र. 529) श्री धरमलाल कौशिक : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिनांक 26/11/24 तक विभाग द्वारा संचालनालय स्तर से किन-किन सामग्रियों के लिए 10 लाख से अधिक राशि का क्रय आदेश कब-कब जारी किया गया व कितना भुगतान किन-किन को किया गया? इस संबंध में क्या-क्या शिकायतें प्राप्त हुई थी व इस पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? सामग्रीवार, भुगतानवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : जानकारी **पुस्तकालय में रखे परिशिष्ठ अनुसार है।** तथापि क्रय आदेश एवं प्रदाय के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं है। फलस्वरूप कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जिला जांजगीर चाम्पा व सक्ती अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा किराये पर लिए गए वाहन का भुगतान

[गृह]

30. (क्र. 536) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वर्ष जनवरी, 2023 से 18 नवम्बर, 2024 तक जिला जांजगीर-चाम्पा व सक्ती जिले में पुलिस विभाग द्वारा उपयोग की जा रही गाड़ियां किराये पर ली गयी हैं? यदि हां, तो इसके लिए निविदा कब-कब आमंत्रित की गई? निविदा में कितने फर्मो ने भाग लिया? निविदा में चयनित फार्म द्वारा कौन-कौन सी गाडियों के लिए, कितनी-कितनी राशि का किराया निर्धारित किया गया? किराया निर्धारण का मापदंड क्या रखा गया था? निविदा में शामिल होने वाले फर्मो (पूर्ण पता सहित) चयनित फर्म का नाम (पूर्ण पता सहित), भुगतान दिनांकवार, भुगतान राशि आदि का पूर्ण विवरण वाहनवार, विकासखडवार, जिलेवार प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हॉ। निविदा आमंत्रित नहीं की गई। वित्त विभाग के निर्देश 09/2010 एवं 05/2024 में प्रावधानित अनुसार जिला कलेक्टर से स्वीकृति प्राप्त कर किराये पर लिया गया है। वाहनों के किराया का निर्धारण कार्यालय राज्य शिष्टाचार अधिकारी के निर्देश दिनांक 04.04.2012 एवं वित्त निर्देश 14/2024, दिनांक 07.06.2024 के माध्यम से किया जा रहा है। शेषांश उपस्थित नहीं होता है।

विकासखण्ड बलौदाबाजार में चल रहे निर्माण कार्यों के गुणवत्ताहीन होने की प्राप्त शिकायतें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

31. (क्र. 541) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बलौदाबाजार वि.खं. अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरी में वर्ष 2022-23 से दिनांक 26/11/24 तक कितने कार्यों की किन-किन योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है? स्वीकृत कार्य की पूर्ण-अपूर्ण जानकारी बतायें? **(ख)** निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है? **(ग)** गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जांच के मूल्यांकन सत्यापन एवं जांचकर्ता अधिकारी कौन थे? जांच उपरांत किन-किन अधिकारियों के ऊपर क्या-क्या कार्यवाही की गई? जानकारी बतायें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

सी.जी.एम.एस.सी द्वारा उपकरण, री-एजेंट, कंज्यूमेबल और दवा-औषधि का क्रय

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

32. (क्र. 543) श्री इंद्र साव : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दिनांक 26/11/24 कब-कब, कितनी-कितनी, कौन-कौन सी और किस-किस से, उपकरण, री-एजेंट, कंज्यूमेबल और दवा-औषधि का बिना बजट उपलब्धता के क्रय सी.जी.एम.एस.सी द्वारा किया गया है? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के बगैर बजट की उपलब्धता के क्रय हेतु दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं तो क्यों?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में उपकरण, रिएजेंट, कंज्यूमेबल और दवाईयों का क्रय का किस मांग पत्र के आधार पर एवं किस मद से की गई है- इस हेतु एक जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।**(ख)** समिति की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत महिलाओं की गुमशुदगी के थानावार दर्ज प्रकरण

[गृह]

33. (क्र. 551) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक थानावार कितनी महिलाओं की गुमशुदगी/तस्करी के मामले दर्ज हैं ? **(ख)** उनमें नाबालिग बालिकाओं की संख्या कितनी है? **(ग)** महिला एवं नाबालिग बालिका गुमशुदा/ तस्करी के कितने प्रकरणों में पुलिस की कार्यवाही से सफलता प्राप्त हुई? बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** नाबालिग बालिकाओं की संख्या - 94 है। **(ग)** 312 प्रकरणों में सफलता प्राप्त हुई है। सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के काराबेल में हुई चोरी की घटना

[गृह]

34. (क्र. 553) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत काराबेल स्कूल में 8 बार चोरी का मामला सामने आया है? यदि हां, तो दोषी आज तक पकड़ा गया या नहीं? अगर नहीं तो उक्त स्कूल में सुरक्षा की क्या योजना है एवं चोरी व डकैती पर अंकुश लगाने की क्या कार्य योजना है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी नहीं। काराबेल स्कूल एवं सीतापुर क्षेत्र में चोरी एवं डकैती पर अंकुश लगाने के लिए निम्न कार्य योजना तैयार किया गया है:-01. निगरानी/माफी बदमाश, संदेहियों से पूछताछ एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है। 02. चोरी के अपराधों के पूर्व सजायाफ्ता आरोपियों से पूछताछ कर, उन पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। 03. काराबेल स्कूल की सुरक्षा एवं चोरी व डकैती पर अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग करायी जा रही है। 04. सीतापुर क्षेत्र में चोरी के समान क्रय-विक्रय करने वालों एवं कबाड़ी खरीदने वालों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। 05. कम्यूनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत ग्राम रक्षा समिति एवं पुलिस मित्र योजना चलायी जा रही है एवं ग्राम रक्षा समिति की बैठक आयोजित कर गांव में बाहर से आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एकत्रित किया जाता है।

जांजगीर-चांपा जिले में पंचायतों के कार्यों में अनियमितता एवं पंचायत सचिवों का स्थानांतरण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

35. (क्र. 555) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले के अकलतरा एवं बलौदा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम-पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों के विरूद्ध आर्थिक अनियमितता की कितनी शिकायतें वर्ष 2023-24 एवं वर्तमान वर्ष 2024-25 में 26.11.2024 तक प्राप्त हुई हैं अथवा संज्ञान मे आई हैं? विकासखण्डवार एवं वर्षवार जानकारी प्रदान करें? क्या प्राप्त शिकायतों की जांच कराई गई? यदि हां, तो जांच प्रतिवेदन की प्रति सहित, की गई कार्यवाही की सम्पूर्ण जानकारी विकासखण्डवार व प्रकरणवार प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश (क) अवधि में अकलतरा एवं बलौदा विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत कितने पंचायत सचिवों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया? स्थानांतरण आदेश की अवहेलना करने वालों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? विकासखण्डवार व प्रकरणवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। प्राप्त शिकायतों पर जांच कराई गई है। 02 जांच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

धमतरी जिले में संचालित सखी वन स्टाप सेंटर

[महिला एवं बाल विकास]

36. (क्र. 562) श्री ओंकार साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** धमतरी जिले में अनाथ, निराश्रित बच्चों के लिए विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त आवासीय परिसर एवम सखी वन स्टाप सेंटर कहाँ-कहाँ पर संचालित हैं? इसके संचालन हेतु क्या दिशा-निर्देश हैं? विगत 03 वर्षों में कितनी राशि, किन-किन सामग्रियों पर खर्च की गई? **(ख)** 2021-22 से नवंबर, 2024 तक धमतरी जिले में कहां-कहां सामूहिक विवाह आयोजित किए गए? विकासखंडवार जानकारी दें? आयोजित किए गए सामूहिक विवाह में प्रत्येक हितग्राही के लिए कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? कौन-कौन सी सामग्री प्रत्येक हितग्राही को प्रदान की गई? सामग्रियों हेतु विभाग द्वारा कब निविदा जारी की गई और किस-किस वेंडर से खरीदी की गई? **(ग)**क्या सामूहिक विवाह में हितग्राहियों को सामग्रियों के अलावा नकद राशि देने का भी प्रावधान है? यदि हां, तो राशि का विवरण विकासखंडवार दें? सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए हितग्राहियों के चयन के लिए क्या-क्या प्रक्रिया अपनाई गई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) धमतरी जिले में अनाथ, निराश्रित बच्चों के विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त आवासीय परिसर जुनेजा स्टील गली रत्नाबांधा रोड, धमतरी में एवं सखी वन स्टॉप सेंटर ओजस्वी नर्सिग होम के बाजू रूद्री रोड धमतरी में संचालित है। मिशन वात्सल्य अन्तर्गत आवासीय परिसर संचालन के दिशा-निर्देश **पुस्तकालय में रखे ''परिशिष्ठ-अ''** अनुसार एवं सखी वन स्टॉप सेंटर संचालन के सम्बन्ध मे दिशा-निर्देश **पुस्तकालय में रखे ''परिशिष्ठ-ब''** अनुसार है। आवासीय परिसर एवं सखी वन स्टॉप सेंटर हेतु विगत 03 वर्षो में सामग्रियों पर खर्च की गई राशि का विवरण **पुस्तकालय में रखेपरिशिष्ठ-'स' एवं 'द'** अनुसार है। **(ख)** 2021-22 से नवबंर, 2024 तक धमतरी जिले में आयोजित सामूहिक विवाह, प्रत्येक हितग्राही के लिए व्यय राशि एवं प्रदाय सामग्रियों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''परिशिष्ठ-ई''** अनुसार है। सामग्रियों हेतु विभाग द्वारा जारी निविदा की जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''परिशिष्ठ-फ''** अनुसार एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता वेंडर की जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''परिशिष्ठ-ग''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं, सामूहिक विवाह में हितग्राहियों को सामग्रियों के अलावा नकद राशि देनेे का प्रावधान नहीं है अपितु बैंक ड्रॉफ्ट के रूप में खाते में राशि दिये जाने का प्रावधान हैं। बैंक ड्रॉफ्ट के रूप में दी गई राशि का विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''परिशिष्ठ-ह''** अनुसार है। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिए हितग्राहियों के चयन हेतु ग्राम पंचायतों में मुनादी कराया गया, प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन एवं पात्रता रखने वालें हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया गया। तत्पश्चात् आवेदनों एवं संलग्न समस्त दस्तावेजों

का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक व परियोजना अधिकारी द्वारा परीक्षण कर समिति से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

सिविल अस्पताल कुरूद और जिला अस्पताल धमतरी में इलाज में लापरवाही के प्रकरण

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

37. (क्र. 563) श्री ओंकार साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिविल अस्पताल कुरूद और जिला अस्पताल धमतरी में दिनांक 18 सितंबर, 2024 से 10 अक्टूबर, 2024 तक कौन-कौन से डॉक्टर ने दुराचार पीड़ित 4 साल की बच्ची की जांच की? **(ख)** दुराचार पीड़ित बच्ची के इलाज में किसी तरह की चूक हुई? यदि हां तो कौन-कौन डॉक्टर इलाज में लापरवाही बरतने के लिए जिम्मेदार हैं एवं उक्त डॉक्टर पर क्या कार्रवाई की गई?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) सिविल अस्पताल कुरूद में डॉ.एन.के. कामड़े, डॉ. निरजा गिरवानी, डॉ. गौरव नेताम, डॉ बी.के. मरकाम, डॉ. एच.आर. देवांगन, डॉ. जे.पी. दीवान,डॉ. शीलारानी देवांगन द्वारा तथा जिला अस्पताल धमतरी में डॉ. रचना पदमवार, डॉ. रागिनी ठाकुर, डॉ. अखिलेश देवांगन, डॉ. रविकिरण शिंदे द्वारा पीड़िता की जांच एवं उपचार किया गया। **(ख)** पीड़ित बच्ची के उपचार में कुछ लापरवाहियॉ जांच में परिलक्षित हुई है। घटना के पश्चात् सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, धमतरी डॉ. अरूण कुमार टोण्डर को प्रभार से हटा दिया गया है। प्रकरण में जांच/कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में घटित अपराधों के दर्ज प्रकरण

[गृह]

38. (क्र. 576) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में जनवरी, 2023 से नवम्बर, 2024 तक चोरी-डकैती, लूटपाट, मारपीट, हत्या, बलात्कार, गांजा तस्करी, छेड़छाड़ के कितने प्रकरण दर्ज हुये? जिलेवार संख्यात्मक जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में ही इन प्रकरणों में से कितने प्रकरणों का निराकरण हो गया तथा कितनों में चालान प्रस्तुत करने की कार्यवाही पूर्ण हो गई तथा कितनों का चालान प्रस्तुत होना शेष है? **(ग)** ऐसे कितने विचाराधीन आरोपी जेल में बंद हैं, जिनका चालान प्रस्तुत होना शेष है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार, अपराध शीर्षवार, संख्यात्मक जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में श्रमिकों का पलायन

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

39. (क्र. 577) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छ.ग. राज्य में श्रमिकों/मजदूरों का अपने जिले से अन्य जिलों /राज्यों में रोजगार हेतु जाने के लिए पंजीयन का प्रावधान है? यदि हां, तो बस्तर संभागान्तर्गत कितने लोगों ने पंजीयन करवाया? 03 वर्ष की जिलेवार संख्यात्मक जानकारी देवें? **(ख)** अवैध रूप से मजदूरों का पलायन होने को रोकने के लिए विभाग के द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे बतावें? **(ग)** रोजगार की तलाश में दूसरे प्रांत में गये मजदूरों को बंधक बनाये जाने संबंधी कितने प्रकरण आये व इसमें कितने प्रकरणों में मजदूरों की रिहाई कराई गई? कृपया बस्तर संभागान्तर्गत जिलों के संबंध में जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ, विभाग अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में पलायन पंजी संधारित करने का प्रावधान है। बस्तर संभाग अन्तर्गत 438 लोगों ने पंजीयन करवाया। शेष प्रश्नांश की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** अवैध रूप से मजदूरों को ठेकेदारों द्वारा ले जाने संबंधी कोई भी

शिकायत श्रम विभाग को प्राप्त नहीं हुई है। श्रम विभाग द्वारा अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979 अंतर्गत अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकारों के नियोजन एवं सेवा शर्तों का प्रवर्तन किया जाता है। अवैध रूप से मजदूरों को अन्य राज्यों में रोजगार हेतु ले जाने वाले नियोजकों/ठेकेदारों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाती है। **(ग)** रोजगार की तलाश में दूसरे प्रांत में गये मजदूरों को बंधक बनाये जाने संबंधी कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 12 प्रकरणों में मजदूर बंधक बनाया जाना पाया गया तथा शेष शिकायतें सही नहीं पायी गयी। मजदूरों को बंधक बनाये जाने वाले 12 प्रकरणों में कुल 48 श्रमिकों को संबंधित जिला प्रशासन द्वारा अवमुक्त कराया गया। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत एम्बुलेंस में ऑक्सीजन की कमी के कारण असामायिक मृत्यु

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

40. (क्र. 580) श्री फूलसिंह राठिया : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या दिनांक 24-11-2024 को रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत जोगीपाली में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कांति राठिया उस एवं उसके नवजात बच्चों की मौत एम्बुलेंस में ऑक्सीजन नहीं होने के कारण हो गई, इस घोर लापारवाही हेतु जिम्मेदार कौन है? तथा संबंधित उपर क्या कार्यवाही की गई? **(ख)**क्या दोषी अधिकारियों के उपर कार्यवाही करते हुए इनके परिवार को भरण पोषण एवं मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी यदि हां तो इस परिवार को मुआवजा राशि कब तक देंगे?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी नहीं। शेष प्रश्नांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

41. (क्र. 581) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- सर्वे सूची 2011 के अनुसार रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ऐसे कितने हितग्राही हैं जिन्हें आज की स्थिति में दोबारा आवास स्वीकृत हुआ है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सर्वे सूची 2011 के अनुसार दोबारा आवास स्वीकृत प्रकरण **निरंक** है।

जिला सुकमा में महात्मा गांधी नरेगा मद से स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

42. (क्र. 583) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग से जिला सुकमा में दिसम्बर 2023 से 20 नवम्बर, 2024 तक महात्मा गांधी नरेगा मद से कितने से कार्य स्वीकृत किए गए ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है? यदि अपूर्ण हैं तो क्यों? **(ग)** स्वीकृत कार्यों की मटेरियल और मजदूरी भुगतान की क्या स्थिति है? क्या कार्य की वर्तमान स्थिति तक भुगतान हो गया है? यदि नहीं तो क्यों? बकाया भुगतान कब तक करा लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** कार्यों की भौतिक स्थिति **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। महात्मा गांधी नरेगा मांग आधारित योजना है, पंजीकृत परिवारों के मांग अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा। प्रश्नावधि के कार्य एक वर्ष के भीतर के हैं, जो कि वर्तमान में प्रगतिरत हैं। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। जी हाँ। शेषांश उद्भुत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण/संलग्नीकरण

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

43. (क्र. 587) श्री अनुज शर्मा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2021 से प्रश्न दिनांक तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एन.एच.एम./एन.एच.आर.एम) अंतर्गत जिला रायपुर कार्यरत कितने अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानांतरण/संलग्नीकरण या कार्य संपादन हेतु स्थान परिवर्तन पदस्थापना स्थल से अलग स्थल पर किया गया है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम./एन.एच.आर.एम) में सेवाशर्तो में स्थानांतरण/संलग्नीकरण किये जाने का नियम है? यदि हां तो किस नियम के तहत? यदि नहीं, तो क्या किये गये सभी स्थानांतरण/संलग्नीकरण निरस्त किये जा सकते है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) :(क) जिला-रायपुर मे कार्यरत 74 अधिकारी/कर्मचारी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् पदस्थापना स्थल से अलग स्थल पर कार्य संपादन हेतु आदेशित किया गया है। **(ख)** जी हॉ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी मानव संसाधन नीति 2018 में स्थानांतरण की कंडिका क्रमांक 42 में नियम एवं शर्तों में प्रावधान उल्लिखित है। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जिला महासमुंद में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता व लंबित भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

44. (क्र. 592) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** महासमुन्द जिले में 1 जनवरी 2024 से 24 नवम्बर 2024 तक स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की कुल संख्या व राशि विकास खण्डवार बतायें? उक्तावधि में जारी राशि व हितग्राहियों की संख्या विकास खण्डवार देवें। **(ख)** महासमुंद जिले में पात्र हितग्राही को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी नहीं किये जाने के कारणों का निराकरण कर कब तक राशि जारी कर दी जावेगी? **(ग)** जिले में उक्तावधि में प्रधान मंत्री आवास से सम्बंधित शिकायत व कार्यवाही की जानकारी विकासखण्डवार बतायें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राहियों का भुगतान पीएफएमएस में आधार सत्यापन संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण लंबित है, जिसका निराकरण किया जा रहा है, निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

महासमुंद जिले में मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

45. (क्र. 599) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 और 2024-25 में दिनांक 25/11/2024 तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण के लिए कितने कार्यों के लिए कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है ? जानकारी विकासखंडवार दें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्यों को जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से स्वीकृति प्रदान की गई है ? स्वीकृत राशि सहित जानकारी विकासखंडवार बताएं। **(ग)** डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण और अनियमितता की शिकायत कितने व्यक्तियों ने की है ? उपरोक्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है? जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** कार्यों की स्वीकृति जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा के आधार पर नहीं अपितु ग्राम सभा/ग्राम पंचायत द्वारा तैयार किये गये

जिला वार्षिक कार्य योजना तथा आवश्यकता अनुरूप कार्य की मांग के आधार पर एवं तकनीकी स्वीकृति उपरांत जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर द्वारा कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है, जिसमें जनप्रतिनिधियों के अनुशंसित कार्य भी शामिल हो सकते हैं। **(ग)** एक डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कार्य में दो व्यक्तियों द्वारा शिकायत की गई है, जिसमें शिकायत की जाँच हेतु गठित दल द्वारा जाँच उपरान्त किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

महिलाओं एवं नाबालिग बच्चियों के विरूद्ध घटित अपराधिक घटनायें

[गृह]

46. (क्र. 603) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में जनवरी 2024 से नवबंर 2024 तक कुल कितने महिलाओं एवं नाबालिग बच्चियों की हत्या,बलात्कार,अपहरण, मारपीट एवं छेड़खानी की घटना हुई है? जिलावार एवं अपराधवार संख्या की जानकारी दें। **(ख)** उक्त घटनाओं के कितने अपराधी गिरफ्तार हुये हैं और कितने फरार हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलावार एवं अपराधवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

कोटा में हुये टीकाकरण से बच्चों की मौत होना

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

47. (क्र. 605) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोटा, विकासखंड जिला बिलासपुर के स्वास्थ्य केन्द्र में टीकाकरण के पश्चात हुई बच्चों की मृत्यु की घटना कब हुई और कितने बच्चों की मौत हुई थी? स्वास्थ्य विभाग के जांच रिपोर्ट में बच्चों के मौत का कारण क्या पाया गया है? **(ख)** उक्त घटना दिनांक में स्वास्थ्य केन्द्र, कोटा में कौन-कौन शिशुरोग विशेषज्ञ पदस्थ थे? घटना दिनांक में कौन शिशुरोग विशेषज्ञ, स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में उपस्थित थे? क्या परिजन द्वारा गंभीर शिशु के ईलाज हेतु सामु.स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया था? शिशु रोग विशेषज्ञ एवं डयूटी डाक्टर द्वारा गंभीर शिशु का क्या प्राथमिक उपचार किया गया? क्या शिशु रोग विशेषज्ञ पदस्थ होने के पश्चात भी उपस्थित नहीं थे तो विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन द्वारा भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिये क्या उपाय एवं तैयारी की गई है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) घटना दिनांक 30.08.2024 एवं 31.08.2024 को हुई, जिसमें 02 बच्चों की मौत हुई थी। जांच रिपोर्ट में बच्चों के मौत का कारण एस्पिरेशन/सडन इन्फेन्ट डेथ होना पाया गया। **(ख)** जिला कार्यालय में प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी के रूप में डॉ. प्रमोद तिवारी कार्यरत एवं पदस्थ थे। जो घटना के समय स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में उपलब्ध नही थे। परिजनों के द्वारा बच्चे को चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया था। बच्चे की पूर्व से ही मृत्यु हो जाने के कारण किसी प्रकार का प्राथमिक उपचार नही किया जा सका। पदस्थ शिशुरोग विशेषज्ञ जिले में टीकाकारण अधिकारी के पद पर कार्यरत है अतः विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नही होता। **(ग)** स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन द्वारा भविष्य में इस घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु शासन स्तर से समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्व से ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है। पूर्व से ही रोग प्रतिक्रिया रोधक सामग्री (एईएफआई किट) एवं जीवनरक्षक औषधियों की उपलब्धता प्रत्येक टीकाकरण सत्र में सुनिश्चित किया जाता है एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षित रहते है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाएं एवं आबंटित राशि की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

48. (क्र. 606) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना, शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से जनवरी 2024 से दिनांक 26/11/2024 तक कितने लोगों को लाभान्वित किया गया है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार संचालित स्वास्थ्य योजनाओं हेतु कितनी राशि बजट में प्रस्तावित है तथा अस्पतालों को कितनी राशि का भुगतान किया गया है एवं कितनी राशि का भुगतान करना शेष है? जानकारी देवें? **(ग)** माह अक्टूबर 2024 में दंतेवाड़ा जिले में मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के दौरान कितने लोगों ने ऑपरेशन कराया था? कितने लोगों की आँखों में इन्फेक्शन हुआ था एवं उनका ईलाज कहाँ कराया गया? घटना में कितने लोगों की आँख की रोशनी चली गई? तथा इस घटना के जिम्मेदार कौन-कौन थे एवं उन पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? विवरण देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ एवं ब'' अनुसार** है। **(ख)** आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना, शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रूपये 1778.05 करोड़ एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल रूपये 1800.05 करोड़ की राशि बजट में स्वीकृत है। प्रश्नांक ''क'' अनुसार अस्पतालों को जनवरी, 2024 दिनांक 26.11.2024 तक रूपये 1555.8 करोड़ का भुगतान किया गया है एवं रूपये 1169.7 करोड़ की राशि का भुगतान शेष है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रूपये 50 करोड़ एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल रूपये 50.00 करोड़ की राशि स्वीकृत है। अस्पतालों को जनवरी, 2024 से दिनांक 26.11.2024 तक रूपये 32.98 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है एवं रूपये 11.93 करोड़ की राशि का भुगतान कराना शेष है। **(ग)** कुल 108 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन हुआ था, जिसमें से 17 मरीजों की आंखों में इन्फेक्शन पाया गया था। जिनका उच्च स्तरीय ईलाज पं.जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज, रायपुर में कराया गया। इस घटना में 05 मरीजों की आंख की रोशनी हेतु उपचार जारी है। घटना में प्रथम दृष्टया जिम्मेदार 01 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 01 नेत्र सहायक अधिकारी, 01 स्टॉफ नर्स, आई.ओ.टी. प्रभारी को निलंबन किया गया है एवं जिला स्तर से 01 माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट, 01 जूनियर साइंटिस्ट संविदा कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज द्वारा आबंटित वाहन व उन पर व्यय

[गृह]

49. (क्र. 607) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज द्वारा वर्ष 2022 से दिनांक 26/11/2024 तक किन-किन लोगों को शासकीय वाहन आबंटित किया गया है? उनके नाम, मूल पदनाम की जानकारी देवें? **(ख)** शासकीय वाहन आबंटन किस नियम एवं शर्तों के तहत किस कर्मचारी/अधिकारी को आबंटित किया जाता है? नियम की जानकारी देवें? **(ग)** क्या छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज द्वारा आबंटित सभी गाड़ियों पर वार्षिक मेंटेनेंस हेतु कोई राशि का प्रावधान है? यदि है तो प्रश्नांक अवधि तक कितने वाहनों पर कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** शासकीय वाहनों का आबंटन स्टेट गैरेज के वाहन आबंटन नीति के तहत किया जाता है। **(ग)** जी हॉ। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित योजनाओं से प्राप्त ब्याज की राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

50. (क्र. 611) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी एवं केसीजी अंतर्गत वर्ष 2022-2023 से दिनांक

26/11/2024 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से प्राप्त ब्याज की राशि की जानकारी योजनावार वर्षवार देवें? ब्याज की राशि का प्रयोग किन-किन कार्यों के लिये किया गया? **(ख)** ब्याज की राशि के उपयोग हेतु अनुमति किस सक्षम अधिकारी या विभाग से ली गई? अनुमति लेने का क्या प्रावधान है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** ब्याज की राशि का उपयोग नहीं करने के कारण प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

टैक्सी परमिट की जांच की जानकारी

[गृह]

51. (क्र. 613) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी एवं केसीजी अंतर्गत 01 जनवरी 2022 से दिनांक 25/11/2024 तक बिना व्यवसायिक पंजीयन के वाहन विभाग में किराये पर उपयोग कि जा रहे हैं? यदि हां तो वाहनों के व्यवसायिक पंजीयन की जॉंच, परमिट एवं फिटनेस का परीक्षण कब-कब किया गया? परीक्षण उपरांत क्या-क्या कार्यवाही की गई? वाहन क्रमांक, वाहन मालिक का नाम, की गई कार्यवाही का विवरण, जांचकर्ता अधिकारी/कर्मचारी का नाम/पदनाम की जानकारी दिनांकवार, विकासखंडवार देवें? **(ख)** क्या किराये पर चला रहे गाड़ी मालिकों द्वारा जीएसटी, टीडीएस एवं इन्कम टैक्स का भुगतान किया जा रहा हैं? यदि हां तो जीएसटी, टीडीएस, इन्कम टैक्स टीडीएस का भुगतान कब एवं किस माध्यम से किया गया? की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ। वित्त निर्देश 09/2010, 05/2024 एवं 14/2024 में प्रत्योजित अधिकार तथा नियम शर्तों के अधीन हल्के वाहन किराये पर लिये जाते हैं। वाहन का परमिट फिटनेस का उत्तरदायित्व वाहन मालिक का है। गैर टैक्सी परमिट वाहनों पर टैक्सी शुल्क अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन आयुक्त द्वारा जारी मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 के तहत् कटौत्री की गई है। **(ख)** जी हॉ, भुगतान की कार्यवाही निरंतर व्यवसायिक लेखाशास्त्र संस्था (सीए) के माध्यम से ऑनलाईन की जा रही है।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत आँगनबाड़ी भवन

[महिला एवं बाल विकास]

52. (क्र. 616) श्री फूलसिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल आँगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या की सेक्टर वार जानकारी देवें ? भवन-विहिन, जर्जर भवन, स्वीकृत भवन एवं किराए से चलने वाली भवनों की सूची उपलब्ध करावें? भवन-विहिन व अहाता-विहिन आँगनबाड़ी भवन कब तक बन जाऐंगे, समय सीमा बतावें? वर्ष 2020-2021 से 2023-24 की स्थिति में स्वीकृत भवन एवं राशि आहरण के पश्चात भी कितने भवन नहीं बने है, इस हेतु दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल आँगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या की सेक्टर वार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है**। भवन-विहीन, जर्जर भवन, स्वीकृत भवन एवं किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।** भवन-विहिन आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिये भवन निर्माण हेतु निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। अहाता निर्माण हेतु विभाग अंतर्गत बजट प्रावधान नहीं है। वर्ष 2020-2021 से 2023-24 की स्थिति में 68 भवन स्वीकृत किये गये है एव राशि आहरण के पश्चात भी 45 भवन नहीं बने है। इसके लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला को कारण बताओं सूचना पत्र प्रेषित किया गया है।

ओनलाईन धोखाधड़ी व साईबर क्राईम के मामलों पर नियंत्रण

[गृह]

53. (क्र. 617) श्री राजेश अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर क्राइम के अपराध को रोकने व नियंत्रण के लिए शासन ने क्या-क्या योजनाएं बनाई है? विवरण देवें? **(ख)** क्या इन अपराधिक घटनाओं से निपटने के लिए शासन द्वारा तकनीकी योग्यताधारी कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना है? यदि हां तो विवरण दे। **(ग)** क्या ग्रामीण क्षेत्र में साईबर अपराधों पर नियत्रंण लाने के लिए जिला स्तर पर संचालित रेंज साइबर थाना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर मिनी साइबर सेल थाना का संचालन करने की कोई योजना है? यदि हां तो जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। पुलिस विभाग के विभिन्न शाखाओं में तकनीकी योग्यता के आधार पर स्वीकृत पदों को एकीकृत कर आई.टी. कॉडर के गठन के लिए पदों की स्वीकृति की योजना है। **(ग)** ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराधों पर नियंत्रण लाने के लिये वर्ष 2024 में जिला स्तर पर विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायतों में जिला साइबर सेल थानों के माध्यम से हाट-बाजार, मेला-मड़ई एवं सांस्कृतिक मंचों से ग्रामीणों को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक करने के लिए ''साइबर जन-जागरूकता पखवाड़ा'' मनाया जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आगामी वर्षों में भी इस तरह के ''साइबर जन-जागरूकता पखवाड़ा'' अभियान चलाये जाने की योजना है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

आरंग विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ट्राईसिकल बैटरी चलित/ सामान्य ट्राईसिकल के पात्र हितग्राही

[समाज कल्याण]

54. (क्र. 625) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र आरंग अंतर्गत कितने पात्र विकलांग हितग्राही हैं? विगत 03 वर्षों में दिनांक 26/11/2024 तक कितने आवेदकों से ट्राईसिकल बैटरी चलित/ सामान्य ट्राईसिकल के लिए मांग/ आवेदन प्राप्त हुए हैं, एवं कितने हितग्राहियों को कब-कब ट्राईसिकल बैटरी चलित/ सामान्य ट्राईसिकल उपलब्ध करायी गयी हैं? **(ख)** आरंग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्रवणबाधित हितग्राहियों की ग्रामवार संख्या की जानकारी प्रदान करें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विधानसभा क्षेत्र आरंग अंतर्गत 1,799 दिव्यांग चिन्हांकित है। विगत 03 वर्षों तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 26/11/2024 तक 109 आवेदकों से बैटरी चलित ट्रायसायकल /सामान्य ट्रायसायकल हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। विभिन्न तिथियों में निम्नानुसार हितग्राहियों को बैटरी चलित ट्रायसायकल/सामान्य ट्रायसायकल वितरित की गई है -

क्र.	**वितरण दिनांक**	**हितग्राहियों की संख्या**
1	10.11.2022	01
2	12.12.2022	01
3	15.12.2022	20
4	26.12.2022	02
5	07.02.2023	04
6	07.02.2023	04
7	05.01.2024	02
8	04.07.2024	02
9	04.09.2024	02
10	17.05.2023	14
11	05.06.2023	01
योग		**53**

(ख) जानकारी **प्रपत्र** अनुसार है ।**[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]**

छतीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमि. (CGMSC) द्वारा दवाइयों की खरीदी

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

55. (क्र. 627) श्री सुशांत शुक्ला : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छतीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमि. (CGMSC) द्वारा ए.एन.जी. लाईफ साईसेंस अमृतसर से वर्ष 2022 से दिनांक 26/11/2024 तक कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी दवाइयों की खरीदी की गई? जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" की कंपनी के डिफ़ाल्टर होने तथा कंपनी को भुगतान नहीं करने हेतु आयकर विभाग अमृतसर द्वारा पत्र जारी किया गया था ? यदि हां तो पत्र किस दिनांक को प्रेषित किया गया एवं छतीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमि. (CGMSC) को कब प्राप्त हुआ था ? **(ग)** क्या पत्र प्रेषित करने के बाद भी ए.एन.जी. लाईफ साईसेंस अमृतसर को अन्य खाता केनरा बैंक खाता में भुगतान किया गया ? यदि हां तो कब ? कंपनी द्वारा पूर्व में भुगतान हेतु निर्धारित पंजाब नेशनल बैंक खाता में नहीं किए जाने का क्या कारण है ? **(घ)** क्या उपरोक्त प्रकरण पर शासन द्वारा जाँच हेतु आदेश दिया गया था ? यदि हां तो जांच कब एवं किस स्तर के अधिकारी द्वारा की गयी ? जांच में क्या पाया गया ? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंपनी के डिफाल्टर होने के संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ था। कंपनी को भुगतान नहीं करने के संबंध में आयकर विभाग अमृतसर का पत्र प्राप्त हुआ था। आयकर विभाग का पत्र ITBA/COM/F/172023-24/1053752055(1) दिनांक 16.06.2023 छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड को दिनांक 28.06.2023 को प्राप्त हुआ। **(ग)** जी हाँ। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कैनरा बैंक में दिनांक 30.06.2023 को भुगतान किया गया। कंपनी द्वारा ईमेल के माध्यम से निवेदन किया था कि पंजाब नेशनल बैंक खाते की जगह कैनरा बैंक खाते में भुगतान किया जावें। **(घ)** जी हाँ। उक्त प्रकरण पर जाँच प्रबंध संचालक (भारतीय प्रशासनिक सेवा), छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा की गई। शासन को किसी भी प्रकार की वित्तीय हानि नहीं हुई, इसलिएप्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संबंधित अधिकारियों को चेतावनी पत्र जारी करप्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

अंबिकापुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत आयुष्मान योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

56. (क्र. 633) श्री राजेश अग्रवाल : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आयुष्मान योजनान्तर्गत प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में किन- किन बीमारियों का इलाज किया जाता है? **(ख)** क्या उक्त योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से प्राइवेट या सरकारी अस्पतालों के संचालक द्वारा इलाज व जांच (टेस्ट) के नाम पर, दवाइयों के नाम पर, बेड के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूली की जा रही है? **(ग)** यदि हां तो उक्त सम्बन्ध में अधिकृत अस्पतालों में आयुष्मान योजनांतर्गत दी जाने वाली सुविधाएं एवं ना दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी सूचना पटल पर कब तक प्रस्तावित की जावेगी, जिससे उक्त योजना से हितग्राहियों को जानकारी प्राप्त हो सके? **(घ)** विधान सभा क्षेत्र अंबिकापुर में वर्ष 2024-25 से 26.11.2024 दिनांक तक आयुष्मान योजना से कितने हितग्राहियों को लाभन्वित किया जा चुका है? विकासखंड वार जानकारी उपलब्ध करने का कास्ट करे?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। उक्त योजनान्तर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से प्राइवेट या सरकारी अस्पतालों के संचालक द्वारा इलाज व जॉच (टेस्ट) के नाम पर, दवाइयों के नाम पर, बेड के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूली किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है। **(ग)** अधिकृत अस्पतालों में आयुष्मान योजनान्तर्गत दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी अस्पताल से होने वाले अनुबंध में उल्लेखित होती है। इसकी जानकारी सूचना पटल पर प्रसारित किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गये है। **(घ)** विकासखण्ड अंबिकापुर में-3287, लखनपुर में-2026 एवं उदयपुर में-1733 कुल 7046 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

बालोद के शासकीय चिकित्सालयों को प्राप्त आबंटन एवं व्यय राशि

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

57. (क्र. 635) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-2022 से दिनाँक 26 नवम्बर, 2024 तक जिला चिकित्सालय बालोद को कितना आबंटन प्राप्त हुआ तथा उनके द्वारा कौन-कौन से चिकित्सा उपकरणों/मशीनों/सामग्रियों/दवाईयों आदि की खरीदी कितनी-कितनी मात्रा में किस एजेंसी/फर्म से की गई है? संबंधित एजेंसी/फर्म को कितनी राशि का भुगतान किया गया है? क्या खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित की गयी? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** कण्डिका 'क' की अवधि में बालोद जिले में खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को कितनी-कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ तथा प्राप्त आबंटन से कितनी राशि की कौन-कौन सी दवाई/सामग्री/उपकरण/मशीन इत्यादि की खरीदी, कितनी मात्रा में, किस एजेंसी/फर्म से की गई तथा उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया है? जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) वर्ष 2021-2022 से दिनाँक 26 नवम्बर, 2024 तक जिला चिकित्सालय बालोद को 50,44,48,400 रूपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ''** अनुसार है। जी हां। वर्षवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखें प्रपत्र अ''** अनुसार है ।**(ख)** जानकारी ''**पुस्तकालय में रखें प्रपत्र ब/स/द एवं ई**'' अनुसार है ।

गेवरा बस्ती से बिरदा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नवीनी करण के संबंध में

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

58. (क्र. 638) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- गेवरा बस्ती से बिरदा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नवीनी करण की स्वीकृति कब तक दी जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नांकित सड़क हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ''गेवरा आमगांव से बिरदा'' सड़क के नवीनीकरण कार्य की स्वीकृति दिनांक 13.09.2024 को की गई है।

खुज्जी विधानसभा अंतर्गत सड़कों का संधारण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

59. (क्र. 639) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की कौन-कौन सी सड़कें हैं विकास खंडवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार कौन-कौन सी सड़कें वर्तमान में अति जर्जर हैं? विकासखंडवार विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के अनुसार वर्ष 2022-23 से 25.11.2024 तक कौन-कौन सड़कों का वार्षिक संधारण/नवीनीकरण कार्य हेतु कब व कितनी राशि स्वीकृत की गई है? वर्षवार, विकासखंडवार, ग्राम सड़कवार जानकारी देवें? **(घ)** वर्तमान में जर्जर सड़कों की किस प्रकार से मरम्मत की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत सड़कों की विकासखंडवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ''** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' के अनुसार वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अति जर्जर सड़कों की जानकारी **निरंक** है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत कंडिका ''क'' के अनुसार वर्तमान में अति जर्जर सड़कों की विकासखण्डवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब'** अनुसार है। **(ग)** कंडिका ''क'' के अनुसार वर्ष 2022-23 से 25.11.2024 तक कौन-कौन सड़कों का वार्षिक/संधारण/नवीनीकरण कार्य हेतु कब व कितनी राशि स्वीकृत की गई है की वर्षवार, विकासखंडवार, ग्रामवार, सड़कवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत कंडिका ''क'' के अनुसार वर्ष 2022-23 से 25.11.2024 तक कौन-कौन सड़कों का वार्षिक/संधारण/नवीनीकरण कार्य हेतु कब व कितनी राशि स्वीकृत की गई है की वर्षवार, विकासखंडवार, ग्रामवार, सड़कवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द''** अनुसार है। **(घ)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

अतर्गत वर्तमान में कोई भी सड़क जर्जर नहीं है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत वर्तमान में बजट में राशि प्रावधान नहीं होने के कारण जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है।

बलरामपुर एवं सुरजपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्यरत व रिक्त पद

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

60. (क्र. 640) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** बलरामपुर एवं सुरजपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग में कौन - कौन से पद स्वीकृत है? **(ख)** कितने पदों में कर्मचारी/अधिकारी कार्यरत हैं कितने रिक्त हैं? **(ग)** रिक्त पदों कि पूर्ति कब तक की जावेगी?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ', 'ब', 'स' एवं 'द'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ', 'ब', 'स' एवं 'द'** अनुसार है। **(ग)** भर्ती एक सतत् प्रक्रिया है। अतः निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यो का भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

61. (क्र. 642) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर के अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मनरेगा के तहत कितने कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत किए गए? **(ख)** कितने कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण है एवं कितनी राशि का भुगतान हो चुका है? **(ग)** कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? शेष रहने का क्या कारण है, कब तक भुगतान किया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** भुगतान शेष नहीं है। शेषांश उद्भुत नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर स्वीकृत, कार्यरत व रिक्त पद

[चिकित्सा शिक्षा]

62. (क्र. 648) श्री धर्मजीत सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि छ.ग. राज्य का प्रथम दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में अवस्थित हैं? **(ख)** कंडिका "क" के दंत चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सालय संचालन हेतु कौन-कौन से, कितने-कितने पद स्वीकृत हैं, जिनमें से कितने-कितने पद भरे हुए हैं एवं कितने-कितने पद रिक्त हैं? **(ग)** कंडिका "ख" के पदों में से कितने पद नियमित एवं कितने पद संविदा भर्ती के हैं, विवरण दें एवं इस महाविद्यालय में संविदा पदों के आमिलन/नियमितिकरण करने हेतु क्या प्रावधान हैं, विवरण देवें? **(घ)** क्या कंडिका "ग" के संविदा पदों को शासन द्वारा आमिलन/नियमितिकरण करने हेतु प्रस्ताव लंबित हैं? यदि हां तो कब तक आमिलन/ नियमितिकरण किया जाएगा? नहीं तो कारण सहित जानकारी दें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी हॉ। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के समस्त पद नियमित भर्ती के है, संविदा भर्ती हेतु पृथक से चिन्हांकित नहीं है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवा भर्ती नियम अनुसार संविदा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को नियमितिकरण किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। **(घ)** प्रश्न ही उद्भूत नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

जिला चिकित्सालय जांजगीर का 220 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

63. (क्र. 650) श्री ब्यास कश्यप : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला जांजगीर-चांपा के 100 बिस्तर जिला चिकित्सालय को 220 बेड चिकित्सालय में अपग्रेड करने की कोई योजना है ? जानकारी प्रदान करें। यदि है, तो कब तक अपग्रेडेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया जावेगा? जानकारी प्रदान करें। **(ख)** जिला चिकित्सालय, जांजगीर-चांपा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से सभी विषयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती कब तक पूर्ण कर ली जाएगी? जानकारी प्रदान करें। **(ग)** क्या जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत स्वीकृत नवीन मेडिकल कॉलेज भवन के पूर्ण रूप से निर्माण होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जिला मुख्यालय में स्थित किसी भवन में अथवा जिला चिकित्सालय जांजगीर में ही मेडिकल कॉलेज की अध्यापन व्यवस्था आगामी सत्र से प्रारंभ करेंगे ? यदि नहीं तो क्यों?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी हॉ। आगामी बजट में प्रावधान हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निश्चित समय अवधि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** विशेषज्ञ चिकित्सको के रिक्त पदो की पूर्ति हेतु संविदा पदो के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर भर्ती प्रकिया संचालित की जा रही है एवं नियमित पदों के लिए वित्त निर्देश 18/2023 एवं 04/2024 के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त करने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। चिकित्सकों के रिक्त पदो को भरने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिला जांजगीर-चांपा के विशेषज्ञ चिकित्सको के रिक्त पदों की भर्ती हेतु निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के निर्धारित मापदण्डो के अनुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना केअंतर्गत बजट आबंटन

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

64. (क्र. 657) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के लिये बजट आबंटन की जानकारी एवं वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के लिये बजट आबंटन की जानकारी जिलेवार प्रदान करें। **(ख)** उक्त योजना के तहत कितने कार्य हुआ है? **(ग)** संपादित कार्यो की एजेंसी एवं व्यय राशि की जानकारी प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क), (ख) एवं (ग) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]**

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

65. (क्र. 661) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कितनी सड़के कहां-कहां स्वीकृत की गई? विकासखण्डवार एवं वर्षवार बतावें? **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् निर्मित, निर्माणाधीन कितनी सड़कों की पांच वर्ष की संधारण अवधि जून 2024 की स्थिति में पूर्ण हो चुकी है? **(ग)** कंडिका 'ख' के तहत् कितनी सड़कों का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य किया गया? लागत सहित सड़कवार, विकासखण्डवार जानकारी दें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम-जनमन) के तहत कुल 10 सड़कें स्वीकृत की गई है, विकासखण्डवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। उक्त अवधि में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत कुल 01 सड़क स्वीकृत की गई है, विकासखण्डवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न**

''प्रपत्र-अ'' अनुसार है। **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में निर्मित, निर्माणाधीन सड़कों की जून 2024 की स्थिति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 05 वर्ष संधारण अवधि पूर्ण हो चुकी 97 सड़कें एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 17 सड़कें पूर्ण हो चुकी है। **(ग)** कंडिका ''ख'' के तहत् प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 92 सड़कों में नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य किया गया है, लागत सहित सड़कवार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के 07 सड़कों में नवीनीकरण कार्य किया गया है। लागत सहित, सड़कवार, एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

जिला धमतरी के स्वास्थ्य केंन्द्रों हेतु खरीदे गए मेडिकल किट एवं उपकरण

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

66. (क्र. 662) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- सी.जी.एम.एस.सी.द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 में जिला धमतरी के विभिन्न स्वास्थ्य केंन्द्रों में सप्लाई के लिए किन-किन मेडिकल किट एवं उपकरणों की खरीदी की गई है? राशि सहित जानकारी दें? क्रय मेडिकल किट एवं उपकरणों की मात्रा, उपयोग किए गए मेडिकल किट एवं उपकरणों की मात्रा तथा कालातीत मेडिकल किट एवं उपकरणों की मात्रा की केंन्द्रवार पृथक-पृथक जानकारी दें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संपूर्ण प्रदेश के लिये दवा एवं अन्य सामग्री के क्रय हेतु निविदा जारी कर, दर अनुबंध किया जाता है, जिला विशेष के लिये क्रय की कार्यवाही नहीं की जाती है। जानकारी ''**पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र-अ/ब/स**'' अनुसार है।

चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग में सेवानिवृत कर्मचारीयों को संविदा में नियुक्ति की जानकारी

[चिकित्सा शिक्षा]

67. (क्र. 669) श्री दलेश्वर साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग में सेवानिवृत कर्मचारीयों को संविदा में नियुक्ति का प्रावधान है? यदि हां, तो जिला कायार्लय, आयुर्वेद अधिकारी जिला राजनांदगांव में मार्च-2024 से प्रश्नावधि तक कौन-कौन कर्मचारी किन-किन पदों पर संविदा में पदस्थ हैं? क्या छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम -2012 को नियम 9 (सात) में विभागीय जांच में दोष सिद्ध होने पर संविदा नियुक्ति की जा सकती है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : जी हॉ। श्री अरूण कुमार साहा, सहायक ग्रेड-01 (संविदा) के पद पर जिला कार्यालय राजनांदगांव में दिनांक18.03.2024 से पदस्थ है। जी नहीं।

राजनांदगांव जिले के ग्राम तिलईरवार-टप्पा विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव में पुलिस फायरिंग रेंज

[गृह]

68. (क्र. 670) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिले के ग्राम तिलईरवार-टप्पा विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव में पुलिस फायरिंग रेंज स्थापित है? यदि हॉ तो यह फायरिंग रेंज कब से संचालित है और क्या इस फायरिंग रेंज में खुले पड़े विस्फोटक से ग्रामीणों के घायल या मृत्यु होने की घटना घटित हुई है? यदि हाँ तो घटना कब-कब घटित हुई और इस घटना से किन किन ग्राम के ग्रामीणों के घायल या मृत्यु की पुष्टि हुई? उन्हें कितनी राशि का मुआवजा प्रदान किया गया है? विभागीय जॉच में जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गयी है? क्या इस फायरिंग रेज को बंद करने के संबध में ग्रामवासियों द्वारा पत्र दिया गया है? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है? उक्ताशय की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हॉ। फायरिंग रेंज 2002-03 से संचालित हैं। जी हॉ। दिनांक 17.03.2024 को फायरिंग रेंज तिलईरवार में नक्ष साहू पिता दुलेचंद साहू, उम्र 12 वर्ष, ग्राम तिलईरवार में विस्फोटक सामान को उठाकर ले जाने के दौरान ब्लास्ट होने के कारण घायल हुआ था । आर्थिक सहायता हेतु प्रकरण प्रक्रियाधीन है। दिनांक 17.03.2024 को घटित घटना की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,राजनांदगांव द्वारा जांच की गई, जांच पर घटना में किसी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा त्रुटि करना नहीं पाया गया है । अतः किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध विभागीय जांच नहीं की गई है।जी हॉ। इस संबध में ग्रामवासियों द्वारा दिनांक 22.11.2024 को जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को पत्र दिया गया था। उल्लेखनीय है कि उक्त आवेदन पत्र के प्राप्त होने के पूर्व से ही पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव के पत्र क्रमांक-पुअराज/रनि/रीडर/455-ए/2024, दिनांक 19.03.2024 द्वारा फायरिंग रेंज तिलईरवार में अस्थायी रूप से फायरिंग बंद करने का आदेश जारी किया गया है। अतः वर्तमान में वहां फायरिंग बंद है।

जिला कबीरधाम अंतर्गत रीपा योजना में स्वीकृत औद्योगिक पार्क

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

69. (क्र. 674) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिले में रीपा योजना अंतर्गत कुल कितने एवं कहाँ-कहाँ पर औद्योगिक पार्क स्वीकृत हुए हैं ? इस हेतु शासन द्वारा कुल कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है ? स्वीकृत औद्योगिक पार्क का उपयोग किस-किस प्रयोजन के लिए किया जा रहा है ? विकासखण्डवार विवरण दीजिये । **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित स्वीकृत औद्योगिक पार्क में स्थापित उत्पादन इकाईयो में कौन-कौन से उत्पाद का निर्माण किया जा रहा है? इन उत्पादों के निर्माण एवं संचालन की जिम्मेदारी कौन-कौन से स्व सहायता समूह को दी गई है? **(ग)** जिला कबीरधाम में रीपा योजना के तहत औद्योगिक पार्क में अब तक कुल कितने मात्रा में उत्पाद निर्मित किए गए एवं बेचे गये हैं? **(घ)** क्या प्रश्नांश 'ख में उल्लेखित सभी उत्पादन इकाईयो में प्रशिक्षण की सुविधा एवं कुशल प्रशिक्षक उपलब्ध है ? यदि नहीं तो कब तक व्यवस्था की जावेगी? यहाँ कार्यरत प्रशिक्षको एवं कर्मचारियो के वेतन हेतु शासन स्तर पर क्या व्यवस्था की गई है? (ङ) औद्योगिक पार्क में कुल कितनी राशि के, कौन-कौन से मशीन एवं उपकरण किस प्रक्रिया के तहत क्रय किये गये हैं? क्या वर्तमान में जिले कबीरधाम के सभी औद्योगिक पार्क में आवश्यक मशीन एवं उपकरण उपलब्ध हैं? यदि नहीं, तो कब तक उपलब्ध कराये जावेगे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क), **(ख)**, **(ग)**, **(घ)** एवं **(ड)** की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

पंचायत एवं ग्रामीण विकास कार्य के संबंध में।

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

70. (क्र. 681) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण कार्यों के प्राक्कलन में जो S.O.R. लागू है, इसका निर्धारण कब किया गया था? **(ख)** जिन कार्यों की निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत होती है, उसमें कंटीन्जेंसी की राशि की कटौती कितने प्रतिशत एवं किन के द्वारा की जाती है? **(ग)** कंटीन्जेंसी का प्रावधान प्राक्कलन में किस लिए रखा जाता है, उसका औचित्य क्या है? **(घ)** सरगुजा जिले में जिला पंचायत के द्वारा G.S.T. एवं कंटीन्जेंसी की राशि कब से ग्राम पंचायत के कार्यों में काटी जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण कार्यों के प्राक्कलन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना अंतर्गत दिनांक 22 फरवरी, 2018 से तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत दिनांक 01 नवम्बर, 2021 से निर्धारित एस.ओ.आर. लागू है। **(ख)** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से क्रियान्वित किये जाने वाले निर्माण कार्यों के प्राक्कलन में 03 प्रतिशत कार्यभारित स्थापना तथा 2 प्रतिशत आकस्मिक व्यय रखे जाने का

प्रावधान है। उक्त राशि की कटौती जिला पंचायत/जनपद पंचायत (प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारीकर्ता) द्वारा की जाती है। **(ग)** कंटेंजेंसी का प्रावधान प्राक्कलन तैयार करने, क्रियान्वयन के समय निरीक्षण पर होने वाले व्यय, निरीक्षण एवं माप इत्यादि लेते समय/सर्वेक्षण करते समय लगाये जाने वाले आकस्मिक श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान एवं अन्य आकस्मिक रूप से आने वाले व्यय हेतु रखा जाता है। **(घ)** सरगुजा जिले में 01 नवम्बर, 2021 से एस.ओ.आर. निर्धारित होने के पश्चात् से ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में प्राक्कलन में प्रावधानित 3 प्रतिशत कंटेंजेंसी राशि जिला पंचायत सरगुजा द्वारा काटी जा रही है। जिला पंचायत सरगुजा में जीएसटी की कटौती नहीं की जा रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति

[महिला एवं बाल विकास]

71. (क्र. 683) श्री प्रबोध मिंज : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सरगुजा जिले में वर्ष 2021-22 से दिनांक 26-11-2024 तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के कितने पदों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया? प्रत्येक वर्ष का परियोजना वार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** उपरोक्त पदों पर कितने कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति की गई वर्षवार बतावे? **(ग)** उपरोक्त पदों हेतु कितनी दावा आपत्ति प्राप्त हुई थीं? **(घ)** कितनी आपत्तियों का निराकरण किया गया एवं कितनी शेष हैं? किन-किन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्तियां शेष हैं एवं उसे कब तक पूरा किया जाएगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश अवधि में सरगुजा जिले में कुल 904 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किये गये। परियोजनावार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश अवधि में कुल 490 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति की गई है। वर्षवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' अनुसारहै**। **(ग)** प्रश्नांश अवधि में कुल 693 दावा आपत्ति प्राप्त हुये थे। **(घ)** प्राप्त 693 दावा आपत्ति का निराकरण किया गया। निराकरण हेतु कोई प्रकरण शेष नहीं है। सरगुजा जिले में पोषण ट्रेकर के अनुसार 26 नवम्बर 2024 की स्थिति में 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तथा 523 सहायिका के पद भर्ती हेतु शेष थे। वर्तमान स्थिति में 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 399 सहायिका के पद रिक्त है। केन्द्रवार विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'ब'** अनुसारहै। भर्ती हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला बलौदाबाजार में हुए कलेक्टर परिसर अग्निकांड में निर्दोषों को जेल से रिहा किया जाना

[गृह]

72. (क्र. 696) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि जिला बलौदाबाजार में हुए कलेक्टर परिसर अग्निकांड में सतनामी समाज के निर्दोष व्यक्तियों को जानबूझकर जेल में रखा गया है? यदि हां, तो क्यों ? जानकारी दें। **(ख)** क्या यह सत्य है कि आरोपी बनाये गये व्यक्तियों के प्रकरणों में पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही गलत है? जानकारी दें। **(ग)** क्या यह सत्य है कि आरोपी बनाये व्यक्तियों के प्रकरणों में पुलिस विभाग द्वारा चालान पेश नही किया जा रहा है, जिससे उन्हें जमानत संबंधी कार्यवाही नहीं हो पा रही है? जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी नहीं। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** जी नहीं। पुलिस द्वारा विधि सम्मत कार्यवाही की गई है। **(ग)** जी नहीं। इन घटनाओं में पंजीबद्ध 14 प्रकरणों में से 13 प्रकरण में चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया है। 01 प्रकरण पुलिस विवेचनाधीन है।

विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में पक्का पहुंच मार्ग विहीन व सड़क विहीन ग्राम

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

73. (क्र. 697) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में कौन कौन से ग्रामों में मुख्य मार्ग से गाँव तक पहुँच मार्ग नहीं बना है? किन किन ग्रामों में पहुँच मार्ग का डामरीकरण या पक्का नही बना है? ग्रामवार जानकारी देवें । **(ख)** क्या सड़क विहीन ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़कर सड़क निर्माण की कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि नहीं तो क्यों नहीं? विवरण देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** सड़क विहीन ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की कार्ययोजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत सड़कविहीन ग्रामों को जोड़ने हेतु प्राप्त प्रस्ताव बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति की जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

प्रदेश के थानों में हत्या, दुष्कर्म, अपहरण आदि के दर्ज प्रकरण

[गृह]

74. (क्र. 708) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2022 से दिनांक 26 नवंबर, 2024 तक प्रदेश के थानों में हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, छेड़छाड़, चोरी, लूट एवं डकैती के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं? जिलेवार, वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका 'क' की अवधि में प्रदेश में पुलिस अभिरक्षा में कितने अभियुक्त या आरोपियों की किन-किन कारणों से मृत्यु हुई है? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

कैदियों की समयपूर्व रिहाई के लिए व्यवस्था नियम

[जेल]

75. (क्र. 740) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जेल विभाग अंतर्गत कैदियों की समयपूर्व रिहाई हेतु वर्तमान में क्या व्यवस्था/नियम हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका "क" के तहत क्या कैदियों के समयपूर्व रिहाई के लिए विभाग द्वारा नये नियम, योजना बनाई जा रही हैं? यदि हां, तो विस्तृत विवरण देवें एवं उसे कब तक लागू किया जाएगा? विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जेल विभाग के अंतर्गत बंदियों की समयपूर्व रिहाई हेतु वर्तमान में निम्नलिखित व्यवस्था/नियम हैः- 1. भारत का संविधान के अनुच्छेद 161 " क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दण्डादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति" में प्रदत्त प्राधिकार के तहत् समयपूर्व रिहाई। 2. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 473 ''दण्डादेशों का निलंबन या परिहार करने की शक्ति" में प्रदत्त प्राधिकार के तहत् समयपूर्व रिहाई। **(ख)** जेल विभाग द्वारा आजीवन कारावास से दण्डादिष्ट बंदियों के समयपूर्व रिहाई के लिए उपबंधित प्रक्रिया से संबंधित छत्तीसगढ़ जेल नियम, 1968 के नियम 358 के प्रावधानों में संशोधन कर नवीन नियम 358 प्रतिस्थापित किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त संशोधन की अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन तिथि से लागू कर दी जाएगी। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला धमतरी अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

76. (क्र. 764) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला धमतरी में जून 2024 की स्थिति में कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं? स्वीकृत आवास में कितने पूर्ण, कितने अपूर्ण हैं, कितनी राशि हितग्रहियों को कितने किस्त में दी जा चुकी है और कितना शेष है? **(ख)** आवास हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं, कितने स्वीकृति हेतु लंबित हैं, कब तक स्वीकृत कर दिए जायेंगे? **(ग)** कब तक पक्के मकान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है? तत्संबंध में क्या कार्यवाही की गई है, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत कुल 9,918 आवास स्वीकृत है, जिसके विरूद्ध 8,413 आवास पूर्ण एवं 1,505 आवास अपूर्ण (853 आवास प्रगतिरत एवं 652 आवास अप्रारंभ) है। हितग्राहियों को 34,452 किस्तों में राशि रूपये 19395.06 लाख जारी किया गया है एवं 809 किस्तों में राशि रूपये 373.38 लाख दिया जाना शेष है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत कुल 10,541 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसके विरूद्ध 9918 आवास स्वीकृत है एवं 623 आवासों का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित है, स्वीकृति अपेक्षित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास की स्वीकृति आवेदनों के आधार पर न होकर एसईसीसी-2011 के स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची के प्राथमिकता क्रम के आधार पर की जाती है। शेषांश प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मिशन अवधि दिसम्बर 2024 निर्धारित है। मिशन अवधि तक समस्त स्वीकृत आवासों को पूर्ण किये जाने हेतु नियमित समीक्षा कर हितग्राहियों को आवास निर्माण पूर्ण किये जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत भारत सरकार द्वारा योजना का विस्तार वर्ष 2028-29 तक किया गया है। भारत सरकार द्वारा लक्ष्य प्राप्त होने उपरांत आवास स्वीकृति की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

बेमेतरा जिले में संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा मार्गों में वाहन पार्किंग

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

1. (क्र. 4) श्री दीपेश साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेमेतरा जिले में कितने निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम/क्लिनिक संचालित हो रहे हैं? स्थानवार, नामवार सम्पूर्ण जानकारी देवें? **(ख)** क्या उक्त स्वास्थ्य संस्थाओं में वाहन पार्किंग की वैध व्यवस्था की गई है? स्थानवार, नामवार सम्पूर्ण जानकारी देवें? कितने नर्सिंग होम, निजी हॉस्पिटल एवं क्लिनिक द्वारा शहर के मार्गों को अवरूद्ध कर अवैध पार्किंग की जा रही है? **(ग)** अवैध तरीके से संचालित की जा रही पार्किंग व्यवस्था वाले निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम/क्लिनिक पर विभाग द्वारा विगत 02 वर्ष में कौन-कौन सी कार्यवाही, कब-कब की गई है? जानकारी देवें ?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) कुल 71 निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम/क्लीनिक संचालित है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है। शहर के मार्गो को अवरूद्ध कर अवैध पार्किंग नहीं की जा रही है। **(ग)** प्रश्नांश **(ख)** की जानकारी के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अंतर्गत जनपद पंचायत में संलग्न ग्राम पंचायत सचिव

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

2. (क्र. 42) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अंतर्गत जनपद पंचायत मोहला, मानपुर एवं अं.चौकी में कुल ग्राम पंचायत के विरूद्व कितने ग्राम पंचायत सचिवों की पदस्थापना है? कृपया संख्या बतावें? **(ख)** जनपद पंचायतवार ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिवों की जानकारी देवें? **(ग)** जनपद पंचायत मोहला, मानपुर एवं अं.चौकी के कितने ग्राम पंचायत में 01 सचिव, 02 या अधिक ग्राम पंचायतों के प्रभार में है ? ग्राम पंचायत का नाम एवं सचिवों का नाम उपलब्ध करावें? **(घ)** कितने ग्राम पंचायत सचिवों को जनपद पंचायत में संलग्न कर रखा गया है ? संलग्न कर रखने का क्या कारण है? **(ड)** यदि जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत के विरूद्ध सचिवों की पदस्थापना यदि पूर्ण है तो कई जगह पर 01 सचिव को 02 ग्राम पंचायत का कार्य क्यों दिया गया है ? कारण सहित बताने का कष्ट करें? **(च)** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कितने सचिव हैं, जिनके द्वारा ग्राम पंचायत में सचिव का कार्य नहीं किया जा रहा है, उसके उपरांत भी वेतन भुगतान किया जा रहा है? बिना कार्य के वेतन भुगतान के लिए कौन जिम्मेदार है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी अंतर्गत जनपद पंचायत मोहला में 57 ग्राम पंचायत के विरूद्व 56, जनपद पंचायत मानपुर में 59 ग्राम पंचायत के विरूद्व 56 एवं जनपद पंचायत अं.चौकी में 69 के विरूद्व 68 सचिव की पदस्थापना है। **(ख)** जिले के जनपद पंचायत मोहला में 56, जनपद पंचायत मानपुर में 56 एवं जनपद पंचायत अं.चौकी में 68 सचिव कार्यरत है। **(ग)** जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी अंतर्गत कुल 22 सचिव 2 ग्राम पंचायत के प्रभार में है। जनपद पंचायत वार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(घ)** जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी अंतर्गत 09 सचिवों के निलंबित होने एवं 08 सचिवों की अस्वस्थता के कारण जनपद पंचायत में संलग्न किया गया है। **(ड)** जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी अंतर्गत 09 सचिवों के निलंबित होने एवं 08 सचिवों की अस्वस्थता एवं 05 पर रिक्त होने के

कारण कुल 22 सचिव 02 ग्राम पंचायत में कार्यरत है। **(च)** जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी अंतर्गत किसी भी सचिव को बिना कार्य के वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

रेडी-टू-ईट फूड निर्माण के लिए पूर्ववत स्वसहायता समूहों को कार्य सौंपा जाना

[महिला एवं बाल विकास]

3. (क्र. 60) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या वर्तमान सरकार द्वारा पोषण आहार हेतु रेडी टू ईट फूड निर्माण के लिए पूर्ववत स्वसहायता समूहों को कार्य सौंपे जाने की घोषणा की गई है? यदि हां, तो कब की गई है? बतावें? **(ख)** उक्त घोषणा के संबंध में रेडी टू ईट फूड निर्माण का कार्य स्वसहायता समूहों को सौंपे जाने हेतु क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** घोषणा के अनुरूप यदि वर्तमान में रेडी टू ईट फूड निर्माण का कार्य स्वसहायता समूहों को नहीं दिया गया है तो कब तक उक्त कार्य स्वसहायता समूहों को पूर्ण रूप से सौंप दिया जाएगा? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विधानसभा बजट सत्र फरवरी 2024 में दिनांक 13.02.2024 को विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 441 माननीय विधायक श्रीमती रायमूनी भगत द्वारा पूछे गये प्रश्न पर चर्चा के दौरान महिला स्व सहायता समूहों को कार्य दिये जाने पर विचार किये जाने का आश्वासन दिया गया था। **(ख)** रेडी टू ईट फूड निर्माण का कार्य महिला स्व सहायता समूहों को सौंपे जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 3-55/2016/50 पार्ट दिनांक 06.05.2024 द्वारा रेडी टू ईट की वर्तमान स्थिति में परिवर्तन किये जाने हेतु अध्ययन दल का गठन करते हुए अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का निरीक्षण/परीक्षण किये जाने हेतु किया गया है। अध्ययन दल के प्रतिवेदन पर समुचित निर्णय लिये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** महिला स्व सहायता समूहों को कार्य सौपे जाने की निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

4. (क्र. 66) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं? नवम्बर, 2024 तक की स्थिति में विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका पदस्थ हैं? यदि नहीं, तो कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद रिक्त हैं तथा रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जाएगी? **(ग)** वर्तमान में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को शासन की ओर से किन-किन योजनाओं का क्या-क्या लाभ प्रदान किया जा रहा है? **(घ)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुपोषण की वर्तमान में क्या स्थिति है ? छत्तीसगढ़ को कुपोषण से मुक्त करने हेतु क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं? इस लक्ष्य को कब तक प्राप्त कर लिया जायेगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 615 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। **(ख)** संचालित 615 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 613 केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 614 केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका पदस्थ हैं। 02 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 01 आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त हैं। रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। रिक्त पदों की पूर्ति के लिए समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** प्रश्नांश 'क' के प्रकाश में विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को शासन की ओर से पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत रेडी-टू-ईट फूड, जिला खनिज न्यास निधि से गर्म भोजन, रागी प्रोटीन बार एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टीकाकरण/ स्वास्थ्य जॉच एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। **(घ)** पोषण ट्रैकर के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में उम्र के अनुसार वजन लेने पर 13.06 प्रतिशत् बच्चे कुपोषित हैं। **कुपोषण की रोकथाम के लिये शासन द्वारा किये जा रहे प्रयास निम्नानुसार हैं -** कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाओं तथा संबंधित विभागीय योजनाओं के माध्यम से विविध प्रयास

किये जा रहे हैं। इनमें पूरक पोषण आहार का प्रदाय, टीकाकरण, संदर्भ सेवा, स्वास्थ्य जॉंच, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा का लाभ प्रदान किया जाना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, सामुदायिक जनजागरण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन, सुपोषण चौपाल, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं जिला स्तर पर स्थानीय प्रयास प्रमुख हैं।

जिला जांजगीर चांपा में अमृत सरोवर योजना के तहत स्वीकृत सरोवर

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

5. (क्र. 67) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला जांजगीर-चांपा में मिशन अमृत सरोवर के तहत कितने अमृत सरोवर की स्वीकृति हुई है? किस-किस विकासखण्ड के कौन-कौन से पंचायत में, कितनी लागत से अमृत सरोवर की स्वीकृति हुई है? स्वीकृत कार्य में से कितने कार्य अपूर्ण हैं? अपूर्ण होने का कारण तथा कब तक पूर्ण किया जावेगा? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जिला जांजगीर-चांपा में मिशन अमृत सरोवर के तहत स्वीकृत अमृत सरोवरों की विकासखंड एवं ग्राम पंचायतवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। समस्त अमृत सरोवर पूर्ण किये जा चुके हैं। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

जांजगीर चांपा जिले के सरपंचों पर लगाई गई धारा 40 के लंबित प्रकरण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (क्र. 78) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्ष 2024 में जांजगीर-चांपा जिले के किस-किस विकासखण्ड के कौन-कौन से ग्राम पंचायतों के सरपंच पर धारा 40 लगायी गयी है? किस-किस सरपंच के विरुद्ध धारा 40 की अनुशंसा की गयी है तथा अंनुशंसित प्रकरण कब से लंबित हैं ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

प्रदेश के प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में सी.बी.सी. मशीन से जांच

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

7. (क्र. 115) श्री राजेश मूणत : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों में विगत दो माह से मरीजो की लैब जांच सी.बी.सी. मशीन से जांच नहीं की जा रही है तथा यह तथ्य छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की जानकारी में रहने के बाद भी उसके जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित लैब जांच कब प्रारंभ की जायेगी तथा दो-दो माह तक लैब जांच न होने के लिए जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कब की जायेगी?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी नहीं, प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की सी.बी.सी. मशीनों से जांच की जा रही है। जिन स्थानों में सी.बी.सी. मशीन के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। उनसे संबंधित फर्म को उपकरण सुधार करवाने हेतु निगम द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है। तथा संबंधित फर्म को सुधार कार्य में विलंब होने के कारण, कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। **(ख)** संबंधित फर्म को उपकरण सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त संबंधित फर्म को सुधार कार्य में विलंब होने कारण, कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। शीघ्र ही उपकरण क्रियाशील न होने की स्थिति में संबंधित फर्म के विरूद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जा सकती है।

प्रदेश के थानों में उपलब्ध सुविधाएं

[गृह]

8. (क्र. 116) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने थाना एवं पुलिस चौकी हैं? क्या सभी थानों में पर्याप्त मात्रा में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है? प्रदेश में कितने पुलिस वाहन उपलब्ध हैं और वे किन-किन थानों में हैं? पूर्ण विवरण देवें? **(ख)** पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के निवास हेतु कितने भवन, थाना परिसर अथवा थाना के आसपास बनाए गए हैं? **(ग)** वर्ष 2018 से नवम्बर, 2024 के मध्य पुलिस वाहनों की खरीदी कब-कब की गई थी? वर्तमान में कितने वाहन खराब स्थिति में हैं? नये वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) 498 थाना एवं 109 पुलिस चौकी है। जी हॉ। 7604 पुलिस वाहन उपलब्ध है। थानों में उपलब्ध पुलिस वाहनों की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** 5347 आवासीय भवन थाना परिसर में एवं 8203 आवासीय भवन थाना परिसर के आस-पास है। **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में 4061 पुलिस वाहनों की खरीदी की गई है एवं 142 वाहन खराब स्थिति में हैं। प्रश्नांश की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र 'ब'** अनुसार है।

''हमर लैब'' योजना का संचालन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

9. (क्र. 132) श्री अजय चंद्राकर : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ''हमर लैब'' योजना का उद्देश्य क्या है ? कब से लागू हुई और कितने जिले में संचालित है? इसका वित्तीय प्रबंधन कैसे किया जा रहा है और लैब का संचालन किनके (शासकीय/निजी संस्था) द्वारा किया जा रहा है? **(ख)** उक्त संचालित लैब में कौन-कौन से टेस्ट कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये हैं व उनमें से कौन-कौन से टेस्ट किये जा रहे हैं? तथा कौन-कौन से टेस्ट नहीं किये जा रहे हैं? और उसका कारण क्या है? **(ग)** उक्त योजना के अंतर्गत क्या-क्या अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुयी हैं और उसमें क्या कार्यवाही किसके खिलाफ की गयी?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) 1.हमर लैब एक Integrated Public Health Lab है जिसका उद्देश्य जांच से संबंधित समस्त मानव संसाधनों एवं अन्य संसाधनों का उपयोग स्वास्थ्य संस्था में एक स्थान पर करते हुए गुणवत्तापूर्ण जांच सेवाएं उपलब्ध कराया जाना है। 2. हमर लैब (Integrated Public Health Lab) वर्ष 2020-21 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ROP में स्वीकृति उपरांत राज्य में संचालित है। वर्तमान में 17 जिला अस्पताल, 24 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 01 मेडिकल कॉलेज में हमर लैब क्रियाशील है। 3. हमर लैब (Integrated Public Health Lab) का वित्तीय प्रबंधन मुख्यतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से किया जा रहा है तथा कुछ स्थानों पर गैप एनालिसिस अनुसार अन्य योजनाएं जैसे CMPHTF इत्यादि के द्वारा किया जा रहा है। उक्त लैब का संचालन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (शासकीय) छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है। **(ख)** Indian Public Health Standards (IPHS) मानक अनुरूप जिला अस्पताल के हमर लैब हेतु 114 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के हमर लैब हेतु 50 प्रकार की जांच कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये है। (जो क्रमशः **प्रपत्र अ एवं ब में संलग्न** है)। जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी आवश्यक जांच किये जा रहे है। इनमें से कुछ जांच पैथोलॉजिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता तथा कुछ मशीन, किट एवं रिएजेन्ट उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं हो पा रहे हैं। जिसे अन्य संस्थाओं से युक्तियुक्त करण कर जांच किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। **(ग)** उक्त योजना के अंतर्गत अनियमितता की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

महासमुंद जिले में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योंजनाओ का भुगतान

[महिला एवं बाल विकास]

10. (क्र. 147) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुंद जिला में महिला बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष नवम्ब,2019 से अक्टूबर,2024 तक जिले में किन-किन गतिविधियों के लिए किन-किन एनजीओ को कार्यादेश दिया गया? गतिविधियाँ संचालन के लिए किन-किन एनजीओ को कितना-कितना अनुदान या भुगतान किया गया है? विभाग में संचालित एनजीओ की पतावार जानकारी दे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : प्रश्नाधीन अवधि में महासमुंद जिला में एनजीओ को विभिन्न गतिविधि संचालन हेतु राशि 1,88,47,694/- रूपये (शब्दों में - एक करोड़ अट्ठयासी लाख सैतालीस हजार छः सौ चौरानब्बे रूपये मात्र) का अनुदान दिया गया है। एनजीओ को दिये गये गतिविधिवार कार्यादेश एवं अनुदान/भुगतान की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है ।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

11. (क्र. 148) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष जनवरी, 2022 से अक्टूबर, 2024 तक कुल कितने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना तथा गौरवपथ योजना अंतर्गत कुल कितने-कितने कार्य, कहाँ-कहाँ, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गए? स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण एवं किन कारणों से अपूर्ण हैं? अपूर्ण कारणों की अद्यतन स्थिति से अवगत करावें? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जावेंगे? **(ख)**प्रश्नांक "क" के कार्यो में अनियमितता की कितनी शिकायतें कहाँ-कहाँ से प्राप्त हुई? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? विवरण सहित बतावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री सड़क एवं विकास योजना की जानकारी **संलग्न 'प्रपत्र-अ'** अनुसार है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत जानकारी **''निरंक''** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के कार्यों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत अनियमितता संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत 01 सड़क में शिकायत प्राप्त हुई है, विस्तृत विवरण **संलग्न 'प्रपत्र-ब'** अनुसार है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत शिकायत की जानकारी **''निरंक''** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

प्रदेश में आपराधिक घटनाओं का विवरण

[गृह]

12. (क्र. 162) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जुलाई, 2024 से नवंबर, 2024 तक प्रदेश में डकैती, हत्या, लूट, सामग्री चोरी, दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न, महिलाओं की तस्करी, ठगी, नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, नशीले पदार्थों की तस्करी, अपहरण, हत्या का प्रयास, सड़क दुर्घटना, गोलीबारी, गैंगवार, बलवा की कितनी घटनाएं घटित हुई? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** घटित घटनाओं में कितनी प्राथमिकी दर्ज हुई? कितने आरोपी बनाए गए? कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया? कितनी सामग्री बरामद हुई? जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** ऐसे प्रकरणों की तथा अभियुक्तों की जिलेवार संख्या बताएं, जिनमें गिरफ्तारियां नहीं की जा सकी हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]**

आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत भुगतान योग्य राशि तथा शेष राशि

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

13. (क्र. 163) डॉ. चरण दास महंत : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आयुष्मान भारत योजना/प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अप्रैल, 2023 से 25 नवंबर, 2024 तक कितनी-कितनी राशि का भुगतान अस्पतालों को कब-कब किया गया है? इस हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया था? उक्त अवधि में केन्द्रांश की कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है और कितनी राशि प्राप्त होना शेष है? **(ख)** निजी अस्पतालों द्वारा दिसम्बर, 2023 से 25 नवंबर, 2024 तक योजना के तहत कितनी राशि के भुगतान का दावा प्रस्तुत किया गया है? इसके पर्यवेक्षण एवं वित्तीय गड़बड़ियों के नियंत्रण हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की जा रही है? **(ग)** वर्तमान में कितना भुगतान शेष है? भुगतान नहीं होने के कारण क्या किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हुई है? यदि हां तो क्या? योजना के तहत देय राशि का भुगतान कब-तक कर दिया जाएगा?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) आयुष्मान भारत योजना/प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक रू. 1153.97 करोड़ तथा अप्रैल 2024 से दिनांक 25 नवंबर, 2024 तक रू. 1195.81 करोड़ की राशि का भुगतान अस्पतालों को किया गया है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में कुल रू. 1526 करोड़ (आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में रू. 182.7 करोड़ राशि एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में रु 1343.3 करोड़) की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त अवधि में केन्द्रांश की रू. 167.3 करोड़ राशि प्राप्त हुई है और रू. 106.75 करोड़ राशि प्राप्त होना शेष है। **(ख)** निजी अस्पतालों द्वारा दिसंबर 2023 से 25 नवंबर 2024 तक योजना के तहत रू. 1447.63 करोड़ की राशि के भुगतान का दावा प्रस्तुत किया गया है। इसके पर्यवेक्षण एवं वित्तीय गड़बड़ियों के नियंत्रण हेतु अस्पतालों द्वारा किए गए क्लेम का ऑडिट किया जा रहा है। साथ ही गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर जुर्माना लगाने, योजना से निलंबित करने, योजना से निष्कासित किए जाने इत्यादि कार्यवाही की जाती है। **(ग)** वर्तमान में रू. 1398.45 करोड़ का भुगतान शेष है। भुगतान नहीं होने के कारण किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। योजना के तहत देय राशि का भुगतान निरंतर प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत बजट राशि की उपलब्धता अनुसार अस्पतालों को निरंतर भुगतान किया जा रहा है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जनपद पंचायत सारंगढ़ एवं बरमकेला के निराश्रित पेंशनधारियों की संख्या

[समाज कल्याण]

14. (क्र. 166) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ के अन्तर्गत जनपद पंचायत सारंगढ़ एवं बरमकेला में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत निराश्रित पेंशनधारियों की कुल संख्या वित्तीय वर्ष 2023-24 से 25 नवम्बर तक कितनी है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या सत्यापन के नाम पर अक्टूबर, 2024 में निराश्रित पेंशनधारियों को अपात्र किया गया है? उन्हें अपात्र करने का कारण क्या है? विस्तृत विवरण देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ के अंतर्गत जनपद पंचायत सारंगढ़ एवं बरमकेला में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं से वित्तीय वर्ष 2023-24 कुल 69,796 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25 नवम्बर तक कुल 57,941 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। **(ख)** जी हाँ। अपात्र करने के कारण का विवरण निम्न अंकित है - 1. पात्रता आयु से हितग्राही के आयु कम होना । 2. विधवा नहीं होना । 3. परित्यक्त नहीं होना । 4. पात्रता हेतु दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित दिव्यांगता का प्रतिशत दिव्यांग हितग्राही का नहीं होना।

जनपद पंचायत सारंगढ़ के गौण खनिज मद से निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (क्र. 167) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जनपद पंचायत सारंगढ़ के द्वारा दिनांक 21.06.2024 को सामान्य सभा में विकास कार्य हेतु 99 कार्य प्रस्तावित कर जिला पंचायत रायगढ़ को प्रशासकीय स्वीकृति व राशि की मांग प्रेषित की गयी है? यदि हां तो क्या आज पर्यन्त स्वीकृति व राशि क्यों उपलब्ध नहीं करवायी गयी है? कब तक उपलब्ध कराई जावेगी? **(ख)** राज्य शासन का गौण खनिज संबंधी क्या नियम-निर्देश है? उपलब्ध करावें? क्या नियमों का पालन हो रहा हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हाँ, जनपद पंचायत सारंगढ़ के द्वारा दिनांक 21.06.2024 को सामान्य सभा में विकास कार्य हेतु 99 कार्य प्रस्तावित कर जिला पंचायत रायगढ़ को प्रशासकीय स्वीकृति व राशि की मांग प्रेषित की गयी है। जनपद पंचायत सारंगढ़ द्वारा प्रस्तावित 99 कार्यो में से 28 कार्यो के प्रस्तावित स्थल के संबंध में वांछित प्रतिवेदन अप्राप्त होने के कारण प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही नहीं की जा सकी। प्रशासकीय स्वीकृति एवं राशि उपलब्ध कराए जाने की समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। जी हॉ।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार में मनरेगा अंतर्गत श्रमिक भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

16. (क्र. 177) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत विकासखंड पाली एवं पोंडी उपरोड़ा में वर्ष 2023-24 और 2024-25 में 25.11.2024 की स्थिति में कितने श्रमिक पंजीकृत हैं? कितने श्रमिकों का भुगतान किया गया है और कितने मजदूरों का भुगतान बाकी है? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** उक्त वर्ष में कितने कार्य स्वीकृत हुए है? कितने पूर्ण हैं ? कितने प्रगतिरत् हैं तथा कितने अपूर्ण हैं ? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** लंबित श्रमिकों के भुगतान में राज्यांश और केन्द्रांश कितना-कितना लंबित है? लंबित भुगतान को शीघ्र पूर्ण करने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गयी है? भुगतान कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** श्रमिकों के भुगतान में राज्य शासन की राशि रु. 5.51 लाख एवं केन्द्र सरकार की राशि रु. 13.00 लाख लंबित है। लंबित राशि का एफ.टी.ओ. तैयार कर दिया गया है, नोडल बैंक से प्रोसेस होने पर राशि सीधे हितग्राही के खाते में हस्तांतरित हो जाएगी। वर्तमान में निरंतर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ग्रामीण) योजनांतर्गत प्राप्त राशि

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

17. (क्र. 179) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत विकासखंड पोंड़ी- उपरोड़ा एवं पाली में वर्ष 2022 से 25.11.2024 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत कुल कितनी राशि आबंटित की गई है? **(ख)** आबंटित राशि को किन-किन मदों में, कार्यों में खर्च किया गया, विकासखंडवार बतावें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के आंबटित राशि को क्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ग्रामीण) के मापदंड के अनुरूप खर्च किया गया है? यदि नहीं तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र -''अ''**

अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र- ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी हां। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री सड़क योजना के कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (क्र. 195) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुल कितनी सड़क प्रस्तावित एवं स्वीकृत हैं तथा इन सभी सड़क निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, पूर्ण अपूर्ण एवं अपूर्णता के कारण सहित जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती

[महिला एवं बाल विकास]

19. (क्र. 433) श्री दिलीप लहरिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में दिनांक 25.11.2024 तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती हेतु कब-कब विज्ञापन प्रकाशित किया गया है? **(ख)** कंडिका 'क' के अनुसार विज्ञापित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती हेतु कब-कब अंतिम योग्यता सूची जारी की गयी? जिसका दावा-आपत्ति देने हेतु अंतिम तिथि कब तक निर्धारित थी? **(ग)** कंडिका 'ख' अनुसार अंतिम योग्यता सूची जारी होने के पश्चात कितने आवेदकों ने दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया? क्या प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण किया गया है? दावा आपत्ति निराकरण पश्चात मेरिट सूची का प्रकाशन कब-कब किया गया? **(घ)** कंडिका 'ग' अनुसार दावा आपत्ति निराकरण पश्चात नियुक्ति आदेश कब-कब जारी किया गया? **(ड)** क्या उक्त भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता एवं फर्जी तरीके से भर्ती करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई हैं? यदि हां तो क्या उक्त शिकायतों की जांच की गयी है, यदि हां तो जांच में क्या पाया गया तथा दोषियों पर क्या कार्रवाई की गई है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) ,**(ख)** , **(ग)** एवं **(घ)** प्रश्नांश की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै। **(ङ)** जी हां कुल दो शिकायत प्राप्त हुई थी जिनकी जांच जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिलासपुर द्वारा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार शिकायतें निराधार थी तथा नियुक्ति की कार्यवाही को नियमानुसार पाया गया। फलस्वरूप किसी भी दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

मस्तुरी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत शासकीय अस्पतालों के जीवनदीप समिति अंतर्गत आय एवं व्यय

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

20. (क्र. 434) श्री दिलीप लहरिया : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित शासकीय अस्पतालों की जीवनदीप समितियों की सामान्य सभा की वित्तीय वर्ष 2023 -24 एवं 2024-25 25.11.2024 तक में कब-कब बैठक रखी गयी है? उक्त बैठक में क्या-क्या निर्णय लिया गया है? विवरण देवें। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023 -24 एवं 2024-25 में 25.11.2024 तक जीवनदीप समितियों को प्राप्त आय एवं व्यय राशि की जानकारी देवें। **(ग)**)क्या जीवनदीप समिति अंतर्गत प्राप्त राशि को निर्माण / मरम्मत कार्यों तथा सामग्री क्रय हेतु भी व्यय किया गया? यदि हाँ, तो क्या-क्या कार्यों हेतु,कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी? कार्य ऐजेंसी /ठेकेदार / सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म/ व्यक्ति के नाम

सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें। क्या सामग्री क्रय हेतु क्रय समिति का गठन किया गया है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) मस्तूरी विधान सभा क्षेत्र मे वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 21.08.2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी की जीवन दीप समिति की सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी जिसमें निम्नानुसार निर्णय लिया गया है- 1. जीवन दीप समिति में कार्यरत व्यक्तियों को मानदेय भुगतान। 2. ओ.टी./वार्डो में लाईटिंग रिपेयरिंग का देयक भुगतान। 3. जे.एस.एस. के के तहत् भोजन खिलाये जाने हेतु जितेन्द्र टिफिन सेंटर मस्तूरी का चयन। 4. वार्डो के पुराने कुलरों के के मरम्मत एवं उनके देयक भुगतान। 5. चिकित्सकों/कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था की कुर्सी रिपेयरिंग कार्य। 6. अस्पताल की पानी पाईप लाईन का मरम्मत कार्य। 7. लंबित देयकों के भुगतान पर अनुमोदन। 8. अन्य खर्च अध्यक्ष महोदय जी से चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 25.11.2024 तक की स्थिति में जीवन दीप समिति की सामान्य सभाकी बैठक नहीं रखी गई है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** जानकारी संलग्न **प्रपत्र-''अ''अनुसार है**। **(ग)** जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब एवं स''अनुसार है**। जी हॉ।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित

[विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी]

21. (क्र. 495) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विज्ञान केन्द्र स्थापित करने की योजना बनाई गई है ? यदि हां तो कहां एवं क्या क्षेत्र के युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित करने के लिए कोई विशेष योजना या कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं एवं क्षेत्र में डिजिटल इंडिया मिशन के तहत सभी गांवों में हाईस्पीड इंटरनेट उपलब्ध कराई जा रही हैं ? यदि हां तो विवरण दें। यदि नहीं तो क्षेत्र में सभी योजनाएं कब तक आरम्भ की जाएंगी। **(ख)**क्या प्रश्नांक 'क' अनुसार क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय में प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण योजनाएं प्रारंभ की गई हैं ? नवाचार एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में युवाओं को किस प्रकार जोड़ा जा रहा है ? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा कितने युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया है? विवरण देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी नहीं। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

15वें वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

22. (क्र. 496) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 25.11.2024 तक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15 वें वित्त से कितने निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गयी है ? मदवार, ग्रामवार एवं वर्षवार विवरण दें। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार उक्त अवधि में स्वीकृत कार्यों की भौतिक प्रगति (पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ) की जानकारी देवें? अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे? **(ग)** क्या प्रश्नांक 'क' अनुसार 15वें वित्त की राशि के दुरूपयोग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हॉ तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार 15वें वित्त की राशि के दुरूपयोग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतएव जानकारी **निरंक** है।

जिला रायगढ़ अंतर्गत जनपद पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

23. (क्र. 501) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**जिला रायगढ़ अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 25.11.2024 तक जनपद पंचायतों में कितने निर्माण कार्य स्वीकृत किए गये है, वर्षवार, मदवार, जनपद पंचायतवार, जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के अनुसार कितने कार्य पूर्ण अपूर्ण /अप्रारंभ है, जानकारी देवें? **(ग)** क्या घटिया निर्माण अथवा वित्तीय अनियमितत्ता की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

अमृत मिशन योजना अंतर्गत अमृत सरोवर तालाब निर्माण की जानकारी?

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

24. (क्र. 503) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत अमृत मिशन योजना में कितने तालाब स्वीकृत किए गये हैं, ग्रामवार राशि सहित जानकारी देवें? कितने कार्य पूर्ण हैं कितने अपूर्ण हैं, कितना व्यय किया जा चुका है कार्यवार जानकारी देवें? क्या सामग्री का भुगतान कर दिया गया है, कितना शेष है, अद्यतन जानकारी देवें? **(ख)**जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदगाँव में अमृत सरोवर योजनांतर्गत कितना राशि स्वीकृत की गयी है, कितनी व्यय की जा चुकी है? निर्माण कार्य अपूर्ण होने के क्या कारण हैं? क्या वित्तीय अनियमियतता की शिकायत प्राप्त हुई है, यदि हाँ तो उस पर क्या कार्यवाही की गई हैं? **(ग)** निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएँगे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। राशि रू. 61.79 लाख का सामग्री भुगतान शेष है। **(ख)** जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदगाँव में राशि रू. 16.81 लाख का अमृत सरोवर स्वीकृत किया गया है, जिसमें राशि रू. 7.463 लाख व्यय हुआ है। उक्त निर्माण कार्य यथास्थिति पूर्ण कर लिया गया है। वित्तीय अनियमितता की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** प्रश्न उद्भुत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

समाज कल्याण विभाग में नियुक्यिां

[समाज कल्याण]

25. (क्र. 506) श्री विक्रम मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग में समाज शिक्षा संगठक के कितने पद स्वीकृत,भरे एवं रिक्त हैं? रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही कब तक पूर्ण की जावेगी? **(ख)** क्या छत्तीसगढ़ राज पत्र में प्रकाशित अधिसूचना अनुसार कुल रिक्त पदों के 15 प्रतिशत पद विभागीय पदोन्नति से भरा जाना है। यदि हां,तो में क्या कर्यावाही की जा रही है? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' के अनुसार भर्ती प्रक्रिया हेतु वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो गई है? यदि नहीं तो कब तक स्वीकृति प्राप्त होगी? **(घ)** समाज कल्याण विभाग में ब्लाक समाज शिक्षा संगठक का पद किस श्रेणी में वर्णित है? कितने स्वीकृत, रिक्त व भरे हैं जानकारी दें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रदेश में समाज कल्याण विभाग में समाज शिक्षा संगठक के 146 पद स्वीकृत, 13 पद भरे एवं 133 पद रिक्त है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जी हां। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** जी नहीं। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(घ)** समाज कल्याण विभाग में समाज शिक्षा संगठक का पद कार्यपालिक तृतीय श्रेणी जनपद पंचायतों के लिए वर्णित है। 146 पद स्वीकृत, 133 पद रिक्त व 13 पद भरे हैं।

बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

26. (क्र. 507) श्री विक्रम मंडावी : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभागाधीन चिकित्सालयों में चिकित्सक MBBS संवर्ग के कितने पद स्वीकृत कार्यरत एवं रिक्त है? जानकारी देंवे? **(ख)** रिक्त पदों की पूर्ति के लिए क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्थाअथवा पदपूर्ति हेतु नवीन भर्ती के लिए क्या कोई कार्ययोजना बनाई गई है जानकारी दें? **(ग)** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) में केन्द्रांश राज्यांश के कौन-कौन से मद हैं? जानकारी देवें? **(घ)** वर्ष 2024-25 में बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के कौन-कौन से मदों में कुल कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई है? यदि स्वीकृति दी गई है तो कौन-कौन से कार्यों में व्यय की गई है? जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभागाधीन चिकित्सालयों में चिकित्सक MBBS संवर्ग के 65 पद स्वीकृत, 29 कार्यरत एवं 36 रिक्त है। **(ख)** रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारियों की संविदा पदों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है एवं नियमित पदों के लिए वित्त निर्देश 18/2023 एवं 04/2024 के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त करने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिला खनिज न्यास निधि से 07 संविदा एवं 08 अनुबंधित चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब'' एवं ''स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

जिला-मुंगेली अंतर्गत महतारी वंदन योजना के हितग्राही

[महिला एवं बाल विकास]

27. (क्र. 510) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला-मुंगेली अंतर्गत महतारी वंदन योजना में कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए? कितने पात्र अपात्र पाए गये? पात्र हितग्राहियों को दिनांक 26/11/24 तक कुल कितनी राशि प्रदान की गई, विकासखण्डवार बतावें? क्या ऐसे आवेदक/हितग्राही जिसके द्वारा निर्धारित समय में आवेदन नहीं किया गया था, उनको पुनः आवेदन करने तथा योजना में शामिल किये जाने की कोई कार्य योजना विचाराधीन है? यदि हां तो कब तक लागू की जावेगी, समयावधि बतावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : जिला मुंगेली अंतर्गत महतारी वंदन योजना में दिनांक 20.02.2024 की स्थिति में कुल 2,15,151 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2,14,203 हितग्राही पात्र तथा 948 हितग्राही अपात्र पाये गये। पात्र हितग्राहियों को प्रश्नाधीन अवधी तक कुल 175,17,22,850 राशि प्रदान की गई हैं, विकासखण्डवारजानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** ऐसे आवेदक/हितग्राही जिसके द्वारा निर्धारित समय में आवेदन नहीं किया गया था, उन्हें पुनः आवेदन करने का अवसर दिए जाने के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, अतः समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाएं

[समाज कल्याण]

28. (क्र. 511) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन की कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं? इन योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2019 से प्रश्न दिनांक तक पेंशन के तहत कितनी राशि का भुगतान किया जाना था? कितना भुगतान किया गया? योजनावार जानकार देवें? समय पर भुगतान न होने के क्या कारण हैं तथा पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार

उपरोक्त योजना में जिला मुंगेली में कितने हितग्राहियों को किस-किस योजना के तहत् कितनी राशि का पेंशन भुगतान किया गया? विकासखण्डवार जानकारी बतावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : **(क)** विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजनाएं एवं इन योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2019 से प्रश्न दिनांक तक पेंशन के तहत किये जाने वाले भुगतान व किये गए भुगतान की योजनावार जानकारी निम्नानुसार है - (राशि रुपये लाख में)

1.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना	220544.22	220544.22
2.	सुखद सहारा योजना	59202.96	59202.96
3.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना	141233.30	141233.30
4.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	113888.41	113888.41
5.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	43271.31	43271.31
6.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना	7176.15	7176.15
योग -		**585316.35**	**585316.35**

(ख) समय पर पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है। अतः कारण का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। समय पर पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा पेंशन राशि सीधे लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में जमा करायी जा रही है। ख) जिला मुंगेली में वर्ष 2019 से प्रश्न दिनांक तक विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही तथा उनको किये गए भुगतान की योजनावार विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है -

		लाभान्वित हितग्राही	**भुगतान की गई राशि**	**लाभान्वित हितग्राही**	**भुगतान की गई राशि**	**लाभान्वित हितग्राही**	**भुगतान की गई राशि**
1.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना	7585	3075.20	5338	2633.09	3662	2191.53
2.	सुखद सहारा योजना	2490	609.54	3198	874.25	1718	453.66
3.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना	9067	1975.25	11642	2199.16	4779	968.36
4.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	7509	1567.69	9019	1623.57	8893	1415.42
5.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	1057	192.35	1985	393.65	1974	396.29
6.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना	465	110.47	551	140.24	327	73.83
योग-		**28173**	**7530.50**	**31733**	**7863.96**	**21353**	**5499.09**

अविभाजित जिला राजनांदगांव में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु केंद्रीय सहायता

[गृह]

29. (क्र. 512) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से दिनांक 26/11/24 तक अविभाजित जिला राजनांदगांव (खैरा-छुईखदान-गंडई व मोहला-मानपुर-चौकी) वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (LWE) क्षेत्रों के विकास हेतु विशेष केंद्रीय सहायता (SCA) योजना से कितना आबंटन प्राप्त हुआ है? प्राप्त आबंटन से कौन-कौन से कार्य कराए गए व किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति की गई? क्या स्वीकृत राशि से सामग्री क्रय की गई है? यदि हां तो किनके द्वारा खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है? स्वीकृति कार्यवार, राशिवार, वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या LWE क्षेत्र के लिए प्राप्त SCA मद से उक्त अवधि में सोलर लाइट के क्रय का कार्य किया गया?

यदि हां तो स्टीमेट व टी एस किस-किस विभाग से लिया गया है? कार्यों का मूल्यांकन, सत्यापन अधिकार किसे दिया गया है? मूल्यांकन, सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा कार्यों का मूल्यांकन, सत्यापन कार्य की जानकारी देवें? **(ग)** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (LWE) क्षेत्रों की सुरक्षा संबंधी व्यय (SRE) योजना व विशेष बुनियादी ढाँचा योजनाओं (SIS) से कितनी-कितनी राशि किन-किन कार्यों हेतु खर्च की गई है? क्या उक्त कार्यों के लिए किसी प्रकार की निविदाआमंत्रित की गई थी? यदि हां, तो कब-कब यदि नहीं, तो किस नियमों के तहत राशि खर्च की गई है? जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांक की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे ''प्रपत्र अ, ब एवं स'' अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** प्रश्नांक की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे ''प्रपत्र द एवं ई'' अनुसार है।

वि.स. क्षेत्र भानुप्रतापपुर में मुख्यमंत्री ग्रामीण समग्र निर्माण योजना से स्वीकृत राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

30. (क्र. 516) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 25/11/24 तक विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण समग्र निर्माण योजना से कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं? मेरे द्वारा अनुशंसित कार्यो की स्वीकृति कब तक की जावेगी? समय अवधि बताये?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 25/11/24 तक विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण समग्र निर्माण योजना से 20 कार्य स्वीकृत हुए हैं। समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

जिला खैरागढ़-छुईखदान गंडई में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आई.टी.आई. कोपा विषय का संचालन

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

31. (क्र. 518) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आई. टी. आई. कोपा विषय संचालित है? यदि हां तो कितने सीटआबंटित हैं ? आबंटित सीट के विरूद्ध कितने छात्रों द्वारा प्रवेश लिया गया है? क्या प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर लैब की सुविधा प्रदान की जा रही है? यदि नहीं तो क्यों हाँ तो छात्रों के लिए कितने नग कंप्यूटर हैं? यदि नही तो क्यो ? व कितने कंप्यूटर कब से खराब हैं जानकारी देवें? **(ख)** क्या जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आईटीआई कोपा के प्रवेशित प्रत्येक छात्र-छात्राओ के प्रैक्टिकल के लिए कंप्यूटर की संख्या पर्याप्त है? यदि नहीं तो कब तक विभाग द्वारा कंप्यूटर उपलब्ध करा दिए जाऐंगे? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** अतंर्गत जिलों में संचालितऔद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में दिनांक 25/11/24 तक किस-किस मद से कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ है? प्राप्त आबंटित राशि से किन-किन कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि खर्च की गई? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ । जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में व्यवसाय कोपा के स्वीकृत सीट्स, प्रवेशित छात्रों की संख्या एवं दी जा रही कम्प्यूटर लैब की सुविधा की विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** जी नहीं, 1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, खैरागढ़ में संचालित व्यवसाय-कोपा के नवीन पाठ्यक्रम अनुसार कम्प्यूटर की आपूर्ति हेतु सिडबी क्लस्टर डेवलपमेंट फंड से पोषित योजनान्तर्गत तृतीय चरण के प्रस्ताव में प्रावधान सम्मिलित है। 2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छुईखदान हेतु वित्तीय संसाधन की उपलब्धता के आधार पर यथासमय कम्प्यूटर की आपूर्ति की जा सकेगी।**(ग)**जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन, कांकेर में प्रभावित कृषकों को नौकरी दिलाने बाबत

[चिकित्सा शिक्षा]

32. (क्र. 519) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला कांकेर के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन हेतु सड़क निर्माण आदि कार्यों हेतु ग्राम-तेलगरा, तहसील-चारामा के 05 किसानों की अधिग्रहित भूमि के प्रभावितों को रोजगार दिए जाने का प्रावधान है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : जी नहीं।

जिला-रायगढ़ में स्वीकृत/पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारम्भ प्रधानमंत्री आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

33. (क्र. 522) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-रायगढ़ में दिनांक 26/11/2024 तक कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हैं, कितने पूर्ण हो चुके हैं, कितने अब तक अपूर्ण या अप्रारंभ है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें? यह भी बतावें कि एक हितग्राही को मिलने वाली राशि में केन्द्रांश और राज्यांश की राशि कितनी-कितनी है? क्या पूर्व से लागत राशि को कम किया गया है ? यदि हां तो कितना कम किया गया है ? जानकारी देवें? **(ख)** लागत सामग्री की दर बढ़ जाने से आवास निर्माण के हितग्राहियों के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक अंतर्गत हितग्राही द्वारा आवास निर्माण पर केन्द्रांश राशि रूपये 1.50 लाख एवं राज्यांश राशि रूपये 0.79 लाख इस प्रकार कुल अधिकतम राशि रूपये 2.29 लाख जारी की जाती है। योजनांतर्गत लागत राशि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली राशि में केन्द्रांश 60 प्रतिशत एवं राज्यांश 40 प्रतिशत है। रायगढ जिले में हितग्राहियों को प्रति आवास कुल राशि रूपये 1.20 लाख जारी की जाती है। जिला-रायगढ़ अंतर्गत लागत राशि रूपये 1.20 लाख यथावत है। शेषांश प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अनुदान राशि रूपये 1.20 लाख, मनरेगा योजनांतर्गत 90 दिवस का मजदूरी भुगतान एवं अन्य योजनाओं से अभिसरण के माध्यम से आवश्यकता अनुसार स्वतः श्रमदान एवं हितग्राही के सहयोग से निर्धारित मापदण्ड अनुरूप पक्का आवास बनाये जाने हेतु जागरूकता लायी जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

प्रदेश में मनरेगा के कार्यों का भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

34. (क्र. 523) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-रायगढ़ में मनरेगा के कार्यों का दिनांक 26/11/24 तक कितना भुगतान अप्राप्त है? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्त श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान एवं सामग्री भुगतान किस कारण अटका हुआ है एवं कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला-रायगढ़ में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सम्पादित कार्यों का दिनांक 26.11.24 तक मजदूरी भुगतान लंबित नहीं है। विकासखंड धरमजयगढ़ का राशि रु. 67.31 लाख, घरघोड़ा का राशि रु. 21.66 लाख, खरसिया का राशि रु. 19.88 लाख, लैलूंगा का राशि रु. 87.57 लाख, पुसौर का राशि रु. 20.22 लाख, रायगढ़ का राशि रु. 1.83 लाख एवं तमनार का राशि रु. 7.47 लाख का सामग्री भुगतान लंबित है। **(ख)** योजनान्तर्गत मजदूरी एवं सामग्री में व्यय का अनुपात 60ः40 निर्धारित है। जिला रायगढ़ अंतर्गत वर्तमान में सामग्री मद अंतर्गत 37 प्रतिशत व्यय हो चुका है तथा राशि रु. 4.59 करोड़ के सामग्री भुगतान के बिल नरेगासॉफ्ट में प्रविष्ट हैं, जिनका भुगतान किये जाने पर सामग्री मद

अंतर्गत व्यय निर्धारित सीमा 40 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। अतः भविष्य में मजदूरी मद अंतर्गत भुगतान होने से समानुपातिक रूप से सामग्री भुगतान किया जाएगा। दिनांक 19.10.2024 तक के द्वितीय हस्ताक्षरित सामग्री बिल के भुगतान हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना की स्वीकृति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

35. (क्र. 530) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जनवरी, 2023 से दिनांक 26/11/24 तक बिलासपुर संभागान्तर्गत कितनी राशि की प्रधानमंत्री सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना की स्वीकृति प्रदान की गई हैं? इसमें कितनी व कितने प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है? स्वीकृत सड़कों में कितने के कार्य पूर्ण, अपूर्ण व कितने अप्रांरभ हैं? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** बिलासपुर संभाग के जिलों में किन-किन सड़कों के कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुये हैं व किन-किन सड़कों के लिये समयसीमा किस-किस अधिकारी के द्वारा किस आधार पर बढ़ाई गई है? सड़कवार, फर्मवार, समय-सीमावार, विलंब अवधिवार, राशिवार एवं जिलेवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जनवरी, 2023 से दिनांक 26/11/24 तक बिलासपुर संभागान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत राशि रू. 24592.31 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। भारत सरकार के द्वारा राशि संभागवार उपलब्ध नहीं करायी जाती है। भारत सरकार द्वारा एकमुश्त पूरे राज्य के लिये राशि रू. 28077.50 लाख उक्त अवधि में उपलब्ध करायी गई है। इस राशि में 40 प्रतिशत राज्यांश राशि रू. 19086.00 लाख जोड़कर कुल राशि रू. 47163.00 लाख आहरित कर निर्माण कार्यों में उपयोग की गई है। स्वीकृत सड़कों में कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण व कितने अप्रारंभ हैं की वर्षवार, जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। जनवरी, 2023 से दिनांक 26/11/24 तक बिलासपुर संभागान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत् राशि रू. 2695.14 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गई राशि **''निरंक''** है। स्वीकृत सड़कों में कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण व कितने अप्रारंभ हैं की वर्षवार, जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** बिलासपुर संभाग के जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की जानकारी **''निरंक''** है। तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

प्रदेश में संचालित शासकीय व अशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय

[चिकित्सा शिक्षा]

36. (क्र. 531) श्री धरमलाल कौशिक : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने शासकीय व अशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कब से संचालित हैं? इनमें कितने महाविद्यालय को एमसीआई से मान्यता मिल गई व कितनों को नहीं मिली है? इन महाविद्यालयों में एमबीबीएस की कितनी-कितनी सीटों की स्वीकृति केन्द्र सरकार से विगत 2 वर्षो में कब-कब मिली है और उसके एवज में कितने-कितने विद्यार्थियों को प्रवेश विगत 2 वर्षो में दिया गया है? जिन महाविद्यालय में निर्धारित संख्या से कम प्रवेश दिया गया है, उसके क्या कारण हैं? महाविद्यालयवार जानकारी देवें? **(ख)** उपरोक्तानुसार महाविद्यालय में संविदा/अनियमित रूप से कार्यरत प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक व अन्य चिकित्सा संवर्ग के किन-किन अधिकारियों को कब-कब नियमित किया गया है व शेष को कब तक नियमित किया जावेगा?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) प्रदेश में 10 शासकीय एवं 05 निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित है व सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों को एन.एम.सी. से मान्यता प्राप्त है। शेष जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** महाविद्यालय मे संविदा/अनियमित रूप से कार्यरत प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक व अन्य चिकित्सा संवर्ग के अधिकारियो को नियमित नहीं किया गया है। शेष प्रश्न उद्भूत नही होता।**[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]**

जिला अस्पताल जांजगीर-चाम्पा व सक्ती में डी एम एफ राशि का उपयोग

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

37. (क्र. 538) श्री बालेश्वर साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा एवं सक्ती जिले में वर्ष 2023-24 से 26 नवम्बर, 2024 तक की अवधि में खनिज न्यस मद (डी एम एफ) से जिला अस्पताल को डी. एम. एफ. मद से कब-कब, कितनी- कितनी राशि किस-किस कार्य के लिए जारी की गयी? जानकारी देवें? **(ख)** क्या जारी प्रशासकीय स्वीकृतियों में पुनरीक्षित स्वीकृतियां भी जारी की गयी हैं? यदि हां तो कब-कब कितनी राशि बढ़ाकर पुनरीक्षित स्वीकृति जारी की गई है ? कारण सहित जानकारी देवें? **(ग)** क्या कई कार्यो में निर्माण करने के बाद तोड़-फोड़ रिबिल्ट (पुनर्निर्माण) किया गया है? किन-किन कार्यो का पुनर्निर्माण हुआ है और कितनी लागत आई?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जाजगीर-चाम्पा एवं सक्ती जिले में वर्ष 2023-2024 से 26 नवम्बर, 2024 तक की अवधि में खनिज न्यास मद (डी.एम.एफ.) से जिला अस्पताल को कोई राशि प्रदाय नहीं की गई है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** जी नहीं। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

वि.खं.-सिमगा के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नवीन सर्वसुविधा युक्त ट्रामा सेंटर की स्थापना

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

38. (क्र. 542) श्री इंद्र साव : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वि.खं-सिमगा में शासकीय नवीन सर्वसुविधायुक्त ट्रामा सेंटर की स्वीकृति दी गई है? यदि हां, तो कब तथा उक्त सेंटर में कब तक मरीजों का ईलाज प्रारंभ होगा? जानकारी देवें? **(ख)** भाटापारा में शासकीय ''हमर अस्पताल'' निर्माण कार्य की स्वीकृति कब प्रदान की गई? निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रारंभ कर दिया जायेगा?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी हां। दिनांक 01.12.2023 को वि.खं.-सिमगा में शासकीय नवीन सर्वसुविधा युक्त ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में मरीजों का ईलाज प्रारंभ है। **(ख)** भाटापारा में शासकीय ''हमर अस्पताल'' निर्माण कार्य की स्वीकृति दिनांक 29.12.2022 को प्रदान की गई। निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं चिकित्सकीय कार्य प्रारंभ है।

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में स्वीकृत पी एम आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

39. (क्र. 549) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में दिसंबर 2023, से 26 नवम्बर, 2024 तक कितने पीएम आवास स्वीकृत किए गए? **(ख)** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में पीएम आवास हेतु हितग्राही को जारी की जाने वाली राशि का विवरण देवें? **(ख)** वर्ष 2023-2024 में स्वीकृत पीएम आवास में कितने पूर्ण हैं? कितने अपूर्ण हैं? कितने प्रगति पर हैं? **(ग)** पीएम आवास स्वीकृति हेतु मापदंड (नियम एवं शर्तें) क्या - क्या हैं? **(घ)** पीएम आवास पूर्ण करने हेतु समय-सीमा निर्धारित है यदि हॉ तो क्या?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कुल 11,060 आवास स्वीकृत किये गये। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास निर्माण हेतु हितग्राहियों को 03 किस्तों में क्रमशः प्रथम किस्त राशि रूपये 40000, द्वितीय किस्त राशि रूपये 60000, तृतीय किस्त राशि रूपये 20000ए इस प्रकार कुल राशि रूपये 1,20,000 प्रदान किया जाता है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। शेषांश प्रश्न उद्भूत नहीं होता। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पूर्ण आवास की संख्या **निरंक** है। 11060 आवास प्रगतिरत/अपूर्ण है। **(घ)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। (ड.) जी हाँ, प्रधानमंत्री अवास योजना (शहरी) अंतर्गत आवास पूर्ण करने हेतु मिशन अवधि दिसम्बर 2024 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अवधि वित्तीय वर्ष 2028-29 निर्धारित है।

सीतापुर वि.स. क्षेत्रांतर्गत आजीवन कारावास की सजा से दण्डित बंदियों की रिहाई

[जेल]

40. (क्र. 554) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पिछले 5 वर्षों में विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत आजीवन कारावास के कितने बंदियों के आजीवन कारावास की सजा का परिहार कर रिहा किया गया है? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत कितने कैदियों की रिहाई विचाराधीन है? **(ग)** इन कैदियों को अब तक रिहा नहीं किया गया तो क्यों? कब तक रिहा किया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) पिछले 5 वर्षों में (01.01.2019 से 06.12.2024 तक) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के अन्तर्गत आजीवन कारावास के कुल 32 बंदियों के आजीवन कारावास की सजा के शेष भाग का परिहार कर रिहा किया गया है । **(ख)** प्रश्नांश (क) अन्तर्गत कुल 08 बंदियों के प्रकरण विचाराधीन है । **(ग)** कुल 08 दण्डित बंदियों के आजीवन कारावास की सजा के शेष भाग का परिहार किए जाने से संबंधित प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला चिकित्सालय धमतरी को प्राप्त आबंटन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

41. (क्र. 564) श्री ओंकार साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिला चिकित्सालय को विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं में कितना आबंटन वर्ष 2023 से 25/11/2024 तक किन-किन कार्यों हेतु प्राप्त हुआ एवं इसे किन-किन सामग्री/कार्यों में खर्च किया गया? पूर्ण जानकारी देवें? **(ख)** धमतरी जिला चिकित्सालय में जीवनदीप समिति की बैठक विगत 02 वर्षों में कब-कब हुई? उक्त समिति के पदाधिकारी कौन-कौन हैं? जनभागीदारी समिति का गठन कब और किस उद्देश्य से किया गया है? इसके क्या-क्या कार्य हैं? **(ग)** जीवनदीप समिति में कितने पद स्वीकृत,भरे, रिक्त है? पदों की जानकारी (नाम,पदनाम, वेतन, कार्य अवधि देवें? वर्तमान में जीवनदीप समिति की क्या स्थिति है? जीवनदीप समिति का गठन हुआ है अथवा नहीं? अगर नहीं हुआ है तो क्यों नहीं हुआ है? इसके लिए जिम्मेदार कौन है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''**अनुसार है। **(ख)** धमतरी जिला चिकित्सालय में जीवनदीप समिति की बैठक विगत 02 वर्षो में दिनांक 28.02.2023 एवं दिनांक 16.06.2023 को हुई। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। जनभागीदार समिति का गठन नहीं किया गया है। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जीवन दीप समिति के अंतर्गत पद स्वीकृत नहीं है। जिला चिकित्सालय में कार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जीवनदीप समिति के अनुमोदन पश्चात् निश्चित सामेकित पारिश्रमिक/कलेक्टर दर पर रखा गया है, जिसकी जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''स''** अनुसार है। वर्तमान में जीवनदीप समिति के अंतर्गत माननीय प्रभारी मंत्रीजी द्वारा 07 सदस्यों का नाम मनोनित कर नामंकित किया गया है। माननीय प्रभारी मंत्रीजी की अध्यक्षता में मनोनित सदस्यों एवं समिति के नियमानुसार पदाधिकारियों की उपस्थिति में आगामी बैठक का आयोजन किया जाना है। जी हां। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

जांजगीर-चांपा जिले में घटित अपराधों/घटनाओं के दर्ज प्रकरण

[गृह]

42. (क्र. 569) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत अलग-अलग थानों में 01 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 26/11/24

तक अलग-अलग आपराधिक प्रकरणों जैसे हत्या, चोरी, बलात्कार, नशीली दवाई, सड़क दुर्घटना, डकैती, जुआ-सट्टा, ठगी, अवैध शराब, मानव तस्करी, गुमशुदगी, धोखाधड़ी, रिश्वतखोरी, सूदखोरी, मारपीट, गबन, भ्रष्टाचार, अपहरण, साईबर अपराध व अन्य आपराधिक प्रकरणों के कुल कितनी घटनाओं/प्रकरणों में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं? वर्षवार, थानावार जानकारी उपलब्ध करावें? अकलतरा नगर क्षेत्र अंतर्गत घटित घटनाओं/प्रकरणों की थानावार जानकारी पृथक से देवें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में पूछी गई अवधि में पंजीबद्ध प्रकरणों में कितने प्रकरणों के आरोपी पकड़े जा चुके हैं व कितने पकड़ से बाहर हैं? वर्षवार, थानावार जानकारी उपलब्ध करावें? अकलतरा नगर क्षेत्र अंतर्गत घटित घटनाओं/प्रकरणों की जानकारी पृथक से देवें? **(ग)** अपराधों को रोकने के लिए क्या-क्या कार्ययोजना बनाई गई है अथवा क्या कदम उठाए गए हैं? जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जांजगीर-चांपा जिले की वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। अकलतरा नगर क्षेत्र की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ख)** जांजगीर -चांपा जिले की वर्षवार, थानेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है। अकलतरा नगर क्षेत्र अंतर्गत की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''द''** अनुसार है। **(ग)** संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर तत्काल प्रथम सूचना दर्ज कर विवेचना/साक्षयों का संकलन कर आरोपी की गिरफ्तारी की जाती है। अपराधों के रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु लगातार पुलिस पेट्रोलिंग, गश्त तथा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् लगातार गॉवों एवं शहरों के चौक चौराहों, हाट-बाजारों एवं स्कूलों व कालेजों में जागरूकता कार्यक्रम चला कर महिलाओं एवं बच्चों संबंधी अपराध से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। सायबर संबंधी अपराध से बचाव हेतु सायबर जागरूकता अभियान, सायबर पखवाड़ा कार्यक्रम चलाकर लोगों में जागरूकता लायी जा रही है। ''अभिव्यक्ति एप'' छात्राओं को डाउनलोड कराया जाकर प्रेरित किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विश्वास कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, दुर्घटनाजन्य क्षेत्र की पहचान कर सांकेतिक बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर बनवाये गये हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों एंव यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही की जाकर यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। मादक पदार्थ गांजा/अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु नषामुक्ति पखवाड़ा कार्यक्रम के माध्यम से गांव/शहरों में बाजार-हाट, चौक-चौराहों, स्कूल-कालेजों मे जन-जागरूकता अभियान चलाकर नशे के विरूद्ध जागरूक किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा में स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण संस्थागत प्रसव में कमी

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

43. (क्र. 571) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वर्ष 2024-25 में दिनांक 26/11/24 तक कितने संस्थागत प्रसव हुए? कराए गए प्रसव में से कितने प्रसव सामान्य एवं कितने ऑपरेशन से हुए हैं? केन्द्रवार, वर्षवार पृथक-पृथक जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या वर्तमान वर्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा में संस्थागत प्रसव में तुलनात्मक रूप से विगत वर्षों की अपेक्षा कमी आई है? यदि हां, तो कितने प्रतिशत की कमी आई है व उसके क्या कारण हैं एवं कमी को दूर करने के लिए विभाग द्वारा क्या-क्या प्रयास किए गए? सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करावें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा के नजदीकी संस्थाओं/स्वास्थ्य केन्द्रों में सामान्य संस्थागत प्रसव विगत वर्ष की तुलना में अधिक सम्पादित हुए हैं। अतः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा क्षेत्र में संस्थागत प्रसव में तुलनात्मक कमी परिलक्षित नहीं हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा में सामान्य प्रसव

सम्पादित किये जा रहे हैं एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था अंतर्गत महिलाओं को उच्च स्वास्थ्य संस्था में रिफर किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में रीपा के तहत् निर्मित भवनों की उपयोगिता

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

44. (क्र. 578) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में ''रीपा'' के तहत् कहां-कहां, कौन-कौन से भवन का निर्माण किया गया है? इन भवनों हेतु स्वीकृत एवं व्यय की गई राशि की जानकारी दें? **(ख)** ''रीपा'' के तहत् निर्मित भवनों में किन-किन लघु व कुटीर उद्योगों का संचालन होना था व हुआ तथा इसमें कितने लोग रोजगार से जुड़े ? **(ख)** इस समय इनके कार्यसंचालन की स्थिति सहित इन भवनों में क्या कोई अन्य कार्य के कार्यसंचालन के संबंध में विभाग/शासन विचार कर रहा है? कृपया बतावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** निर्णय विचाराधीन है।

बस्तर संभागातर्गत जिलो मे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्राप्त आवेदन

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

45. (क्र. 579) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के कितने आवेदन प्राप्त हुये? कितने हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया? कितने निरस्त व कितने प्रकरण शेष है? जिलेवार विगत् 03 वर्षों की जानकारी बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत आवश्यक बंटन राशि, प्राप्त बंटन राशि के संबंध में बतावें ? **(ग)** विगत् 03 वर्षों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ अथवा अपूर्ण स्थिति में बंद हैं? कृपया बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों के आवेदन के आधार पर आवास की स्वीकृति नहीं की जाती है अपितु आवास की स्वीकृति सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना (एसईसीसी) 2011 के स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं 2018 की आवास प्लस सूची के प्राथमिकता क्रम के आधार पर की जाती है। शेषांश प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उद्भूत नहीं होता। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

जिला सुकमा में संचालित आँगनबड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

46. (क्र. 584) श्री कवासी लखमा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सुकमा में आंगनबाड़ी केंद्रों की संचालित संख्या विकासखण्डवार बताइए? **(ख)** इनमें से कितने भवन-विहीन हैं तथा कितने स्वयं के भवन में संचालित हैं? भवन-विहीन आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान में कौन-कौन से भवन में संचालित हैं? भवन का प्रकार शासकीय या अशासकीय बताए यदि अशासकीय है तो भवन मालिक का नाम, पता सहित जानकारी दें? **(ग)** क्या निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को किराया भुगतान किया जाता है ? किराया किस प्रकार भुगतान किया जाता है? किराये की निर्धारित राशि की जानकारी भी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला सुकमा अंतर्गत विकासखण्ड सुकमा में 218, छिन्दगढ़ में 380 एवं कोन्टा में 446 आंगनबाड़ी केंन्द्र संचालित है। **(ख)** इनमें से 237 भवन-

विहीन हैं तथा 807 स्वयं के भवन में संचालित है। भवन-विहीन आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान में जिन भवनों में संचालित हैं, उनका प्रकार शासकीय या अशासकीय तथा अशासकीय भवन के मालिक का नाम, पता सहित विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** जी हां, निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को किराया भुगतान किया जाता है। किराया भुगतान भारत शासन के पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन किया जाता है। भारत शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में किराये के भवन में संचालित केन्द्रों हेतु राशि रूपये 2,000/- मासिक किराया निर्धारित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

जिला अस्पताल सुकमा एवं शिशु अस्पताल सुकमा में चिकित्सकों के संबंध में

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

47. (क्र. 585) श्री कवासी लखमा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला अस्पताल सुकमा एवं शिशु अस्पताल सुकमा में चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के कितने तथा कौन-कौन से पद स्वीकृत हैं? इनके विरुद्ध कौन-कौन से पद भरे एवं कौन-कौन से पद रिक्त है? रिक्त पदों की पूर्ति के लिए शासन की क्या योजनाएं है? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जाएगी? **(ख)** विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में जरूरतमंद मरीजों के इलाज हेतु शासन द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विभाग द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है। वित्त निर्देश 18/2023 एवं 04/2024 के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त करने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आनलाईन आवेदन आमंत्रित कर निरंतर भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है। रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं हैं। **(ख)** विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में जरूरतमंद मरीजों के इलाज हेतु स्नातकोत्तर विषय विशेषज्ञों को अनुबंध आधार पर नियुक्त कर एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) तथा जिला खनिज न्यास निधि के मद से भर्ती कर, वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

जिला-महासमुंद में घटित अपराध व कृत कार्यवाही

[गृह]

48. (क्र. 590) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला महासमुंद में 01 जनवरी 2024 से 24.11.24 की स्थिति में हत्या, लूट, बलवा की घटित घटनाओं की संख्या, थानावार बतायें? **(ख)** बढ़ती अपराधिक घटनाओं के लिए क्या-क्या प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं? प्रश्नांश 'क' की घटनाओं में कार्यवाही कर पकड़े गये अपराधियों की संख्या व कार्यवाही, अपराधवार बतायें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी कर विधि अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। अपराध को रोकने के लिए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, संदिग्धों पर सतत् निगरानी, रात्रि में प्रमुख एवं संभावित भीड़ वाली जगहों पर पुलिस की पाइंट ड्यूटी/पैदल गश्त/वाहन पेट्रोलिंग द्वारा चेकिंग की जा रही है। मोबाईल चेक पोस्ट द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की जॉच की जा रही है। नियमित रूप से होटल, धर्मशाला, ढ़ाबा, लॉज, रैनबसेरा आदि की जॉच व थाना क्षेत्रों में किरायेदारों/बाहरी व्यक्तियों की तस्दीक करायी जाती है। स्कूल, कालेजों में जागरूकता अभियान चलाया जाकर अपराधों पर अंकुश लगाया जा रहा है। प्रश्नाधीन अवधि तक हत्या के 37, लूट के 35 एवं बलवा के 62 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

जिला महासमुंद अंतगर्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की जानकारी

[समाज कल्याण]

49. (क्र. 593) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-महासमुंद में सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत वृद्धा पेंशन प्रदान करने का क्या मापदण्ड हैं? दिनांक 24.11.2024 की स्थिति में कुल लाभान्वितों की संख्या विकासखण्डवार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत 24.11. 2024 की स्थिति में पात्र किन्तु पेंशन अप्राप्त करने वाले तथा लंबित आवेदनों की संख्या विकासखण्डवार प्रदान करें ? **(ग)** उक्त तिथि की स्थिति में प्रश्नांश `ख' के अनुसार पात्र पेंशन अप्राप्त होने व लंबित रहने का क्या कारण है? जिम्मेदार व्यक्तियों पर क्या कार्यवाही की जा रही है। इन प्रकरणों को कब तक निराकृत कर लिया जावेगा ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में वृद्धजनों को पात्रता नहीं है, इंदिरा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत पेंशन प्रदान करने का मापदण्ड "गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के 60 वर्ष या अधिक आयु के वृद्ध" है । योजना अंतर्गत दिनांक 24.11.2024 की स्थिति में कुल लाभान्वित हितग्राहियों की विकासखण्डवार संख्या निम्नानुसार है-

क्रमांक	विकासखण्ड का नाम	लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या
1.	महासमुन्द	6,000
2.	बागबाहरा	4,459
3.	पिथौरा	6,099
4.	बसना	8,943
5.	सरायपाली	8,929
योग-		34430

(ख) जानकारी निरंक है ।**(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

महतारी वंदन योजना में जारी राशि व व्यय

[महिला एवं बाल विकास]

50. (क्र. 600) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** महतारी वंदन योजना के तहत अब तक कुल कितनी राशि का प्रावधान बजट में किया गया है? योजना के तहत अब तक कितनी राशि महिला हितग्राहियों को कब-कब जारी की गई है? जिलावार जानकारी दें। **(ख)** विभाग द्वारा आबंटित बजट में से कितनी राशि प्रचार-प्रसार के किन किन माध्यमों में खर्च की गई है? प्रचार के माध्यम, खर्च की गई राशि की जानकारी दें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) महतारी वंदन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में रूपये 1200.00 करोड़ का बजट प्रावधान तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में रूपये 7900.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के तहत् अब तक राशि रूपये 6530.32 करोड़ महिला हितग्राहियों को सभी जिलों हेतु एक साथ क्रमशः दिनांक 10.03.2024, 03.04.2024, 01.05.2024, 01.06.2024, 01.07.2024, 30.07.2024, 02.09.2024, 01.10.2024, 25.10.2024 एवं 03.12.2024 को जारी की गयी है।**जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** विभाग द्वारा आबंटित बजट में से होर्डिंग्स, ब्रांडिंग, कटआउट, एलईडी स्क्रीन एवं प्रिंट मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में राशि 1,98,45,614/- रूपये तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 20,00,000/-रूपये खर्च की गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

प्रदेश में बेरोजगारों को रोजगार भत्ता का प्रदाय

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

51. (क्र. 602) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रश्नांक अवधि तक छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी है? **(ख)** जनवरी 2024 से 26 नवंबर

2024 तक छत्तीसगढ़ के कुल कितने बेरोजगारों को भत्ता प्रदान किया गया है? कुल प्रदत्त राशि क्या है? अगर बेरोजगारों को भत्ता प्रदान नहीं किया जा रहा है तो किन कारणों से प्रदान नही किया जा रहा है? बेरोजगारों को क्या रोजगार भत्ता प्रदान किया जावेगा? **(ग)** जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक कुल कितने बेरोजगारों को भत्ता प्रदान किया गया था? कुल प्रदत्त राशि क्या थी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)प्रश्नांश अवधि (दिनांक 03.12.2024) तक छत्तीसगढ़ में रोजगार इच्छुक बेरोजगारों की कुल संख्या 1716713 है।**(ख)** जनवरी 2024 से 26 नवंबर 2024 तक बेरोजगार जिन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया गया है जानकारी ''निरंक'' है। एवं प्रदत्त राशि ''निरंक'' है। शेषांश का उत्तर दिया जाना संभव नहीं है।**(ग)**जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 (वास्तवितक भत्ता प्रदान करने का माह अप्रैल 2023 से नवंबर 2023) तक कुल 1,35,440 (एक लाख पैंतीस हजार चार सौ चालीस) बेरोजगारों को भत्ता एवं कुल 249,99,90,000 (दो सौ उन्चास करोड़ निन्यान्बे लाख नब्बे हजार रू. मात्र) राशि प्रदान की गई।

जनपद पंचायत कोटा के आय-व्यय की जानकारी

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

52. (क्र. 604) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनपद पंचायत कोटा जिला बिलासपुर की आय के स्त्रोत्र क्या-क्या हैं? विगत 03 वर्षो में किन-किन कार्यो एवं मदों से कितनी आय प्राप्त हुई है? प्राप्त आय राशि का उपयोग किन-किन कार्यो में किया गया है? वर्षवार जानकारी दें। **(ख)** मुद्रांक शुल्क से विगत 03 वर्षो में कितनी आय हुई है एवं इस राशि का किन-किन कार्यो में व्यय हुआ है? वर्षवार विवरण दें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जनपद पंचायत कोटा जिला बिलासपुर की आय के स्त्रोत्र एवं आय-व्यय की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** मुद्रांक शुल्क से विगत 03 वर्षो के आय-व्यय की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

मनरेगा में पंजीकृत व हटाए गए श्रमिक

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

53. (क्र. 608) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 1 अप्रैल, 2024 से 1 अक्टूबर, 2024 तक मनरेगा में पंजीकृत कितने श्रमिकों के नाम हटाये गये है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार पंजीकृत श्रमिकों के नाम हटाने के क्या कारण थे? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना

[महिला एवं बाल विकास]

54. (क्र. 609) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्तमान में महतारी वंदन योजना में हितग्राहियों का नाम जोड़ने हेतु क्या प्रावधान रखा गया है? क्या ऑनलाईन पोर्टल में हितग्राहियों का पंजीयन हो रहा है? **(ख)** वर्ष 2024-25 में महतारी वंदन योजना अंतर्गत राज्य के प्रत्येक महिलाओं को प्रतिमाह कितनी राशि दी जाती है? क्या इस योजनान्तर्गत सभी महिलाओं को समान राशि दी जाती है या अन्य योजनाओं की राशि को जोड़कर एक हजार रुपये

दिये जाते हैं? **(ग)** क्या राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के लाभार्थी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का भी लाभ दिया जा रहा है? कितने महिलाओं को तीनों योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है? प्रत्येक महिला को तीनों योजनाओं में पृथक-पृथक योजनावार कितनी राशि दी जा रही है? इन योजनाओं से प्रत्येक महिला को प्रतिमाह मिलने वाली कुल राशि की जानकारी जिलेवार देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) वर्तमान में महतारी वंदन योजना अंतर्गत नए हितग्राहियों के नाम जोड़े जाने हेतु कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जी, नहीं। **(ख)** महतारी वंदन योजना अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पात्रताधारी महिलाओं को उसकी पात्रता अवधि में रूपये 1000/- प्रतिमाह की राशि दिए जाने का प्रावधान है। जी नहीं, सभी महिलाओं को समान राशि नहीं दी जाती अपितु ऐसी महिलाएं जिन्हें सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से विभिन्न पेंशन योजनाओं में प्रतिमाह रू. 1000/- से कम राशि की पेंशन प्राप्त हो रही है, तो ऐसी पात्र महिलाओं को अतिरिक्त उतनी राशि की सहायता स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है, जिससे उन्हें कुल रू. 1000/- की मासिक राशि प्राप्त हो सके। **(ग)** जी हाँ, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के लाभार्थी महिलाओं में, आवेदन करने वाली पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना संचालित नहीं है। समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त राष्ट्रीय एवं राज्य की पेंशन योजना में से एक समय में एक ही पेंशन योजना से लाभ दिया जाता है। चूंकि उपरोक्त योजनाओं से महिलाओं को लाभांवित करने के माध्यम पृथक-पृथक है, अतः कितनी महिलाओं को इन सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, यह जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रत्येक पात्र महिला को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से क्रमशः रू. 500/- एवं रू. 650/-, मुख्यमंत्री पेंशन योजना से रू. 500/- तथा महतारी वंदन योजना से क्रमशः रू. 1000/- तथा समाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को क्रमशः रू. 500/- एवं रू. 350/- की राशि दी जा रही है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब** अनुसारहै।
[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत योजनाओं से प्राप्त राशि की जानकारी

[गृह]

55. (क्र. 610) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 01 जनवरी 2022 से दिनांक 26/11/2024 तक केन्द्रीय विशेष सहायता योजना, विशेष विकास योजना, विशेष बुनियादी ढॉचा योजना, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण कोष एवं विशेष क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार से कब-कब कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई हैं? प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन कार्यों के लिये किया गया? कार्यवार, स्थान एवं ग्रामवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? क्या प्राप्त राशि का प्रयोग किसी प्रकार की खरीदी के लिये किया गया हैं? यदि हां तो क्या-क्या सामग्री क्रय की गई? क्रय करने के लिये किस माध्यम का प्रयोग किया गया? फर्म/एजेंसी/अन्य किसी को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया? भुगतान करने का माध्यम क्या था? प्राप्त राशि एवं व्यय की जानकारी वर्षवार, कार्यवार, सामग्रीवार, भुगतानवार देवें? **(ख)** उक्त योजनाओं से प्राप्त राशि के प्रयोग के समय किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई? यदि हां तो क्या-क्या अनियमितता पाई गई एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांक **(क)** की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। शेषांश उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

जिला राजनांदगांव अंतर्गत परिसीमन हेतु चयनित ग्राम व ग्राम पंचायत हेतु आधार नियम

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

56. (क्र. 612) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंचायत विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिनांक 09.10.2024 को जारी आदेश अनुसार जिला राजनांदगांव अंतर्गत जिन ग्रामों का परिसीमन हेतु चयन किया गया, वें किस दुष्टिकोण से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं, कारण सहित जानकारी देवें? सुदूरवर्ती क्षेत्र की परिभाषा एवं राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त सुदूरवर्ती ग्राम व ग्राम पंचायत के नाम की जानकारी विकासखंडवार देवें? **(ख)** पंचायत अधीनियम अनुसार किसी ग्राम को ग्राम पंचायत बनाने से पहले कुल कितनी आबादी एवं क्या-क्या आधार होना चाहिए, जानकारी देवें? 2011 के जनगणना के समय उक्त आदेश अनुसार जिले के ग्रामों की कुल आबादी कितनी थी? परिसीमन हेतु किन-किन प्राधिकृत अधिकारीयों द्वारा कब-कब निरीक्षण एवं परीक्षण प्रस्ताव भेजा गया? क्या परीसीमन आदेश निकालने से पूर्व सक्षम अधिकारीयों/कर्मचारीयों द्वारा सभी औपचारिकतायें पूर्ण करा ली गई थी? यदि हां तो कब-कब निरीक्षण एवं परीक्षण कराया गया दिनांकवार, निरीक्षणकर्ता अधिकारी/कर्मचारी का नाम/पदनाम सहित जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक पंचा.-05/पंचाग्राविवि/22/2024/4568 दिनांक 09.10.2024 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु जिलों से प्रस्ताव के अनुसार प्रशासकीय अनुमोदन के उपरांत जिला कलेक्टर द्वारा परिसीमन किया गया है। शेष प्रश्नांश उद्भूत नहीं होता। **(ख)** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 03 के तहत् गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा धारा-129 ख (1) अनुसूचित क्षेत्रों हेतु, धारा 10 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत (सीमाओं का परिवर्तन, मुख्यालयों का विस्थापन या बदला जाना) 1994 में किसी ग्राम को ग्राम पंचायत बनाये जाने का प्रावधान है। अधिनियम में ग्राम पंचायत गठन हेतु न्यूनतम जनसंख्या का उल्लेख नही हैै। वर्ष 2011 के जनसंख्या के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 665047 है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 3 के तहत् नवीन ग्राम पंचायत का गठन हेतु कलेक्टर द्वारा सूचना प्रकाशन किया जाकर प्रभावित ग्रामों से आपत्ति/दावें आमंत्रित किये गये थे, किंतु किसी भी व्यक्ति के द्वारा आपत्ति/दावें प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार परिसीमन की कार्यवाही की गई है। उत्तर के साथ संलग्न आवश्यक दस्तावेज **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

महासमुंद जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

57. (क्र. 614) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले के अंतर्गत कुल कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र कहां-कहां पर संचालित हैं? वर्ष 2021 से दिनांक 25/11/2024 तक संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में किस-किस योजना से कुल कितनी राशि के मरम्मत, जीर्णोद्धार और नवीन निर्माण कार्य किए गए है? **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी/ ठेकेदार कौन कौन है ? स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं कितने अप्रारंभ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे? स्वास्थ्य केंद्रवार जानकारी दें। **(ग)** प्रश्नांश "क" के संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ के कितने पद स्वीकृत एवं रिक्त है? स्वीकृत पद के विरुद्ध कितने कार्यरत हैं? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जाएगी। कृपया सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की श्रेणीवार जानकारी अलग से दें।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ/ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र स''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र द/ड़/च''** अनुसार है। रिक्त पदों की पूर्ति एक सतत् प्रक्रिया है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

नवगठित जिला सक्ती अंतर्गत मनरेगा अंतर्गत कार्यो की स्वीकृति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

58. (क्र. 615) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवगठित जिले सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायतों में वर्ष 2023-2024 व 2024-2025 में 26/11/2024 तक मनरेगा अंतर्गत स्वीकृति कार्यो में कितने कार्य निर्धारित कैटेगरी के बाहर स्वीकृत किये गये,जबकि वास्तविक कार्य कैटिगरी से बाहर था? **(ख)** कितने कार्यो के प्राक्कलन में आवश्यकता से अधिक कार्य व्यय किया गया? **(ग)** कंस्ट्रक्शन और ग्राम पंचायत कम्युनिटी के तहत कितने कार्य स्वीकृति किये गए और कितने ऐसे ग्राम पंचायत हैं, जहां पंचायत भवन नहीं बनाये जाकर अन्य निर्माण हुए। **(घ)** उक्त के सम्बंध में कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं क्या कार्यवाही की गई? कौन दोषी पाया गया और दोषी पर कब तक कार्यवाही की जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) नवगठित जिला सक्ती के ग्राम पंचायतों में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में दिनांक 26.11.2024 तक महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कोई भी कार्य कैटेगरी (अनुमेय कार्य) से बाहर स्वीकृत नहीं किया गया है। शेषांश उद्भुत नहीं होता। **(ख)** किसी भी कार्यों के प्राक्कलन में आवश्यकता से अधिक व्यय नहीं किया गया है। **(ग)** वर्ष 2023-24 में 1737 कार्य एवं 2024-25 में दिनांक 26.11.2024 तक 2457 कार्य कंस्ट्रक्शन और ग्राम पंचायत कम्युनिटी के तहत स्वीकृत किये गए हैं। सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्मित हैं। **(घ)** उक्त संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतएव शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

अंबिकापुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत ग्रामों में आधुनिक सुविधाओं को विकसित करना

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

59. (क्र. 618) श्री राजेश अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि राज्य में 3000 से अधिक आबादी वाले गांवों का चयन कर शहर जैसी आधुनिक सुविधाओं को विकसित करने के तहत स्मार्ट विलेज योजना लागू की गई है? यदि हां तो उक्त योजना अर्न्तगत विधान सभा क्षेत्र अंबिकापुर के कौन-कौन से गांवों का चयन किया गया है ? चयनित गांवों की सूची प्रदान करें? **(ख)** उक्त योजना अन्तर्गत चयनित गांवों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 26/11/2024 तक कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी राशि के किये गये हैं? चयनित गावों में व्यय राशि का विवरण देवें? **(ग)** क्या उक्त चयनित गांवों मे जल निकासी प्रबंधन पक्की नालियां, सामुदायिक शौचालय का निर्माण, पार्क, खेल मैदान, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र विकसित किये जा चुके हैं? यदि हां, तो कहां-कहां और नहीं तो क्यों? विवरण देवें ।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न उद्भुत नहीं होता। **(ग)** प्रश्न उद्भुत नहीं होता।

पुलिस विभाग धमतरी में पदस्थ कितने अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतें

[गृह]

60. (क्र. 619) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से दिनांक 26/11/2024 तक पुलिस विभाग, धमतरी में पदस्थ कितने अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध शासकीय कार्य में लापरवाही, रिश्वत, अवैध वसूली, वित्तीय अनियमिता आम जनता से अभद्रता पूर्वक बातचीत, एवं अन्य की शिकायत प्राप्त हुई है? ऐसे अधिकारियों का नाम, पदनाम, प्राप्त शिकायत की जानकारी देवें? **(ख)** प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभाग द्वारा संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की विरुद्ध क्या जांच/कार्रवाई की गई? अगर जांच/कार्रवाई नहीं की गई तो क्यों?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांश अवधि में जिला-धमतरी में पदस्थ पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध शासकीय कार्य में लापरवाही के-11, रिश्वत-03 अवैध वसूली-101, वित्तीय

अनियमितता-04, आम जनता से अभद्रता पूर्वक बातचीत के-44 एवं अन्य शिकायत के-281 कुल 444 शिकायत प्राप्त हुई है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्राप्त शिकायतो पर सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध जांच कार्यवाही की गई। जांच निष्कर्ष के आधार पर 401 शिकायत नस्तीबद्ध, 05 में प्राथमिक जांच, 13 में विभागीय जांच, 01 में अपराधिक प्रकरण एवं 24 में शिकायत जांच पर लंबित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

समाज कल्याण विभाग के निःशक्त जन वित्त एवं विकास निगम द्वारा स्वीकृत ऋण राशि

[समाज कल्याण]

61. (क्र. 626) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- निःशक्त जन वित्त एवं विकास निगम द्वारा राज्य में वर्ष 2021-2022 से 26/11/2024 तक कितने दिव्यांगजनों को कितनी राशि ऋण के रूप में स्वीकृत की गयी हैं। स्वीकृत ऋण राशि के विरूद्ध कितनी राशि वसूल की गयी है? ऋण की वसूली के लिए जिले से राज्य स्तर पर क्या-क्या प्रावधान किये गये हैं? वित्तीय वर्ष 2024 में कितने नये प्रकरणों की स्वीकृति दी गयी है? जिलेवार, व्यवसायवार, ऋणवार राशिवार जानकारी प्रदान करें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम द्वारा राज्य में वर्ष 2021-2022 से 26/11/2024 तक कुल 19 दिव्यांगजनों को ऋण के रूप में राशि रूपये 1,17,57,930 स्वीकृत की गई है। स्वीकृत ऋण राशि के विरूद्ध राशि रूपये 5,73,305/- वसूल की गई है। ऋण राशि की वसूली के लिए जिला स्तर पर संयुक्त/उप/सहायक संचालक पदेन जिला प्रबंधक के माध्यम से वसूली का प्रावधान हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में कुल 11 नये प्रकरणों की स्वीकृति दी गई है। जिलेवार, व्यवसायवार, ऋणवार, राशिवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्रमांक	जिला का नाम	व्यवसाय	ऋणवार	स्वीकृत ऋण राशि
1	रायपुर	ट्रैक्टर वाहन	1	8,44,280.00
		ई-रिक्शा वाहन	3	7,81,280.00
2	बेमेतरा	टेन्ट हाऊस	1	8,50,000.00
3	दंतेवाड़ा	सेन्ट्रिंग प्लेट	1	8,50,000.00
4	जशपुर	ट्रैक्टर ट्राली	2	18,40,250.00
5	बलौदाबाजार-भाटापारा	मेडिकल स्टोर्स	1	8,50,000.00
6	बलरामपुर	रेडीमेट गारमेन्ट एण्ड क्लाथ मर्चेन्ट	1	5,00,000.00
7	गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	किराना दुकान	1	4,25,170.00

प्रदेश में संचालित नर्सिंग महाविद्यालय

[चिकित्सा शिक्षा]

62. (क्र. 630) श्री सुशांत शुक्ला : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल कितने नर्सिंग कालेज कब-कब से कहाँ-कहाँ संचालित हैं ? कितने स्वयं के भवन में, कितने किराये के भवन में संचालित हैं ? किराये के भवन में संचालित नर्सिंग कालेजों हेतु राज्य शासन के क्या नियम निर्धारित हैं ? नियम की प्रति उपलब्ध करावें । **(ख)** प्रश्नांश "क" के संचालित महाविद्यालयों में नर्सिंग के कौन-कौन से पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं? इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली से कितने महाविद्यालय मान्यता प्राप्त हैं? नर्सिंग कालेजों की सीट संख्या सहित, जिलेवार सूची उपलब्ध करावें । **(ग)** क्या प्रश्नांश "क" के संचालित सभी नर्सिंग कालेज, इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं? यदि नहीं तो क्या राज्य शासन को बिना काउंसिल की मान्यता के महाविद्यालय संचालन की अनुमति प्रदान करने तथा पाठ्यक्रम निर्धारण एवं सीट वृद्धि हेतु अधिकार है? इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली से गैर मान्यता प्राप्त संचालित नर्सिंग कालेजों की जिलेवार सूची उपलब्ध करावें।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) छत्तीसगढ़ में 08 शासकीय, 123 निजी नर्सिंग

कॉलेज संचालित है इन मे से 111 स्वयं के भवन एवं 20 किराये के भवन में संचालित है। नर्सिंग कॉलेज संचालित वर्ष, स्थान एवं भवन की स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार हैं। नर्सिंग महाविद्यालयों के किराये के भवन में संचालन हेतु छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नया रायपुर के दिशा-निर्देश एवं भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली के मापदण्डों के नियम की प्रति **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के संचालित महाविद्यालयों में बी.एस.सी.नर्सिंग, एम.एस.सी.नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित हो रहे है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली द्वारा नर्सिग कॉलेजो को मान्यता प्रदान न कर उपयुक्तता जारी करती है अपितु छत्तीसगढ़ स्टेट नर्सिंग काउंसिल, रायपुर द्वारा नर्सिग कॉलेजो को मान्यता प्रदान की जाती है। नर्सिंग कॉलेजों की सीट संख्या सहित, जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''स''** अनुसार है। **(ग)** इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली नर्सिंग कॉलेजो को मान्यता नहीं, उपयुक्तता जारी करता है। प्रश्नांश ''क'' के संचालित सभी नर्सिंग महाविद्यालयो को छत्तीसगढ़ स्टेट नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त है। शेष प्रश्न उद्‌भुत नहीं होता है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आँगनबाड़ी भवन, निर्माण एवं कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद

[महिला एवं बाल विकास]

63. (क्र. 632) श्री भोलाराम साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 25/11/2024 की स्थिति में कौन-कौन से आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं एवं कहां-कहां भवन जर्जर अवस्था में हैं और किन-किन आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद रिक्त है ? आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण एवं रिक्त पदों की पूर्ति कब तक पूर्ण की जाएगी ? विकासखंडवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 25/11/2024 की स्थिति में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** एवं जर्जर अवस्था वाले भवनों की विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र नरेटीटोला-02 में 01 कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भोलापुर-01 में 01 सहायिका का पद रिक्त है। आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण एवं रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाएँ

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

64. (क्र. 634) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कहॉ-कहॉ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं? सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के चिकित्सा उपचार के लिए कौन-कौन सी सुविधाएँ एवं आधुनिक मशीनें/उपकरण आदि की व्यवस्था है? जानकारी देवें **(ख)** कण्डिका 'क' के स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्ष 2021-2022 से दिनांक 26 नवम्बर, 2024 तक किन-किन मदों से कौन-कौन सी सामग्रियॉं/उपकरण/दवाई आदि किस एजेंसी/फर्म से क्रय किये गये हैं?वर्षवार, मदवार जानकारी देवें।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स'' एवं ''द''** अनुसार है।

बालोद जिले में अल्पकुपोषित, कुपोषित एवं अतिकुपोषितों की जानकारी

[महिला एवं बाल विकास]

65. (क्र. 636) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-2022 से दिनांक 26 नवम्बर, 2024 की अवधि में बालोद जिले में अल्पकुपोषित, कुपोषित एवं अतिकुपोषित मातृ व शिशु की संख्या कितनी है एवं इनके कुपोषण नियंत्रण हेतु उक्तावधि में कितनी राशि व्यय की जा चुकी है? विकासखण्डवार, वर्षवार बतावें। **(ख)** बालोद जिले में कितने पोषण पुनर्वास केन्द्र कहॉं-कहॉं पर संचालित हैं? कण्डिका 'क' के कितने कुपोषित बच्चों को इन पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराया गया तथा इनमें से कितने कुपोषित बच्चे सुपोषित हो कर वापस आये? जानकारी देवें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश 'क' अनुसार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** बालोद जिले में कुल दो पोषण पुनर्वास केन्द्र क्रमशः बालोद एवं डौण्डी में संचालित है। इन पोषण पुनर्वास केन्द्रों में प्रश्नांश अवधि में 1227 बच्चों को भर्ती कराया गया जिनमें से 838 बच्चे सुपोषित होकर वापस आये।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

खुज्जी विधान सभा-क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

66. (क्र. 637) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2022 से 25 नवंबर 2024 तक ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत कितनी-कितनी राशि के, कौन-कौन से कार्य के कहां-कहां के लिए कार्यादेश जारी किए गए और इन कार्यों की निविदा कब-कब जारी की गई एवं टेंडर किस-किस फर्म को दिया गया, विकास खंडवार जानकारी उपलब्ध करावे? **(ख)** कंडिका "क" के स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित विकासखंडवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

जिला बलरामपुर में नवाजतन एवं कुपोषण मुक्ती योजना के तहत आवंटित एवं व्यय राशि

[महिला एवं बाल विकास]

67. (क्र. 641) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बलरामपुर में वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक महिला एवं बाल विकास विभाग को कुपोषण मुक्ति एवं नवाजतन योजना के तहत कितनी राशि का आवंटन प्राप्त हुआ था ? वर्षवार एवं योजनावार जानकारी देवें ? **(ख)** प्राप्त आवंटन राशि का कब कब,किस किस कार्य में, कितनी कितनी राशि में व्यय किया गया? **(ग)** कुपोषण मुक्ति में कितने प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश-'क' अनुसार बलरामपुर जिले में वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बलरामपुर को कुपोषण मुक्ति से संबंधित योजनाओं पर आबंटित एवं व्यय राशि का विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** उक्त अवधि में नवाजतन योजना के लिए राशि का आबंटन अथवा व्यय नहीं किया गया है। **(ख)** प्राप्त आबंटन के विरूद्ध व्यय राशि का योजनावार विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** पोषण ट्रेकर नवम्बर 2024 के अनुसार उम्र के अनुसार वजन लेने पर राज्य में कुपोषण स्तर में एक वर्ष में 2.44 प्रतिशत् की कमी आई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में आजीविका मिशन द्वारा प्राप्त राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

68. (क्र. 643) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** आजीविका मिशन विभाग द्वारा, एन. आर. एल. एम. अंतर्गत प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षो में कितनी राशि कितने कार्यो हेतु प्राप्त हुई? **(ख)** उक्त राशि में से कितने कार्य एजेंसी को कितनी राशि का भुगतान किया गया? **(ग)** क्या विभिन्न माध्यमों से मशीनरीज आदि का संचालन किया जाता है? यदि हां, तो जिले में कहां-कहां पर संचालन किया जा रहा है तथा वर्तमान में भौतिक स्थिति क्या है? **(घ)** क्या विभाग द्वारा कर्मचारियों सहित अन्य हितग्राहियों के लिए ट्रेनिंग कराई जाती है? यदि हां, तो विगत 03 वर्षो में प्रशिक्षण पर व्यय, परिक्षणार्थियों संख्या की जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विधानसभावार राशि का आबंटन नहीं किया जाता है। राज्य कार्यालय से सीधे जिले को राशि आबंटित किया जाता है। उक्त राशि विकासखण्डों से वार्षिक कार्ययोजना अनुरूप प्राप्त प्रस्तावों/देयकों अनुरूप जिले से भुगतान किया जाता है। **(ख)** उक्त राशि में से कार्य एजेंसी को किए गए भुगतान राशि का विवरण **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ग)** जी हॉ, योजना अंतर्गत विभिन्न माध्यमों से मशीनरीज आदि का संचालन किया जाता है। जिले में कहां-कहां संचालन किया जा रहा है तथा वर्तमान में भौतिक स्थिति क्या है, के संबंध में जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(घ)** जी हॉ, योजना द्वारा कर्मचारियों सहित अन्य हितग्राहियों के लिए ट्रेनिंग कराई जाती है। विगत 03 वर्षो में प्रशिक्षण पर व्यय, प्रशिक्षणार्थियों की संख्या की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-स''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण

[महिला एवं बाल विकास]

69. (क्र. 646) श्री धर्मजीत सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत दो वर्षों में कहां -कहां आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं? **(ख)** कंडिका "क" के प्राप्त आवेदनों में कितने आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हुए हैं, कितने अस्वीकृत हुए हैं एवं कितने स्वीकृति हेतु लंबित हैं, विवरण दीजिए? **(ग)** कंडिका "ख" के लंबित आंगनबाड़ी भवन कब स्वीकृत कर लिये जाऐंगे विवरण देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** कंडिका ''क'' के प्राप्त आवेदन में सभी आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने एवं उनके निष्प्रयोजन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने से भवन स्वीकृति लंबित है। विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** लंबित आंगनबाड़ी भवनो की स्वीकृति के संबंध में **निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 50 बिस्तर अस्पताल खोलने जाना

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

70. (क्र. 647) श्री धर्मजीत सिंह : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 50 बिस्तर अस्पताल खोलने हेतु प्रस्ताव शासन के पास विचाराधीन हैं? **(ख)** यदि हां, तो क्या कंडिका "क" के प्रस्ताव अनुसार 50 बिस्तर अस्पताल खोलने हेतु निर्णय तो कब तक लिया जायेगा? नहीं तो कारण सहित जानकारी दें।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) जी नहीं। **(ख)** निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

विधवा एवं बीपीएल परिवार की पुत्री को विवाह के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि

[महिला एवं बाल विकास]

71. (क्र. 654) श्री संदीप साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विधवा एवं बीपीएल परिवार की पुत्री को विवाह के लिए अनुदान राशि देने का प्रावधान है? यदि हां, तो बलौदाबाजार भाटापारा जिले में वर्ष 2023-24 से 26.11.2024 तक कितने परिवार को कितनी -कितनी राशि अनुदान के रूप मैं दी गई है? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्त योजना में कितने प्रकरण लंबित हैं, जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी नहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विधवा एवं बीपीएल परिवार की पुत्री को विवाह के लिए अनुदान राशि देने काप्रावधान नहीं है,अपितु मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत पात्र परिवार की कन्या के विवाह के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन किये जाने का प्रावधान है। सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में प्रति कन्या प्रावधानित राशि 50,000/- रूपये में से विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन पर राशि 8,000/- रूपये, वर-वधु के कपड़े एवं श्रृंगार सामग्री पर राशि 7,000/- रूपये व्यय किये जाने का एवं वधु को ड्राफ्ट/खाते में राशि 35,000/- रूपये दिये जाने का प्रावधान है। अतः विवाह के लिए अनुदान राशि दिये जाने का **प्रावधान न होने से शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंक है। (ख)** प्रश्नांश की **जानकारी निरंक है।**

आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को वितरित की जाने वाली साड़ी की जानकारी

[महिला एवं बाल विकास]

72. (क्र. 656) श्री संदीप साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-2025 में 25 नवम्बर, 2024 तक आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी प्रदाय करने केंद्र व राज्य शासन से राशि उपलब्ध कराई गयी है? यदि हाँ तो प्रति आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका हेतु कुल कितनी राशि उपलब्ध कराई गयी है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार वर्षों में साड़ी खरीदने के लिए कितनी राशि कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के खातों में जमा की गईं है या उन्हें साड़ी खरीदकर दी गईं है? यदि खरीदकर दी गयी है तो प्रत्येक वित्तीय वर्ष का क्रय आदेश कब दिया गया था? फर्म/संस्था कौन थी, फर्म के द्वारा कब साड़ी प्रदाय की गईं तथा फर्म को प्रति नग, किस दर से व कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया? **(ग)** वर्षवार बताए क्या साड़ी उसी वर्षो में क्रय न कर अगले वित्तीय वर्षों में क्रय की गयी है? यदि हाँ तो क्यों ? इस हेतु सक्षम स्वीकृति कब -कब ली गयी है तथा केंद्र सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र / क्लैम कितनी राशि का व किस दिनांक को भेजा गया? वर्षवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हां। आंगनबाड़ी सेवायें अन्तर्गत प्रति कार्यकर्ता एवं सहायिका को दो नग यूनिफॉर्म दिये जाने का प्रावधान है। केन्द्रीय अंशदान 60 प्रतिशत् एवं राज्यांश 40 प्रतिशत् के मान से यूनिफॉर्म के लिए प्रति कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए 1000-1000 के मान से प्रति वर्ष राशि उपलब्ध होती है। वर्ष 2022-23 के लिए 939.47 लाख रूपये, वर्ष 2023-24 के लिए 939.30 लाख रूपये तथा वर्ष 2024-25 के लिए 1009.07 लाख रूपये उपलब्ध है। **(ख)** यूनिफॉर्म क्रय हेतु राशि कार्यकर्ताओं को देय नहीं है। राज्य भंडार क्रय नियम के नियम 8 अनुसार संचालक ग्रामोद्योग को उनके द्वारा निर्धारित दर पर प्रदाय आदेश दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिनांक 29.03.2023 को 500 रूपये की निर्धारित सीमा में यूनिफॉर्म प्रदाय का आदेश संचालक ग्रामोद्योग को दिया गया था। दिये गये आदेश व स्वीकृति अनुसार 939.46 लाख रूपये का भुगतान किया गया। वर्ष 2023-24 में संचालक ग्रामोद्योग द्वारा यूनिफॉर्म (साड़ी) का दर उपलब्ध न कराये जाने के फलस्वरूप प्रदाय आदेश जारी नहीं किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए दरें प्राप्त हो गई है। प्रदाय आदेश हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** प्रश्नांश अवधि में जिस वर्ष के लिए राशि स्वीकृत हुई थी उसी वर्ष में प्रदाय आदेश दिया गया। अतः**शेष जानकारी निरंकहै।**

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में कार्यरत आउड सोर्सिंग कर्मचारी

[चिकित्सा शिक्षा]

73. (क्र. 659) श्री मोतीलाल साहू : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में आउड सोर्सिंग कर्मचारियों के पद अनुसार भुगतान दर की जानकारी देवे? संस्थान में कितने आउड सोर्सिंग कर्मचारियों की निविदा की गई थी और संस्थान में वर्तमान में कितने आउड सोर्सिंग कर्मचारी कार्यरत हैं? पृथक-पृथक जानकारी देवें। **(ख)** आउड सोर्सिंग कर्मचारियों को कितने अवकाश की पात्रता है एवं जो अवकाश उनके द्वारा लिया जाता है, क्या उसमें वेतन की कटौती विभाग की द्वारा की जाती है? **(ग)** यदि नहीं, तो क्या आउड सोर्सिंग एजेंसी को वेतन कटौती का अधिकार है?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) डॉ.भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के पद अनुसार भुगतान, दर कर्मचारियों की निविदा एवं वर्तमान में कार्यरत कर्मचारी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को नियमानुसार प्रतिमाह 04 साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाता है एवं साप्ताहिक अवकाश हेतु कर्मचारियों के वेतन में नियुक्तिकर्ता संस्था द्वारा कटौती नहीं की जाती है। **(ग)** आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश पर वेतन की कटौती का अधिकार एजेंसी को नही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी समारोह योजना में आवंटित बजट एवं व्यय राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

74. (क्र. 660) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी समारोह योजना वर्तमान में संचालित है या नहीं? **(ख)** यदि हां तो योजनांतर्गत वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 तक कितना बजट आबंटन किया गया एवं कितनी राशि व्यय किया गया?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) विभाग अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी समारोह योजना संचालित नहीं है। **(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मनरेगा से स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

75. (क्र. 663) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक मनरेगा से कितने कार्य स्वीकृत हैं ? स्वीकृत कार्यो में कितने पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं ? विकासखण्डवार बतावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो की मजदूरी एवं मटेरियल का भुगतान हो चुका है ? यदि नहीं, तो कितनी राशि किन कारणों से लंबित है ? मजदूरी एवं मटेरियल का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा ? **(ग)** क्या कार्यो की गुणवत्ता एवं फर्जी मस्टर रोल के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के सम्पादित कार्यों का मजदूरी एवं सामग्री भुगतान पूर्ण हो चुका है। **(ग)** उक्त कार्यो की गुणवत्ता एवं फर्जी मस्टर रोल के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियासी"]

जिला-धमतरी अन्तर्गत थानों में दर्ज एफ.आई.आर.

[गृह]

76. (क्र. 664) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** जिला धमतरी अन्तर्गत जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2023 तक सभी थानों में दर्ज एफ.आई.आर.की संख्या थानावार बतावें? **(ख)** दर्ज एफ.आई.आर. के प्रकरणों में कितनों में कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) थानावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** पंजीबद्ध सभी प्रकरणों पर कार्यवाही की गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी"]

ग्राम पंचायतों का परिसीमन प्रस्ताव तैयार किए जाने की जानकारी

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

77. (क्र. 671) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या त्रिस्तरीय पंचायतों का आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायतों का परिसीमन प्रस्ताव तैयार किया गया है? यदि हॉ तो परिसीमन के संबध में प्रशासकीय निर्णय कब और किस स्तर पर लिया गया? राज्य के किन किन ग्राम पंचायतों का परिसीमन छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के किन प्रावधानों व किन विशेष परिस्थितियों को आधार मानकर किया गया है? क्या वार्ड एवं क्षेत्र निर्धारण हेतु समय सारणी जारी की गयी है ? यदि हॉ तो किस विषय/संक्षेपिका के कार्यों का निष्पादन, किस-किस अधिकारी द्वारा कब कब किया गया? जिलेवार, ग्राम पंचायतवार परिसीमन की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हाँ, त्रिस्तरीय पंचायतों का आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायतों का परिसीमन प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रशासकीय निर्णय के अनुपालन में विभागीय अनुदेश क्रमांक 01, दिनांक 17.09.2024 एवं अनुदेश क्रमांक 03 दिनांक 09.10.2024 के द्वारा परिसीमन हेतु निर्देश जारी किए गए है। राज्य में ग्राम पंचायतों के परिसीमन से 70 नवीन पंचायतों का गठन हुआ है, गठन होने से अन्य 92 ग्राम पंचायत प्रभावित हुए थे इस प्रकार कुल 162 ग्राम पंचायत का परिसीमन हुआ है, (जिसकी सूची **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ एवं ब''** अनुसार है)। जी हाँ, वार्ड एवं क्षेत्र निर्धारण हेतु समय-सारणी जारी की गयी है। जो कि परिसीमन से प्रभावित पंचायतों की वार्ड एवं क्षेत्र का निर्धारण एवं प्रकाशन संबंधी निर्देश छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी अनुदेश क्रमांक/दिनांक - क्रमशः 1/17.09.2024, 3/09.10.2024, 5/23.10.2024, 6/23.10.2024 एवं 7/06.12.2024 के माध्यम से समस्त जिला कलेक्टर को जारी किया गया है। जिलेवार, ग्राम पंचायतवार परिसीमन की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ एवं ब''** अनुसार है।

कबीरधाम जिले में क्रय किये गये वेंटिलेटर और ऑक्सीजन जनरेशन मशीन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

78. (क्र. 675) श्रीमती भावना बोहरा : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26 नवम्बर, 2024 तक किस-किस मद से वेंटिलेटर और ऑक्सीजन जनरेशन मशीन कितनी-कितनी मात्रा में, किस-किस कंपनी से कब-कब क्रय की गई है ? विवरण बताइए । **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित ऑक्सीजन जनरेशन मशीन में से कितनी मशीन चालू हैं और कितनी मशीन बंद हैं ? वर्तमान में किस शासकीय संस्थान में इन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है ? (ग़) प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित अवधि में पीएम केयर्स से कितने वेंटीलेटर प्राप्त हुए और इनमें से वर्तमान में कितने वेंटीलेटर चालू स्थिति में हैं और कितने बंद/खराब हो चुके हैं?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : (क) कबीरधाम जिले में प्रश्नांकित अवधि में वेंटिलेटर और ऑक्सीजन जनरेशन मशीन का क्रय नहीं किया गया। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं

होता। **(ग)** पीएम केयर्स से 01 वेंटिलेटर प्राप्त हुआ है, जो वर्तमान में चालू अवस्था में हैं। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

79. (क्र. 676) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 1 जनवरी, 2024 से 30 नवंबर, 2024 तक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है ? **(ख)** कितनी सड़कें प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृति हेतु लंबित हैं एवं लंबित सड़कों की स्वीकृति कब तक प्रदान की जावेगी ? (ग) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों के मरम्मत हेतु 1 जनवरी 2024 से 30 नवंबर 2024 तक की अवधि में कितनी राशि कब-कब प्राप्त हुई है ? किन-किन सड़कों की मरम्मत कब-कब की गई ? राशिवार विवरण दीजिए । **(घ)** क्या प्रश्नांश 'ग' में उल्लेखित मरम्मत कार्यों के सम्बन्ध में क्षेत्रवासियों द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हाँ तो प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ? क्या कार्य की समुचित गुणवत्ता की जाँच की गई ? यदि हाँ तो जांच में प्राप्त दोषी कौन है ? दोषियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) 01 जनवरी 2024 से 30 नवंबर 2024 तक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम-जनमन) के तहत 26 सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है। **(ख)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रस्तावित समस्त सड़कों की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। **(ग)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत मरम्मत कार्य हेतु विधानसभावार/कार्यवार राशि प्राप्त नहीं होती बजट में एकमुश्त राशि प्रावधान किया जाता है। जिन सड़कों में मरम्मत कार्य कराया गया है, उन सड़कों में भुगतान की राशि का विवरण **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(घ)** प्रश्नांश 'ग' में उल्लेखित मरम्मत कार्यो के संबंध में क्षेत्रवासियों से कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी"]

बस्तर संभाग में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

80. (क्र. 679) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिसम्बर, 2023 से 15 नवम्बर, 2024 तक संभाग बस्तर में कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं ? जिलेवार, विकासखण्डवार, ग्राम पंचायत वार जानकारी देवें ? **(ख)** आवास स्वीकृति प्रदान करने के क्या मापदण्ड एवं नियम हैं ? प्रति आवास पर शासन द्वारा कितनी राशि प्रदान किया जाता है ? **(ग)** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कितनी-कितनी राशि प्रदान की जाती है ? क्या शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत राशि में अंतर है ? यदि हाँ तो क्यों ? **(घ)** क्या ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बराबर राशि स्वीकृत करने की शासन की कोई योजना है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **निरंक** है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब एवं स''** अनुसार है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द''** अनुसार है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रति आवास हेतु राशि रूपये 1.20 लाख तथा पी.एम. जनमन योजनांतर्गत प्रति आवास राशि रू. 2.00 लाख प्रदान किया जाता है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राहियों को अनुदान राशि रूपये 1.20 लाख प्रदान जाता है। जी हां, अनुदान राशि का निर्धारण राज्य शासन द्वारा नहीं किया जाता है, अतः कारण बताया जाना संभव नहीं है। **(घ)** जी नहीं।

जिला-सरगुजा में नि:शक्तजन हेतु सामग्री की आपूर्ति एवं वितरण

[समाज कल्याण]

81. (क्र. 682) श्री प्रबोध मिंज : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला-सरगुजा में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 26-11-2024 तक विकलांग व्यक्तियों हेतु किस एजेंसी द्वारा सामग्रियों की सप्लाई (ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, श्रवण बाधित यंत्र एवं अन्य) किस-किस दर पर, कितनी-कितनी मात्रा में की जा रही है? जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** उक्त सामग्रियों की सप्लाई के विज्ञापनों में दिए गए नियम, शर्तों एवं गारंटियों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है अथवा नहीं? **(ग)** क्या सरगुजा जिले में वर्ष 2023-24 से दिनांक 26-11-2024 तक समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई सामग्री के खराब होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हॉ, तो कितनों को उपरोक्त गारंटियों के अनुसार सामग्री को बदल कर नवीन सामग्री प्रदान की गयी है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ। नियम एवं शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है, गारंटी का उल्लेख नहीं है। **(ग)** जी हाँ। गारंटी के आधार पर कोई भी नवीन सामग्री प्रदान नहीं की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नवासी"]

विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा में रेडी टू ईट का वितरण

[महिला एवं बाल विकास]

82. (क्र. 684) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत रेडी टू इट वितरण के लिए कुल कितने समूह अनुबंधित हैं? क्या सभी समूहों के द्वारा नियमित रूप से रेडी टू इट वितरण किया जाता है ? इसके एवज में समूहों को कितना और किस दर पर भुगतान किया जाता है? क्या रेडी टू इट का निर्माण स्व-सहायता समूहों से कराये जाने की शासन की योजना हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत रेडी टू ईट वितरण के लिए कुल 20 महिला स्व सहायता समहों का अनुबंध छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा किया गया है। जी हॉ, समूहों के द्वारा नियमित रूप से रेडी टू ईट का वितरण किया जाता है। समूहों को छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा 1/- रूपये प्रति किलोग्राम की दर से परिवहन राशि एवं मानदेय के रूप में राशि 15000/-रूपये मासिक, प्रति महिला स्व सहायता समूह को भुगतान किया जाता है। जी हॉ, समूहों को रेडी टू ईट निर्माण कार्य दिये जाने पर शासन द्वारा समुचित निर्णय की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

83. (क्र. 685) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ग्राम धौराभाटा, बसंतपुर एवं घटगांव में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति प्रदान की गयी थी ? यदि हॉ, तो इन ग्रामों में कब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किये जाऐंगे, जानकारी देवें?

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : जी हां। वर्तमान में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धौराभाठा का संचालन उप स्वास्थ्य केन्द्र धौराभांठा, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर का संचालन उप स्वास्थ्य केन्द्र सरमडेगा तथा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घटगांव का संचालन उप स्वास्थ्य केन्द्र मुडागांव में किया जा रहा है।

चंद्रपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत मनरेगा से स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

